# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, 16 जून 2025 सोमवार • वर्ष : 09 • अंक : 30 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

1606 : सिक्खों के पांचवें गुरु गुरु अर्जुन देव का निधन।

1779 : स्पेन ने ब्रिटेन के खिलाफ जंग का आगाज किया।

1815 : नेपोलियन ने नीदरलैंड में लिग्नी की लड़ाई में प्रूसिया को पराजित किया।

1920 : हिन्दी फिल्मों के पार्श्वगायक और संगीतकार हेमन्त कुमार का जन्म हुआ।

2006 : नेपाल में माओवादी अंतरिम सरकार में शामिल होने पर सहमत।

2007 : सुनीता विलियम्स अंतरिक्ष में लगातार सबसे लम्बे समय तक रहने वाली महिला बनीं।

# केदारनाथ के पास हेलिकॉप्टर क्रैश, सात श्रद्धालुओं की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** केदारनाथ के पास गौरीकुंड में रविवार सुबह करीब 5:20 बजे हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। इसमें पायलट समेत सभी 7 यात्रियों की मौत हो गई है। मरने वालों में महाराष्ट्र का 2 साल का बच्चा भी शामिल है। हेलिकॉप्टर श्रद्धालुओं को लेकर केदारनाथ मंदिर से गौरीकुंड के लिए उड़ा था। शुरुआती जानकारी में खराब मौसम को हादसे की वजह बताया जा रहा है। हेलिकॉप्टर आर्यन एविएशन कंपनी का है। हेलिकॉप्टर में यूपी-महाराष्ट्र के 2-2 और उत्तराखंड, गुजरात के 1-1 यात्री थे। पायलट राजवीर सिंह चौहान जयपुर,




राजस्थान के रहने वाले थे। गौरीकुंड से एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीमों को भेजा गया है। आइजी गढ़वाल राजीव स्वरूप ने बताया कि आग में झुलसने की वजह से डेड बॉडी को आईडेंटिफाई करने में मुश्किल हो रही है। मृतकों का डीएनए टेस्ट होगा, उसके बाद ही शव परिजन को सौंपेंगे। हेलिकॉप्टर क्रैश में जान गंवाने वालों में पायलट राजवीर सिंह (जयपुर, राजस्थान), विक्रम सिंह रावत (ऊखीमठ, उत्तराखंड), विनोद देवी (उत्तर प्रदेश), तृष्टि सिंह (उत्तर प्रदेश), राजकुमार सुरेश (गुजरात), श्रद्धा राजकुमार जायसवाल (महाराष्ट्र) एवं काशी (महाराष्ट्र) शामिल हैं। इस बीच मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हेली सर्विस के संचालन को लेकर सख्त नियम बनाए जाएंगे। इसमें हेलिकॉप्टर की तकनीकी स्थिति की जांच और उड़ान से पूर्व मौसम की सटीक जानकारी लेना अनिवार्य किया जाएगा।

# बिहार में औद्योगिक विकास को मिली नई रफ्तार : नीतीश

## मुख्यमंत्री ने बिहटा में तीन प्रमुख इकाइयों का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में औद्योगिक विकास, ग्रामीण उद्यमिता और कृषि-आधारित निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना के बिहटा औद्योगिक क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने तीन प्रमुख इकाइयों आर.के. शर्ट्स यूनिट, डीवी रंजन बैग क्लस्टर और सिकंदरपुर स्थित इंटीग्रेटेड इर्रैडिएशन सेंटर का निरीक्षण किया। बिहटा स्थित आर.के. शर्ट्स यूनिट में मुख्यमंत्री ने परिधानों के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। वर्तमान में यहां 180 से अधिक युवक-युवतियां कार्यरत हैं। जल्द ही यह यूनिट 1200 कर्मियों को रोजगार देने में सक्षम होगी। मुख्यमंत्री ने महिला नेतृत्व वाले डीवी रंजन बैग क्लस्टर का भी दौरा किया



जहां कैनवास व कॉर्पोरेट गिफ्टिंग बैग्स का उत्पादन होता है। यहां 80% से अधिक कर्मचारी महिलाएं हैं, जिन्हें स्वयं सहायता समूहों एवं एनजीओ के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया है। मुख्यमंत्री ने सिकंदरपुर स्थित इंटीग्रेटेड इर्रैडिएशन सेंटर का भी निरीक्षण किया। 58.15 करोड़ की लागत से बना यह अत्याधुनिक केंद्र फल, सब्जियां, मसाले, मांस व हर्बल उत्पादों की शेल्फ-लाइफ बढ़ाने और निर्यात योग्य बनाने में सहायक है। यहां कोबाल्ट-60 विकिरण स्रोत और 4000 मीट्रिक टन के कोल्ड स्टोरेज की सुविधा है।

# पलामू में धरती आबा जन भागीदारी अभियान शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा धरती आबा जन भागीदारी अभियान आज से पलामू जिले में शुरू हुई। अभियान के पहले दिन आज उंटारी रोड प्रखंड के लुंबा सतबहिनी पंचायत एवं सतबरवा प्रखंड के रेवारातू पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत पीवीटीजी परिवारों को भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे लाभकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। साथ ही उन्हें योजनाओं को लेकर जागरूक किया गया। उंटारी रोड प्रखंड के लुंबा सतबहिनी में आयोजित शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण कुमार भगत, अंचल अधिकारी वासुदेव राय, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी अरविंद कुमार सिंह, उप प्रमुख, उप मुखिया विंध्याचल देवी, वार्ड सदस्य, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक सहित सामाजिक कार्यकर्ता सुनील शर्मा, महेंद्र नाथ शर्मा आदि उपस्थित थे। सतबरवा के रेवारातू में



आयोजित धरती आबा जनभागीदारी कैंप में जिला कल्याण पदाधिकारी सेवा राम साहू, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी कृष्ण मुरारी तिर्की, प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी राजीव रंजन, प्रखणड प्रमुख रीना देवी, मुखिया अनिता देवी, उपमुखिया किशुन सिंह ,अंचल निरीक्षक अनीष सिंह आदि उपस्थित थे। शिविर में आधार कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, सिक्ल शेल टेस्टींग, पीएम किसान सम्मन निधि, जनधन योजना, आय/जाति/आवासीय प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, केसीसी कार्ड आदि से संबंधित विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाकर संबंधित पदाधिकारी कर्मी लोगों की समस्या सुनकर उसका निदान कर रहे थे। पलामू उपायुक्त समीरा एस0 ने कहा कि अभियान से पलामू के ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले योग्य एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को गंभीरता से लोगों की समस्या सुनने एवं उसका निदान करने का निर्देश दिया है।

# गोल धनबाद के 27 छात्रों ने लहराया सफलता का परचम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** कोयलांचल में मेडिकल व इंजीनियरिंग की तैयारी को लेकर अभिभावकों एवं छात्रों के बीच विश्वसनीय एवं भरोसेमंद संस्थान गोल के छात्रों ने इस बार भी नीट 2025 में ऐतिहासिक सफलता हासिल कर संस्थान को गौरवान्वित किया एवं साबित कर दिखाया कि यदि हौसले बुलंद होने के साथ ही उचित मार्गदर्शन हो तो विषम परिस्थितियों में भी बड़ी जीत हासिल की जा सकती है। अब तक के रिजल्ट के अनुसार लगभग 27 छात्र जो संभावित सरकारी कॉलेजों के कट ऑफ क्रॉस कर नामांकन लेंगे, अपनी उपस्थिति मात्र से तैयारी करने वाले छात्रों को जोश उत्साह व भरोसा दिला गये ।विदित हो कि बहुत सारे प्रतियोगियों ने बहुत अच्छे अंक एवं रैंक से सफलता हासिल कि जिसमें श्वेता कुमारी (562), अंजली कुमारी (556), धात्री (555), जानवी (549), गौरव (544), भैया (538), स्वप्नील (532), आरजू (528), सत्यम (526), पूनम (526), शिवम (523), आस्था (519), विधि अग्रवाल (513), वैश्वी (508), कुसुम (485), बादुली (392 एस.टी.), पूनम (310 एस.टी.), कुमारी खुशबु सोरेन (290 एस.टी.) आदि शामिल



है। गोल धनबाद के केंद्र निदेशक संजय आनंद सभी उपस्थित सफल छात्रों को शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए बताते हैं कि 27 वर्षों में हमारे संस्थान ने संस्थापक व प्रबंध निदेशक बिपिन सर के दिशा-निर्देश में लगभग 18000+ डॉक्टर देश और समाज को दिए हैं जो मानवता को सेवा दे रहे हैं। धनबाद जैसे छोटे जगह से लगभग 24 वर्षों से हर वर्ष नीट में उच्चतम प्रतिशत रिजल्ट लगातार देने का सौभाग्य गोल को मिला है और यह शायद यहां के अभिभावकों और छात्रों के साथ ही पूरी गोल की टीम, शिक्षकों के साथ ही संस्थान का मार्गदर्शन, स्टडी मैटेरियल, विभिन्न टेस्ट सीरीज, पर्सनल केयर और हॉस्टल का हेल्थी कॉम्पिटेटिव माहौल की देन है।

## नशे के खिलाफ झारखंड पुलिस ने चलाया विशेष अभियान

# पांच दिन में करोड़ों की सामग्री बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में नशे के सौदागरों के खिलाफ जोरदार कार्रवाई की जा रही है। ब्राउन शुगर और अन्य मादक पदार्थों की बरामदगी का आंकड़ा मात्र पांच दिनों में ही करोड़ पार कर गया है। इसमें सबसे सराहनीय कार्य चतरा पुलिस के द्वारा किया गया है। नए पुलिस कप्तान के आने के बाद एक बड़े ड्रग्स कार्टेल को ध्वस्त किया गया है।

झारखंड में नौजवानों को नशे से दूर करने के लिए 10 जून से व्यापक अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत, पुलिस अधिकारी शहर के चौक चौराहे से लेकर स्कूल और कॉलेज तक पहुंच रहे हैं। बच्चों को नशे से कैसे दूर रहना है और नशा उनके जीवन को कैसे बर्बाद करता है यह बता रहे हैं। इस जागरुकता अभियान के बीच पुलिस ने ड्रग्स कार्टेल के खिलाफ भी बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। राजधानी रांची में डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा, चतरा



एसपी सुमित अग्रवाल, हजारीबाग एसपी अंजनी अंजन और लोहरदगा एसपी सादिक अली रिजवी ने नशे के तस्करों के खिलाफ लड़ाई छेड़ दी है। नशे के तस्करों पर सबसे ज्यादा दबिश मात्र 5 दिनों के भीतर चतरा एसपी सुमित अग्रवाल ने दी है।

11 और 12 जून को चतरा एसपी सुमित अग्रवाल ने चतरा में बेहद संगठित तरीके से चलाए जा रहे ड्रग्स कार्टेल पर करारा हमला किया। चतरा के पत्थलगड्डा थाना क्षेत्र में रेड कर 3.821 केजी अवैध ब्राउन शुगर, 2.784 केजी अवैध अफीम, 1.019 केजी सफेद पाउडर के साथ नगद पैसे बरामद की है। बरामद ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 10 करोड़ रुपए से ज्यादा है। इस कारवाई में एक महिला के साथ चार ड्रग्स पैडलर भी गिरफ्तार किए गए हैं। वही 12 जून को भी चतरा एसपी ने एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग पांच करोड़ रुपये का ब्राउन शुगर बरामद किया है। इसके साथ ही साथ भारी नगद भी बरामद किया है। हाल के दिनों में चतरा पुलिस की ड्रग्स कार्टेल के खिलाफ यह सबसे बड़ी कारवाई मानी जा रही है। चतरा एसपी सुमित अग्रवाल ने बताया कि ड्रग्स कार्टेल को नेस्तनाबूद करना उनका मुख्य उद्देश्य है।

दरअसल, पिछले एक सप्ताह के भीतर हजारीबाग, रांची और लोहरदगा में भी नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। हजारीबाग एसपी अंजनी के नेतृत्व में ड्रग्स कार्टेल के बड़े नेटवर्क का खुलासा किया गया है, जिसमें लाखों की कीमत का ड्रग्स बरामद किया गया है। वहीं लोहरदगा एसपी सादिक अली रिजवी ने शनिवार को करोड़ों का डोडा पकड़ा है। रांची में भी इस सप्ताह करोड़ों का डोडा बरामद किया गया है। वही आधा दर्जन ड्रग्स पैडलर्स भी जेल जा चुके हैं। डीआईजी चंदन कुमार सिन्हा ने कहा कि झारखंड में नशे के कारोबारियों को तबाह करना सबसे बड़ा उद्देश्य है। इसमें रांची पुलिस का प्रदर्शन बेहद उच्च कोटि का रहा है। पिछले डेढ़ सालों के दौरान राजधानी रांची में सबसे ज्यादा ड्रग्स कारोबारी सलाखों के पीछे पहुंचे हैं।

# मॉर्निंग वॉकर्स ने लिया 21 जून को योग करने का संकल्प



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी के तहत आज खेलगांव स्थित मॉर्निंग वॉकर ग्रुप्स द्वारा एक विशेष योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी एवं डीडी न्यूज, रांची के समाचार संपादक गौरव कुमार पुष्कर के समन्वय में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रातःकालीन वॉकर्स, स्थानीय नागरिकों, वरिष्ठ नागरिकों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। योगाचार्य के मार्गदर्शन में सभी प्रतिभागियों ने प्राणायाम, सूक्ष्म व्यायाम, सूर्य नमस्कार और ध्यान का अभ्यास किया। इस अवसर पर लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के योग को लेकर किए गए प्रयासों की सराहना भी की। मौके पर लोगों ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन का एक समग्र विज्ञान है जो तन, मन और आत्मा को संतुलित करता है। उन्होंने योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आग्रह भी किया। मौके पर योग की शपथ भी दिलाई गई, जिसमें सभी लोगों ने अपने दैनिक जीवन में योग को शामिल करने के साथ-साथ अपने परिवार जनों और मित्रों को भी योग करवाने की शपथ ली। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में के दौरान योगाभ्यास करने की प्रतिबद्धता जताई। यह आयोजन जन-जागरूकता के साथ ही स्वास्थ्य और मानसिक शांति को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय पहल रहा। जिसमें लोगों ने बस चढ़कर सहभागिता की।

# बिहार की ऊर्जा, दूरसंचार और पर्यटन के क्षेत्र में नई उड़ान

- केन्द्र सरकार की योजनाओं से गढ़ी विकास की नई तस्वीर
- ऊर्ज़ा मंत्रालय के तहत दो प्रमुख योजनाएं पूरी
- बिहार बना विकास का नया केंद्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में केन्द्र सरकार के सहयोग से ऊर्ज़ा, दूरसंचार, सूचना प्रौद्योगिकी और पर्यटन के क्षेत्र में विकास की एक नई लकीर खींची जा रही है। बिहार को मिले प्रधानमंत्री पैकेज से कई क्षेत्रों खासकर ऊर्ज़ा, दूरसंचार और पर्यटन में बेहद उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। इसने राज्य को एक नई दिशा दी है।

## ऊर्ज़ा मंत्रालय के तहत दो प्रमुख योजनाएं पूरी

ऊर्ज़ा मंत्रालय के तहत राज्य में दो प्रमुख योजनाएं पूरी की गईं हैं। दीन दयाल उपाध्याय ग्राम विद्युत योजना के तहत ग्रामीण विद्युतीकरण का कार्य 5856.35 करोड़ रुपये की लागत से पूरा हुआ। वहीं, इंटीग्रेटेड पावर डेवलपमेंट स्कीम के तहत नये 33/11 केवी स्टेशन, ट्रांसफॉर्मर और एचटी तारों की स्थापना पर 255 करोड़ रुपये खर्च किए गए। इसके अतिरिक्त बक्सर में 10 हजार करोड़ रुपये की लागत से थर्मल पावर प्रोजेक्ट पर काम जारी है, जो जल्द ही पूरा होने वाला है।

## डिजिटल नेटवर्क से जोड़ने की दिशा में उम्दा काम

वहीं, दूरसंचार विभाग ने बिहार को डिजिटल नेटवर्क से जोड़ने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया है। राज्य में 1000 नई मोबाइल टावर (बीटीएस) लगाए गए हैं, जिसकी लागत 250 करोड़ रुपये है। साथ ही बीएसएनएल ने राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों जैसे राजगीर, वैशाली, गया, नालंदा और पटना में 30 वाई-फाई हॉटस्पॉट शुरू किए हैं, जिन पर 15 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं।

## दो नए सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क का निर्माण

इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने डिजिटल बिहार की अवधारणा को साकार करने के लिए कई अहम कदम उठाए हैं। दरभंगा और भागलपुर में दो नए सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क और आईटी उद्यमियों और स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए छोटे इलाकों में ग्रामीण बीपीओ सेंटर की स्थापना 25.05 करोड़ रुपये की लागत से की गई। इसके अतिरिक्त मुजफ्फरपुर और बक्सर में दो एनआईईएलआईटी केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिन पर क्रमशः 9.18 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। आईआईटी पटना में मेडिकल इलेक्ट्रॉनिक इनक्यूबेटर का उन्नयन 22.10 करोड़ रुपये की लागत से किया गया जबकि पटना में ही इलेक्ट्रॉनिक्स और आईसीटी अकादमी पर 12.06 करोड़ रुपये खर्च किए गए।


FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT

DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY

GLOBAL VISION

(A Complete Solution in Professional Services)

: Regd. Office/ Head Office :

Manaitand, Near Water Tank

Dhanbad, Jharkhand- 826001

Command Office : Jagat Trade Centre, Patna

Contact No.- 9835333441, 8210823092

E-Mail : globalvision96@yahoo.in

# सरकार बनी तो बनेगा चरवाहा आयोग, बिहार चुनाव से पहले पाल समाज के बीच तेजस्वी यादव का वादा



**पटना, एजेंसी।** बिहार में इसी साल विधानसभा के चुनाव होने हैं। चुनाव से पहले विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि पाल समाज ने लालू प्रसाद को ताकत दी है। सरकार बनी तो पाल समाज का ऋण चुकाऊंगा। शनिवार को श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में बिहार राज्य पाल महासंघ की ओर से आयोजित सम्मेलन में तेजस्वी ने कहा कि पाल समाज की सुविधा के लिए चरवाहा आयोग बनेगा। इस समाज की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाई जाएगी। दुर्घटना में भेड़ों की अकाल मौत होने पर सरकारी सहायता दी जाएगी। तेजस्वी ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि वह पिछड़ों के आरक्षण की हकमारी कर रही है। 17 महीने की महागठबंधन सरकार में आरक्षण की सीमा जब 65 फीसदी की गई तो भाजपा ने साजिश कर उसे अधर में लटका दिया। अगर नौवीं अनुसूची में शामिल कर लिया जाता तो यह स्थिति उत्पन्न नहीं होती। आज बिहार में जो भी बहालियां हो रही हैं उससे बहुजन समाज वंचित हो रहा है। सरकार 15 साल पुरानी गाड़ी चलाने का लाइसेंस नहीं देती है तो बिहार की जनता 20 साल पुरानी सरकार क्यों चलाएगी। सम्मेलन की अध्यक्षता महासंघ के अध्यक्ष चंद्रमोहन पाल, संचालन राजद के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. दिनेश पाल ने किया। पूर्व मंत्री मंगनी लाल मंडल, डॉ. बिनोद पाल, प्रो. दिलीप पाल, राजेश पाल, अमरेन्द्र पाल, विनय पाल, कन्हैया पाल आदि ने अपने विचार रखे।

### बिहार के बाहर वालों को सरकारी नौकरी नहीं

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा है कि अगर बिहार में उनकी सरकार बनी तो डोमिसाइल नीति को शत प्रतिशत लागू किया जाएगा। राज्य में सरकारी नौकरियों पर सिर्फ बिहार वासियों का हक होगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं का फीस माफ होगा और एग्जाम देने के लिए सेंटर तक जाने वाले खर्च का वहन भी सरकार ही करेगी। लालू यादव के छोटे लाल ने नीतीश कुमार पर भी कड़ा प्रहार किया और बड़ा सियासी दांव भी खेल दिया। तेजस्वी यादव ने लोगों से बिहार में महागठबंधन की सरकार बनाने की अपील की। कहा कि हम सत्ता में आए तो इस बार हंड्रेड परसेंट डोमिसाइल नीति लाएंगे ताकि बाहर के लोग यहां नौकरी नहीं करें। बिहार के लोगों का बिहार की नौकरियों पर पूरा हक बने। जब बहाली निकलेगा तो फॉर्म भरने का फीस भी माफ कर दिया जाएगा। और यही नहीं परीक्षा केंद्र तक जाने और लौटने का किराया भी सरकार देगी। अभी सेंटर तक पहुंचने में काफी दिक्कत होती है और पेपर लीक हो जाने से उनका समय और पैसा दोनों बर्बाद होता है। यह जिम्मेदारी सरकार की है कि फेयर एग्जाम कराए। लेकिन इस सरकार के पास युवाओं के लिए कोई सोच ही नहीं है। इसलिए एक बार साथ दीजिए हम सब लोग मिलकर नया बिहार बनाएंगे। तेजस्वी यादव ने महागठबंधन को सपोर्ट करने की अपील की। दरअसल 2020 के विधानसभा चुनाव से बिहार में नौकरी और रोजगार बड़ा मुद्दा बन रहा है। पिछले दिनों बिहार में बड़ी संख्या में सरकारी नौकरियों का सृजन किया गया और बहाली भी हुई। इसका क्रेडिट लेने में पक्ष और विपक्ष दोनों में होड़ लगी है। आगामी चुनाव में भी नौकरी बड़ा मुद्दा है।2025 में सत्ता पर काबिज होने के लिए राजनैतिक दल सभी प्रकार का हथकंडा अपनाने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते। तेजस्वी यादव ने नीतीश कुमार पर हमला किया। कहा कि युवाओं के लिए थकी हुई सरकार कुछ नहीं कर सकती। इसे हटाना होगा। इसके लिए अभी समय है क्योंकि चुनाव आने वाला है।

## बिहार चुनाव से पहले जदयू प्रवक्ता अरविंद निषाद को बड़ी जिम्मेदारी, मछुआरा आयोग के बने अध्यक्ष

**पटना, एजेंसी।** बिहार में इसी साल विधानसभा चुनाव हैं। बिहार चुनाव से पहले जेडीयू के प्रवक्ता अरविंद निषाद को बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। जदयू प्रवक्ता अरविंद निषाद को मछुआरा आयोग का सदस्य बनाया गया है। इस संबंध में पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है। बिहार में 31 मई 2025 को मछुआरा आयोग का गठन किया गया था। इसके एक सदस्य विद्या सागर सिंह निषाद के सदस्य बनने से इनकार के बाद अरविंद को मौका दिया गया है। अरविंद निषाद इससे पहले अति पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य के रूप में कार्य कर चुके हैं। अरविंद निषाद को लेकर कहा जाता है कि नीतीश कुमार की पार्टी में वो निषाद वर्ग के बीच एक प्रभावशाली नेता हैं। दरअसल पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग की तरफ से पहले जारी की गई अधिसूचना के मुताबिक, विद्या सागर सिंह निषाद को मछुआरा आयोग का सदस्य बनाया गया था। हालांकि, बाद में विद्या सागर सिंह ने आयोग का सदस्य बनने को लेकर असमर्थता जताई थी।

## भोजपुर में किसान समेत 2 लोगों की मौत: हाइवा के नीचे दबने से गई जान

### तीन टुकड़ों में बंटी बॉडी; मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम



**भोजपुर, एजेंसी।** भोजपुर में इमादपुर थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में किसान समेत 2 लोगों की मौत हो गई। किसान की बॉडी 3 टुकड़ों में बंट गई। विरोध में परिजनों ने जमकर बवाल काटा। मुआवजे की मांग को लेकर बीच रोड पर शव रखकर जाम कर दिया। जाम की सूचना पर पीरो एसडीपीओ के.के सिंह मौके पर पहुंचे। समझा-बुझाकर लोगों को शांत कराया। मृतकों की पहचान बिहटा निवासी दूधनाथ साव( 65 ) और लाल बाबू पासवान के पुत्र अमित कुमार( 14 ) के तौर पर हुई है। घटना तरारी-बिहटा मुख्य मार्ग के धर्मपुरा गांव के पास की है। मृतक दूधनाथ के पोता उज्जवल कुमार ने बताया, दादा मवेशी चराने के लिए बधार की ओर गए थे। अमित भी साथ में था। दोनों पेड़ के नीचे बैठे थे। इस दौरान तेज रफ्तार हाइवा पेड़ से टकरा कर पलट गई। गाड़ी के नीच दबने से दोनों की मौत हो गई।

### लापरवाही से हुआ हादसा

अमित के चाचा ने बताया, मेरा भतीजा आम चुनने गया था। इस दौरान हाइवा के नीचे दब गया। छ्रष्टक्र बुलाकर शव को बाहर निकाला गया। दूधनाथ साव की बॉडी तीन टुकड़ों में बंट गई थी। हाइवा की स्पीड अधिक थी। मोड़ के पास कोई ब्रेकर भी नहीं है।

### घर में मचा कोहराम

मृतक दूधनाथ पेशे से किसान थे। तीन बेटा अरविंद, कृष्णा, मोनू और दो बेटी विजयन्ती देवी, पिंकी देवी है । जबकि अमित 6 भाई-बहनों में छठे नंबर पर था। क्लास 6वीं पढ़ता था। तीन साल पहले बीमारी से मां की मौत हो गई थी। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## संक्षिप्त समाचार

### दरभंगा पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

- देर रात सड़क पर उतरे एसएसपी
- चौक-चौराहों वाहनों की तलाशी ली गई, नियम तोड़ने पर कटा चालान



**दरभंगा, एजेंसी।** दरभंगा में पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर शनिवार देर रात सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी जलारेड्डी खुद सड़क पर उतरे। लहेरियासराय, नाका 6, खानकाह चौक, बाघ घर मोर, दिल्ली मोड़, हाइवे 27, बेंता समेत कई इलाकों में वाहनों की तलाशी ली गई। दर्जनों चालकों पर जुर्माना लगाया गया। सीट बेल्ट, हेलमेट और ड्राइविंग लाइसेंस नहीं होने पर चालान काटा गया। एसएसपी ने वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने कहा, यह अभियान लगातार चलता रहेगा। जिले में बढ़ते अपराध पर लगाम लगाने के लिए यह जरूरी है। कई आपराधिक प्रवृत्ति के लोग शहर में घूम रहे हैं। उन पर नजर रखने के लिए यह अभियान चलाया गया। जिले के सभी थानों में एक साथ वाहन चेकिंग की गई। अलग-अलग लोकेशन पर पर सभी एसडीपीओ, सिटी एसपी अशोक कुमार चौधरी, ग्रामीण एसपी आलोक और थाना प्रभारी मौजूद रहे। हर थाने में दो से तीन गाड़ियां पेट्रोलिंग के लिए बढ़ाई गई है। बिना काम के देर रात घूमने वालों से पूछताछ की जा रही है। एसएसपी ने कहा, जिले में सड़क हादसों की संख्या बढ़ी है। लोग हेलमेट पहनें। बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन न चलाएं। नाबालिग बच्चों को गाड़ी न दें। सोशल मीडिया और व्हाट्सएप के जरिए जागरूक किया जा रहा है। वाहन चेकिंग अभियान अभी जारी है। सभी स्थानों से रिपोर्ट ली जा रही है। चालकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह अभियान चलाया जा रहा है। नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई की गई।

### नीट परीक्षा में शुभम ने हासिल किया 569 अंक

- गांव के बनेंगे पहले डॉक्टर



**मधुबनी, एजेंसी।** मधुबनी के बासोपट्टी प्रखंड स्थित कौआहा गांव के शुभम कुमार झा ने नीट 2025 परीक्षा में 569 अंक प्राप्त किए हैं। वह गांव के पहले छात्र हैं जिन्होंने नीट में इतनी उच्च सफलता हासिल की है। शुभम ने 2023 में भी नीट परीक्षा पास की थी। लेकिन मनपसंद कॉलेज नहीं मिलने के कारण उन्होंने दाखिला नहीं लिया। इस बार उन्होंने कड़ी मेहनत से बेहतर अंक हासिल किए। पहले इंजीनियर बनने का सपना रखने वाले शुभम ने अपने दादा के मार्गदर्शन में मेडिकल की राह चुनी। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता मधु कुमारी और छोटे कुमार झा को दिया है। बासोपट्टी प्रखंड के पूर्व प्रमुख और शुभम के चाचा बीरेंद्र उर्फ नुनु झा ने कहा कि यह पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। शुभम की सफलता पर परिवार में जश्न का माहौल है। दादी उर्मिला देवी, नाना पुष्कर ठाकुर समेत पूरे परिवार ने मिठाई बांटकर खुशी मनाई। शुभम की यह उपलब्धि गांव के अन्य युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन गई है।




## कटिहार में 5.8 किलो गांजा बरामद : पुलिस ने महिला समेत 2 तस्कर को किया गिरफ्तार

**कटिहार, एजेंसी।** कटिहार के कुरसेला पुलिस ने एसएच-77 पर बड़ी कार्रवाई की है। डूमरिया महंत स्थान के पास से पुलिस ने दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में महिला और पुरुष शामिल हैं। दोनों के पास से 5.881 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक महिला और पुरुष बाइक से गांजा ले जा रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस पहले से ही मौके पर तैनात थी। आरोपियों ने पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की। हालांकि, पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया।

**आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज :** पकड़े गए आरोपियों की पहचान थाना टीकापट्टी अवधेश नगर निवासी वेदानन मंडल और मलेनिया निवासी बबीता देवी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों की बाइक को भी जब्त कर लिया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## फिर विवादों में तेज प्रताप, काशी में इस काम पर सख्त हुआ विश्वनाथ मंदिर प्रशासन, जांच का आदेश

**पटना /वाराणसी, एजेंसी।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी के बड़े बेटे और खुद बिहार के मंत्री रहे तेज प्रताप यादव एक बार फिर विवादों के घेरे में हैं। यह विवाद उनके द्वारा काशी विश्वनाथ धाम के प्रतिबंधित क्षेत्र में रील बनाने को लेकर खड़ा हुआ है। तेजप्रताप शुक्रवार को यहां पहुंचे थे और दर्शन के बाद उन्होंने धाम परिसर में रील बनाई थी। विवाद बढ़ने के बाद विश्वनाथ धाम के सीईओ ने इसकी जांच का आदेश दे दिया है। राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख लालू प्रसाद यादव के बड़े पुत्र तेजप्रताप शुक्रवार को अचानक धाम पहुंचे थे। उन्होंने दर्शन-पूजन के दौरान बनाया वीडियो सोशल मीडिया 'एक्स' पर अपने अकाउंट में अपलोड किया था। करीब 52 सेकंड के इस वीडियो में उनके करीब पुलिस और सीआरपीएफ के जवान भी दिख रहे हैं। इसमें तेजप्रताप को गर्भगृह के सामने खड़े होकर मंदिर के शिखर को प्रणाम करते देखा जा सकता है। वीडियो वायरल होने के बाद सीईओ विश्वभूषण ने इसका संज्ञान लिया और जांच के आदेश दिये। उन्होंने शनिवार को बताया कि काशी विश्वनाथ धाम के रेड जोन में बनाए गए वीडियो का विषय संज्ञान में आया है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा, पवित्रता और व्यवस्था बनाए रखना मंदिर प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सुरक्षा संबंधी उत्तरदायित्व का निर्वहन मंदिर प्रशासन सीआरपीएफ एवं पुलिस विभाग के सहयोग से करता है। इसलिए मंदिर प्रशासन ने सीआरपीएफ और पुलिस से जांच की अपेक्षा की है। साथ ही यह सुनिश्चित करने को कहा कि भविष्य में मंदिर परिसर में निर्धारित नियमों एवं दिशा-निर्देशों का पूर्ण पालन हो। जांच में जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ उचित कार्रवाई के लिए सम्बंधित विभाग में संस्तुति की जाएगी।

### बढ़ सकती हैं मुश्किलें



तेज प्रताप यादव को हाल ही में लालू प्रसाद यादव ने पार्टी से निष्कासित कर दिया था। इसके बाद से वह लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। काशी विश्वनाथ मंदिर के गर्भगृह और अन्य प्रतिबंधित क्षेत्रों में वीडियो बनाना नियमों के खिलाफ है। मंदिर परिसर जैसे संवेदनशील धार्मिक स्थल पर नियमों का उल्लंघन कर रील बनाना उनकी मुश्किलें बढ़ा सकता है।

## नशे में धुत नंदोसी ने महिला से की छेड़खानी



**जमुई, एजेंसी।** जमुई के गिद्धौर थाना क्षेत्र के पूर्वी कोल्हुवा गांव में महिला के साथ छेड़खानी का मामला सामने आया है। पीड़िता पूनम देवी ने अपने नंदोसी घनश्याम साह पर गंभीर आरोप लगाए हैं। 12 जून की शाम को पूनम अपने पति के साथ खेत से मूंग तोड़कर लौट रही थी। रास्ते में शराब के नशे में धुत घनश्याम साह ने पहले उनके पति पर हमला किया। उन्हें करीब 100 फीट तक घसीटते हुए घर के अंदर ले गया। वहां पूनम की दोनों ननद सविता देवी, ममता देवी और सास जनकवा देवी ने मिलकर उनके पति की पिटाई की। पूनम जब अपने पति को बचाने गई तो घनश्याम ने उन्हें जमीन पर पटक दिया। उनके शरीर के अंगों को गलत तरीके से छूने लगा। पूनम की नाइटी भी फट गई।

### नंदोसी से फोन छीनकर तोड़ा

पीड़िता ने जब मोबाइल से वीडियो बनाने की कोशिश की तो आरोपी ने फोन छीनकर तोड़ दिया। उनके गले की चेन और नाक की नथिया भी छीन ली। पीड़िता ने बताया कि घनश्याम साह जमुई के शाहपुर गांव का रहने वाला है। वह कुछ दिनों से अपने ससुराल कोल्हुआ में रह रहा है। 2023 में उसने मानसिक रूप से बीमार ससुर से धोखे से एक बीघा जमीन लिखवा ली थी। इसकी जानकारी परिवार को 2024 में हुई।

**पीड़िता के बयान पर मामला दर्ज :** घटना की सूचना 12 जून की रात को गिद्धौर थाने को दी गई। 13 जून को महिला ने लिखित आवेदन दिया। कार्रवाई नहीं होने पर वो डीएसपी से मिलने की बात कहकर वापस आ गई। इसके बाद पुलिस ने देर रात शिकायत दर्ज कर लिया। थानाध्यक्ष दीनानाथ सिंह ने बताया कि पीड़िता के बयान पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

## बेगूसराय में मंत्री अशोक चौधरी ने खुद चलाई कार

**बेगूसराय, एजेंसी।** बेगूसराय में बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी ड्राइवर की भूमिका में नजर आए। उन्होंने डीएम तुषार सिंगला को गाड़ी की अगली सीट पर बिठाकर करीब 1 किलोमीटर तक घुमाया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। मंत्री अशोक चौधरी शनिवार देर रात रतनपुर में आयोजित श्रीराम महायज्ञ में पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने ज्ञान मंच से राम कथा का श्रवण किया। इसके बाद श्रद्धालुओं को संबोधित किया। संबोधन के बाद पंडाल से बाहर निकलकर अपनी गाड़ी की ओर बढ़े। ड्राइवर को पिछले सीट पर बैठने को कहा। डीएम तुषार सिंगला को अपनी सीट पर बिठाया और खुद ड्राइविंग सीट पर बैठ गए। इसके बाद गाड़ी चलाकर यज्ञ स्थल से करीब 1 किलोमीटर तक गए।

### विश्व के कल्याण की कामना करता हूं

इससे पहले राम कथा के ज्ञान मंच से श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा, इस तरह के आयोजन से सनातन के प्रति अद्भुत भाव जागृत होता है। अंदर से प्रेरणा मिलती है। हमारा सनातन धर्म हमेशा से कहता है कि धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, प्राणियों में



सद्भावना हो, विश्व का कल्याण हो। हम तो विश्व के कल्याण की कामना करते हैं। किसी धर्म से हमारा भेदभाव नहीं है?। भगवान सूर्य किसी से भेदभाव नहीं करते हैं। पूरा ब्रह्मांड, धरती, हवा, नदी किसी से भेदभाव नहीं करता है। इसलिए हमें भी किसी से भेदभाव नहीं करना चाहिए। यह क्षेत्र सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से समृद्ध है। आने वाली पीढ़ी धर्म के प्रति सम्मान करें। राम कथा में जो सुन रहे हैं, उसे आत्मसात करें। आयोजन समिति ने अतिथियों का सम्मान अंग वस्त्र देकर किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व मेयर संजय कुमार ने किया।

**ग्रीष्मकालीन रंग कार्यशाला रंग उमंग में भाग ले रहे हैं 12 गांव के 142 बच्चे**

## बच्चों के संगीतमय कलरव से गूंज रहा निपनियां



**बेगूसराय, एजेंसी।** अब धीरे-धीरे यहां का मौसम बदलने लगा है, वातावरण सो रहा था, अब आंख मलने लगा है।, यह गीत इन दिनों निपनियां गांव की माटी पर कलरव कर रहे बच्चों से आ रही है। निपनियां स्थित केजीएम ड्रीम्स स्कूल का वातावरण बदला-बदला दिख रहा है। अहले सुबह से ही विद्यालय का परिसर संगीत की धुन पर थिरकते बच्चों से गूंज उठता है। यह बच्चे कल तक कला की विभिन्न विधाओं से अपरिचित थे, आज अपने जीवन के कई रंगों को पहचाना शुरू कर दिया है, जीवन जीने की कला सीख रहें हैं। यह प्रतिभागी बीते 3 जून से आकाश रंगारंग चौपाल एसोसिएशन बरौनी द्वारा आयोजित शंभु साह स्मृति ग्रीष्मकालीन रंग कार्यशाला रंग उमंग में भाग ले रहे हैं।

**कार्यशाला में अलग-अलग गांव से पहुंचे बच्चे :** कार्यशाला में 142 बच्चे अलग-अलग गांव से निपनियां पहुंच रहें हैं, लेकिन इन बच्चों के स्वर एक हो चुके हैं। इनकी बोली एक हो चुकी है, इनका शोर, इनका उल्लास-उमंग सब कुछ एक जैसा दिख रहा है। यह प्रयास आकाश गंगा के सदस्य कलाकार कर रहे हैं। संस्था के 30 प्रशिक्षक रोज-ब-रोज अहले सुबह से दोपहर बाद तक बच्चों को कला की विभिन्न विधाओं से अवगत करा रहे हैं। कोई नृत्य, तो कोई नाटक, कोई चित्रकला तो कोई संगीत, आप जिधर भी देखिए बच्चों की अपनी धुन है। कार्यशाला में भाग ले रही संध्या राज कहती है कि यह अवसर अब तक नहीं मिला था। कार्यशाला में लोक नृत्य सीख रही स्नेहा का कहना है कि सुदूर देहात में इस तरह से कभी भी हम बच्चों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण का अनुभव नहीं मिल पाया था। संध्या राज ने कहा कि आज हम सब प्रशिक्षित हो रहे हैं तो मन की उत्कंठा धीरे-धीरे बढ़ती जा रही है। कार्यशाला में भाग ले रही आयुषी, संस्कृति, नूतन, मुस्कान, जयश्री, राजनन्दनी, वैदिक सहित अन्य प्रतिभागी बच्चों ने कहा कि शायद जीवन में यह अद्भुत पल फिर नहीं मिल पाएगा। जहां इतने लोगों के साथ काम करने का मौका मिल रहा है।

**कार्यशाला के डायरेक्टर दे रहे विभिन्न जानकारियां :** कार्यशाला के बच्चे अब धीरे-धीरे अपनी बात रखनी शुरू कर दी है। संगीत के सारेगामा से लेकर अभिव्यक्ति के सबसे सशक्त माध्यम नाटक से भी जुड़ रहे हैं। कार्यशाला निर्देशक गणेश गौरव इन्हें खेल-खेल में कला की विभिन्न जानकारियों से लैस कर रहे हैं। संगीत प्रशिक्षक संतोष, आनन्द, बबलू, राजू, अमर ज्योति, बलिराम, गुड्डू बच्चों को स्वर लय ताल के साथ गीत भी सीखा रहे हैं। मनीष एवं अंकित ने ललित कला के माध्यम से कार्यशाला को रोचक बना दिया है। नृत्य में साक्षी, अंकित, नरेश कुमार, अनिमेश, रोहित वर्मा, राधे कुमार अपना बेस्ट दे रहे हैं। नाटक को लेकर रवि वर्मा और कार्यशाला निर्देशक गणेश कुमार स्वयं बच्चों से रूबरू हो रहे हैं। कार्यशाला में निखिल, अभिलाषा, जितेंद्र सहित अन्य प्रशिक्षक हर बच्चों के पीछे मेहनत से लगे हुए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बराबनी पुलिस ने चोरी गए 40 मोबाइल फोन उनके असली मालिकों को लौटाए

**चित्तरंजन, एजेंसी।** बराबनी थाना क्षेत्र से चोरी और गुम हुए कुल 40 एंड्रॉयड मोबाइल फोन को पुलिस ने बरामद कर असली मालिकों को लौटाया है। शनिवार दोपहर को बराबनी थाना परिसर में आयोजित एक सादे समारोह में फोन वापस किए गए। इस अवसर पर आसनसोल-दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट की एसीपी ईप्सिता दत्ता और बराबनी थाना प्रभारी दिव्येंदु मुखर्जी समेत कई पुलिस अधिकारी मौजूद थे। मोबाइल वापस पाने वाले निरंजन कोरा और नंदन रॉय ने बताया कि पिछले वर्ष दिसंबर में उनका मोबाइल फोन खो गया था। उन्होंने थाना में सामान्य डायरी दर्ज कराई थी। पुलिस की त्वरित कार्रवाई के चलते उन्हें उनका फोन वापस मिल गया। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए बराबनी पुलिस का आभार व्यक्त किया। एसीपी ईप्सिता दत्ता ने बताया कि बराबनी थाना क्षेत्र में गुमशुदा मोबाइल की कई जीडी दर्ज थीं। इन मामलों की छानबीन में साइबर सेल की मदद ली गई और फोन बरामद कर लिए गए।

### तीन दिनों में 1,344 लोग बिजली चोरी में पकड़े गए, भरना होगा 2.33 करोड़ का जुर्माना

**रांची, एजेंसी।** राज्य में बिजली की चोरी बदस्तूर जारी है। स्थिति यह है कि झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अविनाश कुमार के निर्देश पर चलाए जा रहे छापेमारी अभियान में तीन दिनों में ही 1,344 लोग बिजली चोरी पकड़े गए। 11 से 13 जून तक चलाए गए अभियान में कुल 109 टीम द्वारा 10,770 परिसर में छापेमारी की गई। इसमें 1,344 लोग बिजली चोरी करते पकड़े गए। इनके विरुद्ध 2.33 करोड़ का जुर्माना कर संबंधित थानों में प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई है। सबसे अधिक डालटनगंज में चोरी के मामले सामने आए हैं। डालटनगंज सर्किल में 136, हजारीबाग में 135 तथा रांची सर्किल में 134 घरों में लोग बिजली चोरी करते पकड़े गए हैं।

### खासमहल में बनेगा नया मेडिकल कॉलेज, अधिकारियों ने जगह का किया निरीक्षण

**जमशेदपुर, एजेंसी।** जमशेदपुर के खासमहल स्थित सदर अस्पताल के पास स्वास्थ्य विभाग द्वारा नया मेडिकल कॉलेज खोला जायेगा। खासमहल में 25 एकड़ में बनने वाले इस मेडिकल कालेज का स्थल निरीक्षण करने के लिए शनिवार को स्वास्थ्य विभाग के ज्वाइंट सेक्रेटरी ललित मोहन शुक्ला पहुंचे। उन्होंने सदर अस्पताल के पीछे मौजूद स्थान को देखा। इसके साथ ही अस्पताल परिसर में बन रहे 100 बेड का प्रीफैब्रिकेडेड अस्पताल को देखा। उन्होंने अस्पताल को जल्द से जल्द शुरू कराने का निर्देश दिया ताकि मरीजों को उसका लाभ मिल सके। इसके साथ ही सदर अस्पताल के उपर 100 बेड का वार्ड बनाना है। उन्होंने बताया कि कुल मिलाकर सदर अस्पताल को 350 बेड का करना है, ताकि मेडिकल कॉलेज खोला जा सके। इसके अलावा ब्लड बैंक, आईसीयू, डायलिसिस सेंटर, ऑक्सीजन प्लांट की सुविधा मानक के अनुसार है। ज्वाइंट सेक्रेटरी ने सदर अस्पताल में मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी लेने के साथ अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने सिविल सर्जन डॉ. साहिर पाल को कई दिशा निर्देश दिए ताकि मरीजों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके।

### भाषा के नाम पर जनता को आपस में लड़ा रही हेमंत सरकार, बीजेपी नेता ने जयराम महतो को भी घेरा

**रांची, एजेंसी।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता और पूर्व विधायक अमित मंडल ने शनिवार को प्रेस वार्ता कर कहा कि राज्य सरकार भाषा के नाम पर लोगों को लड़वाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार देना नहीं चाहती है। मंडल ने कहा कि झारखंड की मूल संस्कृति, भाषाओं और जनजातीय पहचान को खत्म करने की साजिश राज्य सरकार कर रही है। राज्य की स्थानीय भाषाओं को नजरअंदाज कर खूंटी से मुंडारी, पलामू-गढ़वा से भोजपुरी, गोड्डा से अंगिका जैसी भाषाओं को हटाया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा किसी भाषा के विरोध में नहीं है। लेकिन अंगिका, भोजपुरी और मुंडारी जैसी भाषाओं को हटाने के इस कृत्य का पार्टी विरोध करती है।

# प्रदेश में पहली बार एक साथ मिलकर काम करेंगे दो विभाग, अधिकारियों को मिला टास्क



**चाईबासा, एजेंसी।** राज्य में पहली बार वाणिज्य कर विभाग और खान एवं भूतत्व विभाग की संयुक्त टीमें राज्य की सभी कैप्टिव माइनिंग एवं अन्य खनन से संबंधित प्रमुख प्रतिष्ठानों में जाकर राजस्व संग्रहण से जुड़े विषयों का मिलान करेगी।

अलग-अलग कंपनियों के लिए दोनों विभागों के संयुक्त दलों का गठन सरकार की ओर से किया गया है। दोनों विभागों के संयुक्त पदाधिकारियों का यह दल मेसर्स दामोदर वेली कॉरपोरेशन, मेसर्स एनटीपीसी, मेसर्स सेल और मेसर्स टाटा स्टील लिमिटेड से प्राप्त होने वाले राजस्व का मिलान करेगा। इसके आलोक में संयुक्त दल पश्चिमी सिंहभूम जिले में संचालित मेसर्स सेल और मेसर्स टाटा स्टील लिमिटेड की खदानों पर में पहुंचा है।

नोवामुंडी में स्थित टाटा स्टील की विजया-2 आयरन ओर माइंस में कोल्हान अंचल के भूतत्व विभाग के उप निदेशक ज्योति शंकर सतपथी, पश्चिमी सिंहभूम जिला के जिला खनन पदाधिकारी मेघलाल टुडू, चतरा के जिला खनन पदाधिकारी मनोज टोप्पो, चाईबासा अंचल के राज्य कर सहायक आयुक्त अजय कुमार कच्छप, राज्य कर पदाधिकारी पंकज कुमार गोप शामिल हैं।

इसी तरह गुवा आयरन ओर माइंस में जांच के लिए उपनिदेशक खान गोपाल दास, जिला खनन पदाधिकारी मेघलाल टुडू, पूर्वी सिंहभूम के जिला खनन पदाधिकारी सतीश कुमार नायक, जमशेदपुर के अन्वेषण ब्यूरो के राज्य कर सहायक आयुक्त निलेश तिगगा, राज्य कर पदाधिकारी हरिनारायण भगत को जिम्मा दिया गया है।

इसी तरह सेल की चासनाला कोल माइंस में जांच के लिए उपनिदेशक खान गोपाल दास, धनबाद के उपनिदेशक खान सत्यजीत, भूतत्ववेता रितेश राज तिगगा, झरिया अंचल के राज्य कर सहायक आयुक्त मंगल उरांव व धनबाद के अन्वेषण ब्यूरो राज्य कर सहायक आयुक्त समीक कुमार को शामिल किया गया है। मेसर्स नेशन थर्मल पावर कारपोरेशन की पाकड़ी बरवाडीह कोल प्रोजेक्ट की जांच के लिए उपनिदेशक खान संजीव कुमार, हजारीबाग के जिला खनन पदाधिकारी अजीत कुमार, रामगढ़ के जिला खनन पदाधिकारी निशांत अभिषेक, हजारीबाग अंचल के राज्य कर सहायक आयुक्त नवनीत सिंह, राज्य कर पदाधिकारी फिरोज आलम को टीम में शामिल किया गया है।

वहीं, केरेनदारी कोल प्रोजेक्ट के लिए उपनिदेशक खान संजीव कुमार, हजारीबाग के जिला खनन पदाधिकारी अजीत कुमार, रामगढ़ के जिला खनन पदाधिकारी निशांत अभिषेक, हजारीबाग के राज्य कर सहायक आयुक्त विनोद कुमार मिंज व हजारीबाग अंचल के राज्य कर पदाधिकारी मो. सफीक को जिम्मेदारी दी गयी है। खान निदेशक की ओर से स्पष्ट किया गया है कि उपरोक्त गठित जांच दलों द्वारा निर्धारित खनन क्षेत्र से प्रेषित खनिजों से प्राप्त होने वाले राजस्व का मिलान करने के उद्देश्य से उक्त खनन क्षेत्र के करदाताओं अथवा एजेंसियों द्वारा किये जा रहे व्यवसाय संबंधी खनिजों की मात्रा, खनिजों का मूल्य, खनिजों के परिवहन एवं माइनिंग सपोर्ट सर्विसेज के साथ ही प्रावधानित करों से संबंधित गणना एवं अन्य बिंदुओं पर जांच करते हुए प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश खान निदेशालय की ओर से दिया गया है।

## झारखंड की इनामी सूची में अब 58 नक्सलियों के नाम शामिल

**जमशेदपुर, एजेंसी।** राज्य में नक्सल विरोधी अभियान को लेकर पुलिस मुख्यालय ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नक्सलियों की इनामी सूची से 14 नाम को हटा दिया है। अब झारखंड में सक्रिय इनामी नक्सलियों की कुल संख्या घटकर 58 रह गई है। हटाए गए नाम में कुछ आत्मसमर्पण कर चुके हैं तो कुछ मारे जा चुके हैं या लंबे समय से निष्क्रिय हैं। कोल्हान प्रमंडल में इनामी नक्सलियों की संख्या और उनपर घोषित इनाम की राशि में वृद्धि की गई है। वर्तमान में यहां पांच नक्सलियों पर 25 लाख, 11 पर 15 लाख और नौ नक्सलियों पर 10 लाख तक का इनाम घोषित है।

यह क्षेत्र लगातार पुलिस और सुरक्षा बलों के लिए चुनौती बना हुआ है। कोल्हान के प्रमुख नक्सलियों में बीरेन सिंह उर्फ सागर पर 5 लाख, बेला सरकार उर्फ पंचमी पर 15 लाख का इनाम तय किया गया है। सूत्रों के अनुसार, पुलिस मुख्यालय द्वारा इनामी सूची में संशोधन एक नियमित प्रक्रिया के तहत किया गया है, जिसमें सक्रियता, खुफिया रिपोर्ट और घटनाओं में संलिप्तता के आधार पर समीक्षा होती है। इस प्रक्रिया का उद्देश्य सुरक्षा एजेंसियों को अधिक प्रभावी रणनीति तैयार करने में मदद करना है। सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड में झारखंड पुलिस व अर्धसैनिक बल इनाम घोषित नक्सलियों की धरपकड़ के लिए लगातार अभियान चला रहे हैं।

इस सूची में शामिल नक्सलियों पर विशेष नजर रखी जा रही है। साथ ही नक्सल प्रभावित इलाकों में सघन तलाशी अभियान भी तेज कर दिए गए हैं। राज्य सरकार की मंशा है कि प्रभावी रणनीति और जन सहयोग से नक्सलवाद को जड़ से खत्म किया जाए। इनामी सूची में बदलाव इसी दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। एक करोड़ के इनामी तीन नक्सली वर्तमान में एक करोड़ के तीन नक्सली बचे हैं, जिनमें पोलित ब्यूरो मेंबर मिसिर बेसरा उर्फ भास्कर उर्फ सुनिर्मल जी उर्फ सागर, सेंट्रल कमेटी मेंबर असीम मंडल उर्फ आकाश उर्फ तिमिर और अनल दा उर्फ तूफान उर्फ पतिराम मांझी उर्फ पतिराम मरांडी उर्फ रमेश का नाम है। नक्सलियों की पत्नियों पर बढ़े इनाम नक्सलियों की पत्नियों पर इनाम की राशि बढ़ाई गई है।

## टीजीटी-पीजीटी पदनाम समाप्त कर घटा दिया वेतनमान, शिक्षकों ने किया विरोध



**रांची, एजेंसी।** राज्य के +2 हाईस्कूलों में टीजीटी और पीजीटी टीचर का पदनाम समाप्त कर माध्यमिक आचार्य के पद सृजित कर नियुक्ति की जा रही है। टीजीटी-पीजीटी से माध्यमिक आचार्य का वेतनमान भी कम है। झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ माध्यमिक आचार्य के पद पर नियुक्ति के लिए बनी नियमावली का विरोध किया है। महासचिव अमीन अहमद ने कहा कि नई नियमावली से शिक्षकों के सम्मान पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। टीजीटी शिक्षकों को पहले 4600 रुपए ग्रेड पे और 44,900 रुपए बेसिक वेतन मिलता था। वहीं जबकि पीजीटी शिक्षकों को 4800 रुपए ग्रेड पे और 47,600 रुपए बेसिक वेतन देने का प्रावधान था।

अब टीजीटी-पीजीटी की जगह माध्यमिक आचार्य की नियुक्ति की जा रही है। माध्यमिक आचार्य ग्रेड पे 4200 रुपए है। वहीं बेसिक वेतन 35,400 रुपए है। महासचिव अमीन अहमद ने बताया कि नई नियमावली के तहत एक ही शिक्षक को कक्षा 9 से 12 तक पढ़ाना होगा, जिससे शिक्षकों पर अनावश्यक कार्यभार बढ़ेगा। पहले 1वीं के 12वीं और आठवीं से 10वीं के लिए अलग शिक्षकों की नियुक्ति की जाती थी।

3712 रिक्त पदों पर शीघ्र हो नियुक्ति उर्दू शिक्षक संघ ने उर्दू सहायक शिक्षक के रिक्त 3712 पदों पर शीघ्र नियुक्ति मांग की है। कहा है कि इन पदों पर बहाली नहीं होने से एक ओर शिक्षा पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। हजारों योग्य अभ्यर्थी बेरोजगारी का सामना कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर वैकेंसी जारी होने का इंतजार कर रहे युवाओं में निराशा है।

## पर्यटन मंत्री ने किया कांवरिया पथ का निरीक्षण, कहा- 5 जुलाई तक श्रावणी मेला की तैयारी पूरी करें



**रांची, एजेंसी।** झारखंड के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने शुक्रवार को देवघर विधायक सुरेश पासवान के साथ श्रावणी मेला की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान पर्यटन मंत्री ने कांवरिया पथ रूट लाइन, बाघमारा स्थित आइएसबीटी, कोठिया स्थित टेंट सिटी, वाहन पड़ाव स्थल, सरसा व परित्राण पार्किंग स्थल का निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान मंत्री सुदिव्य ने श्रद्धालुओं के लिए मूलभूत सुविधाएं बिजली, पानी, शौचालय व बेरिकेड्स व्यवस्था बेहतर करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कांवरिया पथ का पैदल निरीक्षण कर पेयजल, स्नानागार, मोबाइल चार्जिंग, भक्तिमय मनोरंजन, स्वास्थ्य सुविधा, सूचना सह सहायता केंद्र, साफ-सफाई, रंगरोगन, शेड आदि का जायजा लिया। पर्यटन मंत्री ने पांच जुलाई तक श्रावणी मेला की सभी तैयारी पूरी करने का निर्देश दिया।

मंत्री सुदिव्य सोनू ने निरीक्षण के समय कांवरिया पथ में कई जगह गड्ढे पाये व कलवर्ट जर्जर पाया गया। उन्हें कांवरिया पथ के बीच में बिजली के पोल भी मिले। इस पर मंत्री ने इसे पूरी तरह से समतल कर गंगा की मिट्टी डालने के साथ-साथ कलवर्ट को दुरुस्त करने व बिजली पोल को किनारे शिफ्ट करने का निर्देश दिया।

इसके अलावा पर्यटन मंत्री ने खिजुरिया गेट, दर्शनियां मोड़ व क्यू कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण कर संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता को दुम्मा से खिजुरिया तक स्थायी शेड बनाने का प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। मंत्री ने टेंट सिटी व क्यू कॉम्प्लेक्स के समीप स्थायी रूप से शौचालय कॉम्प्लेक्स बनाने का निर्देश दिया है। इस मौके पर डीसी नमन प्रियेश लकड़ा, एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग, एसडीओ रवि कुमार सहित अन्य पदाधिकारी थे।

इधर, देवघर सदर अस्पताल में भी श्रावणी मेले की तैयारी शुरू हो गयी है। इसे लेकर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ प्रभात रंजन ने सभी वार्ड प्रभारी व चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि मेले के दौरान अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले किसी भी श्रद्धालु को कोई असुविधा नहीं हो। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अस्पताल में श्रद्धालुओं के इलाज के लिए विशेष रूप से 25 बेड आरक्षित रहेंगे।

## रांची में रथयात्रा मेला की तैयारियां शुरू, इन एजेंसियों को मिला टेंडर और सुरक्षा का जिम्मा



**रांची, एजेंसी।** रांची के धुर्वा स्थित जगन्नाथपुर मंदिर में आयोजित होनेवाले रथयात्रा मेला की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। इसी कड़ी में मेला की व्यवस्था और सुरक्षा के लिए शुक्रवार को जगन्नाथपुर थाना परिसर में निविदा निकाली गयी। इसमें सबसे अधिक बोली लगाने वाले 'आरएस इंटर प्राइजेज, मिदनापुर' को टेंडर दिया गया।

बताया जा रहा है कि आरएस इंटर प्राइजेज एजेंसी के संचालक राजेश चंद्रा की ओर से 51 लाख 51 हजार की बोली लगायी गयी। इस बार सात एजेंसियों ने निविदा डाली थी। जानकारी के अनुसार, इस साल पिछले साल के मुकाबले कम बोली लगी है, जो चर्चा का विषय बना हुआ है। ट्रस्ट के सदस्यों ने भी कम बोली लगाये जाने के सवाल पर कहा कम बोली क्यों लगी है, यह समझ नहीं आ रहा है।

ट्रस्ट के सदस्यों ने बताया कि इस साल हमने कंपनियों के लिए कई शर्तें रखी हैं। जैसे- छोटे-छोटे दुकानदारों से कम पैसे लेने के लिए कहा गया है। वहीं, परंपरागत उत्पाद बेचने वाले छोटे दुकानदारों और चटाई-दरी बिछाकर दुकान आदि लगाने वालों से भी कम राशि लेने के लिए कहा गया है। सदस्यों ने कहा कि कम बोली लगने का यह भी एक कारण हो सकता है। इस बार ट्रस्ट की ओर से मेले के लिए निविदा की राशि 31 लाख रुपये रखी गयी थी।

मालूम हो कि साल 2024 में एक करोड़ 92 लाख रुपये की बोली लगी थी। वहीं, वर्ष 2023 में 75 लाख रुपये की बोली लगायी गयी थी। निविदा खुलने के दौरा एलआरडीसी मुकेश कुमार, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार, अशोक नारसरिया, डॉ सुभाष तेतरवे, डॉ अनिल कुमार मिश्रा, ठाकुर सुधांशु नाथ शाहदेव सहित अन्य उपस्थित थे।

इधर, मेले में सुरक्षा की जिम्मेदारी वीएसएफ को दी गयी है। उन्होंने लाठी बल के लिए 875 रुपये प्रति व्यक्ति और बंदूकधारी के लिए 1775 रुपये प्रति व्यक्ति की दर से निविदा डाली थी। उनके अलावा दो और एजेंसियों ने भी निविदा डाली थी। मंदिर ट्रस्ट द्वारा जल्द ही निविदा की शर्त आदि के साथ दोनों एजेंसियों को कागजात सौंप दिये जायेंगे।

## 18 जून तक मानसून का प्रवेश : झारखंड में बेहतर होगी मानसून वाली बारिश



**रांची, एजेंसी।** झारखंड में भीषण गर्मी से जल्द राहत मिलने वाली है। मौसम विज्ञान केंद्र, रांची के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि मानसून 16 से 18 जून के बीच संताल परगना के रास्ते राज्य में प्रवेश करेगा। 16 जून तक इसके ओडिशा पहुंचने की संभावना है। मानसून के प्रवेश के एक-दो दिन के भीतर यह पूरे राज्य में फैल जाएगा। इस बार मानसून की स्थिति बेहतर रहने की उम्मीद है और पूरे प्रदेश में अच्छी बारिश हो सकती है।

**सितंबर तक रहेगा मानसून :** मौसम विभाग ने संकेत दिया है कि मानसून इस बार सितंबर तक राज्य में बना रह सकता है। पिछले साल मानसून ने 21 जून को झारखंड में प्रवेश किया था, लेकिन इस बार इसके पांच दिन पहले ही आने की संभावना जताई गई है। मानसून की जल्दी एंट्री से किसानों में उत्साह है और उन्होंने धान का बिचड़ा डालना और खेत तैयार करने का कार्य आरंभ कर दिया है।

**लातेहार में बारिश, मेदिनीनगर सबसे गर्म :** शुक्रवार को लातेहार में 20 मिमी बारिश दर्ज की गई। वहीं पलामू प्रमंडल का मुख्यालय मेदिनीनगर सबसे गर्म रहा, जहां का अधिकतम तापमान 40.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से एक डिग्री अधिक है। इधर, पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम के कुछ हिस्सों में शाम के समय हल्की बारिश हुई।

**35 डिग्री रहा राजधानी का पारा :** राजधानी रांची का अधिकतम तापमान शुक्रवार को 35.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.4 डिग्री कम रहा। हालांकि पिछले 24 घंटे में इसमें 1.2 डिग्री की बढ़ोतरी हुई है। जमशेदपुर में तापमान 36.5 डिग्री, बोकारो में 38.1 डिग्री, चाईबासा में 37.4 डिग्री और मेदिनीनगर में सबसे अधिक 40.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## रांची में स्कूल आने-जाने के समय अतिरिक्त जवानों की तैनाती होगी



**रांची, एजेंसी।** राजधानी रांची में जाम सबसे बड़ी समस्या है। अक्सर स्कूली बच्चों की बसें जाम में फंस जाती हैं। अब ट्रैफिक पुलिस ने इस समस्या से निपटने का प्लान तैयार कर लिया है। स्कूल बसों के आने-जाने के समय सुबह 6 से 9 बजे और दोपहर 1 से 3 बजे के लिए विशेष तैयारी की गई है। इस दौरान सड़क पर अतिरिक्त जवानों को तैनात किया जाएगा। जाम में फंसे स्कूल बसों को निकालने के लिए सिग्मा और अल्फा टीम को अलर्ट मोड पर रखा जाएगा। अधिकारी के साथ जवान बाइक पर शहर के अलग-अलग हिस्सों में तैनात रहेंगे। जाम की सूचना मिलते ही वे तत्काल पहुंचेंगे। जरूरत पड़ने पर एक टीम दूसरे टीम की मदद भी करेगी।

इसके लिए शहर को चार जोन में बांटा गया है। ट्रैफिक एसपी कैलाश करमाली ने शहर के सभी थानेदारों की जिम्मेदारी भी तय कर दी है। अगर जल्दी जाम नहीं हटा तो इसके लिए संबंधित थानेदारों को जिम्मेदार ठहराया जाएगा। सभी थानेदारों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वे अपने इलाके के वैसी जगहों को चिह्नित करें, जहां अक्सर जाम की समस्या उत्पन्न होती है। जाम हटाने के लिए वे खुद के स्तर पर प्रयास करें, ताकि लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़ा। इस संबंध में ट्रैफिक एसपी की रांची जोन के आईजी मनोज कौशिक के साथ बैठक हुई थी। इसके तत्काल बाद इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है।रांची ट्रैफिक पुलिस जल्दी ही एक नया हेल्पलाइन और वॉट्सएप नंबर जारी करेगी। शहर में कहीं भी जाम लगने पर लोग इस नंबर पर फोन कर या वॉट्सएप पर मैसेज भेजकर जानकारी दे सकेंगे। सूचना मिलते ही ट्रैफिक पुलिस का बाइक दस्ता तत्काल मौके पर पहुंचेगा और जाम हटवाएगा। इस नंबर पर अतिक्रमण संबंधी जानकारी भी दी जा सकेगी। इसके बाद रांची नगर निगम की टीम के साथ मिलकर पुलिस टीम अतिक्रमण हटाएगी।

स्कूली बसों को जाम से राहत दिलाने की शुरुआत हरमू रोड और कांके रोड से किया जाएगा। यहां सिग्मा और अल्फा टीम मौजूद रहेगी। इसके बाद मेन रोड और कचहरी-लालपुर रोड में भी इस टीम को तैनात किया जाएगा। इन दोनों टीमों के अलावा एसक्यूआरटी को भी एक्टिव रखा गया है। इसके जिम्मे पूरा शहर होगा। जहां जरूरत होगी, एसक्यूआरटी को भेजा जाएगा। ताकि जाम से लोगों को तत्काल राहत दिलाई जा सके।

बरियातू रोड, हरमू रोड और कोकर-बूटी मोड़ सहित अन्य जगहों पर अनावश्यक रोड कट को भी चिह्नित करने का काम ट्रैफिक पुलिस ने शुरू कर दिया गया है। पुलिस का मानना है कि ऐसे कट के कारण भी जाम की समस्या उत्पन्न होती है। ट्रैफिक पुलिस ने अब ऐसे कट को चिह्नित करने का काम शुरू कर दिया गया है।

## गुमला सदर अस्पताल से बच्चा चोरी, पुलिस की सक्रियता से मिली बच्ची

**गुमला, एजेंसी।** सदर अस्पताल गुमला में शुक्रवार की रात एसएनसीयू में भर्ती 14 दिन की एक बच्ची की चोरी कर ली गई. इस घटना की जानकारी के बाद सदर अस्पताल प्रबंधक के होश उड़ गए. तत्काल घटना की सूचना वरीय पदाधिकारी को दी गई. घटना की सूचना पर सिविल सर्जन नवल कुमार सदर अस्पताल पहुंचे और उन्होंने तत्काल सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया।

वहीं घटना की सूचना गुमला थाना को भी दी गई. सीसीटीवी फुटेज में महिला बच्चे को लेकर भागते दिखाई दी. जांच के क्रम में एक महिला को मुख्य गेट से अंदर आते हुए देखा गया जो नर्स के ड्रेस में थी. उसने अपने मुंह में उसने मास्क लगा रखा था. वह सीधे एसएनसीयू वार्ड पहुंची और बच्ची की मां जो सोई हुई थी उसे उठाई और पूछने लगी कि तुम्हारे बच्ची को टीका लगा है महिला ने हां में जवाब दिया इसके बाद वह बच्ची को उठाकर जाने लगी और बोली कि तुम्हारे पति को नीचे भेज देना तुम मत आना. जब 5 मिनट बाद बच्चे की मां नीचे आई तो वह महिला नहीं थी जिसके बाद वह उस महिला को खोजने लगी. उसके बाद जब उसका पति आया तो बच्चे की मां ने उसको पूरी बात बताई। जिसके बाद दोनों मिलकर अपने बच्ची को ढूंढने लगे. जब बच्ची नहीं मिली तो इसकी जानकारी अस्पताल प्रबंधक को दी गई. महिला रतनी इंदवार और पति नागो खड़िया सिसई प्रखंड के रेड़वा के रहने वाले हैं. 30 मई को बच्ची का जन्म सिसई रेफरल अस्पताल में हुआ था जिसके बाद सिसई से जच्चा बच्चा को गुमला रेफर कर दिया गया था. सदर अस्पताल में बच्ची को आईसीयू में रखा गया था. बच्ची की स्थिति में सुधार होने के बाद उसे एसएनसीयू वार्ड में रखा गया।

बच्ची को चोरी करने के बाद महिला तेजी से नीचे आई और सड़क की ओर भागी इसके बाद पहले से तैयार एक बाइक सवार की बाइक में जाकर बैठी और दोनों तेजी से फरार हो गए. बाइक का नंबरजेएच 01एफ क्यू 2072 है. सीसीटीवी कैमरा में फुटेज निकालने के बाद पुलिस शहर के सभी मुख्य मार्ग में नाकाबंदी कर दी. सदर अस्पताल पहुंचे गुमला थाना प्रभारी महेंद्र करमाली ने कहा जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा।

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 15-06-2025 21:37 Page 1



# हाइवा से कुचलकर सफाईकर्मी की मौत

- चालक मौके से फरार, लोग हुए आक्रोशित
- लोगों ने ट्रक को किया आग के हवाले



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** नगर निगम के वार्ड 46 के सफाई कर्मचारी प्रकाश दास की 18 चक्का हाईवा से कुचलकर मौत हो गई। घटना से गुस्साए लोगों ने ट्रक को आग के हवाले कर दिया और माडनपुर बाईपास पर सड़क जाम कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

गयाजी नगर निगम में कार्यरत वार्ड सफाई कर्मचारी की रविवार को दर्दनाक सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा माडनपुर बाईपास के पास उस समय हुआ जब प्रकाश दास नामक सफाई कर्मचारी हाईवा ट्रक की चपेट में आ गए। ट्रक का पिछला चक्का उनके सिर के ऊपर से गुजर गया, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना इतनी भयावह थी कि राहगीर और स्थानीय लोग स्तब्ध रह गए।

जैसे ही शव की पहचान हुई, स्थानीय लोगों का गुस्सा भड़क उठा। भीड़ ने उस हाईवा ट्रक को पकड़कर माडनपुर में पूर्व मेयर के घर के पास रोक लिया और उसमें आग लगा दी। चालक मौके से फरार हो गया।

हादसे के कारण माडनपुर बाईपास मार्ग पर भारी जाम लग गया। सूचना मिलने पर गया नगर निगम प्रशासन और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया। वहीं फायर ब्रिगेड की टीम ने पहुंचकर जलते ट्रक पर काबू पाया।

मृतक की पहचान वार्ड 46 में कार्यरत प्रकाश दास के रूप में हुई है, जो माडनपुर मोहल्ले के डाक स्थान के पास रहते थे। करीब एक महीने पहले ही उनका स्थानांतरण इस वार्ड में हुआ था।

वार्ड 46 के पार्षद प्रतिनिधि साकेत कुमार उर्फ भगत ने हादसे को अत्यंत दुखद बताते हुए कहा कि प्रकाश दास एक कर्मठ कर्मचारी थे। उन्होंने नगर आयुक्त से मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने और हाईवा चालक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# कई जिलों में चलता रहा धूप-छांव का खेल

## पटना में रही उमस भरी गर्मी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार के कई जिलों में गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। रविवार दोपहर रोहतास और इसके आसपास के इलाके झमाझम बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दिलाई। पिछले 24 घंटे में किशनगंज में बारिश हुई है। पूर्णिया, मुजफ्फरपुर, अररिया समेत कई जिलों में सुबह से ही धूप छांव का खेल जारी है। इधर, पटना में उमस भरी गर्मी से लोग परेशान हैं। मौसम विभाग ने रविवार को पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, शिवहर, मुजफ्फरपुर, वैशाली, दरभंगा, मधुबनी, सुपौल, गोपालगंज, सीवान, अररिया, पूर्णिया, किशनगंज, कटिहार, गया, रोहतास में तेज हवा के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों के लोगों से मौसम विभाग ने सावधान रहने की अपील की है।

पटना मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के अनुसार, आने वाले चार से पांच दिना में दक्षिण-पश्चिम मानसून के प्रवेश के लिए परिस्थितियां अनुकूल बन रही हैं। मानसून के आगमन के दौरान वातावरण में बढ़ी हुई नमी, निम्न स्तर पर पूर्वी और पश्चिमी हवाओं का मिश्रण और तापमान का उच्च स्तर के कारण तीव्र मेघगर्जन, वज्रपात और आंधी के आसार हैं।

इधर, शाहाबाद इलाके में रहने वाले लोग गर्मी से परेशान हैं। उन्हें आज भी गर्मी से राहत नहीं मिलने वाली है। मौसम विभाग ने रविवार को भोजपुर, अरवल, औरंगाबाद, कैमूर और बक्सर में भीषण गर्मी का अलर्ट जारी किया है। इन इलाके में रहने वाले लोगों ने मौसम विभाग ने सावधान रहने की अपील की है। कहा कि 17 से 20 जून 2025 तक राज्य में अत्यधिक गर्मी और लू की स्थिति की चेतावनी जारी की है।

# कोचिंग से लौट रही छात्रा के साथ छेड़छाड़

## छात्रा को दांत काट किया जख्मी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के करताहा थाना क्षेत्र में दो बहनों के साथ एक मनचले युवक ने छेड़छाड़ और मारपीट की शर्मनाक घटना को अंजाम दिया। जानकारी के मुताबिक, दोनों बहनें कोचिंग से पढ़ाई कर लौट रही थीं, तभी रास्ते में गांव के ही दो युवकों ने उन्हें जबरन रोक लिया। आरोप है कि अशोक पासवान उर्फ पियरका और दिलीप पासवान उर्फ मंजू पासवान, जो धाना पासवान के पुत्र हैं, ने अपने दरवाजे के पास दोनों बहनों को रोककर पहले छेड़छाड़ की कोशिश की। जब लड़कियों ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान एक बहन को दांत से काटकर घायल भी कर दिया गया।

चीख-पुकार सुनकर जब आसपास के लोग घटनास्थल की ओर दौड़े, तो आरोपी मौके से भाग निकले। बाद में दोनों बहनें किसी तरह घर पहुंचीं और पूरी बात अपने पिता को बताई। पिता ने तुरंत डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने पीड़ित परिवार को थाने में लिखित आवेदन देने की सलाह दी। इसके बाद पीड़ित लड़की ने करताहा थाने में आवेदन दिया, जिस पर कार्रवाई करते हुए थाना अध्यक्ष कुणाल कुमार आजाद ने एफआईआर दर्ज कर ली है। उन्होंने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है और पुलिस पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है।

# पति से विवाद के बाद आर्केस्ट्रा डांसर ने की आत्महत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** शहर के महुआ शहीद मुहल्ले में रविवार को एक ऑर्केस्ट्रा डांसर ने घरेलू विवाद के बाद आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान रोहतास जिले के डेहरी निवासी ऑर्केस्ट्रा संचालक दर्पण पासवान की पत्नी नेहा सिंह (29 वर्ष) के रूप में की गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया है और मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार, नेहा शनिवार की रात झारखंड के पलामू जिले के हरिहरगंज में एक ऑर्केस्ट्रा कार्यक्रम में डांस करने के बाद अहले सुबह अपने किराए के मकान पर लौटी थीं।

घर लौटते ही उन्होंने पति दर्पण पासवान को कॉल किया, जिसके दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। बात इतनी बढ़ी कि नेहा ने कॉल काट दिया और थोड़ी ही देर में पंखे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

नेहा का 10 साल का बेटा शिवांश भी उसी फ्लैट में मौजूद था। उसने बताया कि मां ने सुसाइड करने की बात की थी लेकिन बेटे के समझाने पर मान गई थी। इसके बाद वह अपने कमरे में चली गई और मोबाइल पर कुछ देखने लगी। जब पति दर्पण ने बार-बार कॉल किया और जवाब नहीं मिला, तो उसने वहीं रहने वाली दूसरी डांसर रोशनी को कॉल कर नेहा को देखने को कहा। रोशनी जब कमरे में पहुंची, तो नेहा फंदे से लटकी मिली।

दूसरी डांसर रोशनी ने बताया कि नेहा की दर्पण से दूसरी शादी थी।



दिल्ली निवासी नेहा ने 6 साल पहले अपने पहले पति को छोड़ दर्पण से शादी की थी और अपने बेटे के साथ बिहार आ गई थीं। दर्पण ने नेहा के नाम से 'नेहा एंटरटेनमेंट ग्रुप' नामक ऑर्केस्ट्रा शुरू किया था। बुकिंग के सिलसिले में दर्पण के अन्य डांसरों से बातचीत को लेकर नेहा अक्सर उन पर शक करती थीं। इस कारण दोनों के बीच झगड़े और मारपीट की घटनाएं होती थीं।

औरंगाबाद नगर थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार ने बताया कि मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस ने नेहा का मोबाइल जब्त कर लिया है और उम्मीद जताई है कि इससे आत्महत्या के कारणों का खुलासा हो सकता है। फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

## बढ़ सकती है लालू प्रसाद की मुश्किलें

**पटना।** आंबेडकर के अपमान प्रकरण में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद को बिहार राज्य अनुसूचित जाति आयोग ने नोटिस भेजकर 15 दिनों के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है। आयोग ने पूछा है कि क्यों नहीं उनके विरुद्ध एससी-एसटी एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कराया जाए। यह नोटिस आयोग के उपाध्यक्ष देवेंद्र कुमार ने भेजा है, जिस पर तिथि 13 जून, 2025 अंकित है। नोटिस में लिखा है कि आपने अपनी जन्मतिथि पर संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ. भीम राव आंबेडकर के फोटो का अपमान किया है, जो इंटरनेट मीडिया पर लगातार देखा जा रहा है। ज्ञात हो आंबेडकर के अपमान से वर्ग विशेष नहीं, पूरे देश के सम्मान को ठेस पहुंची है। अतः 15 दिन के अंदर स्पष्टीकरण दें और बताएं कि क्यों नहीं आप पर अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया जाए। उल्लेखनीय है कि लालू की जन्मतिथि से संबंधित एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित है। उसमें एक कार्यकर्ता उन्हें उपहार के रूप में आंबेडकर की तस्वीर दे रहा है। वीडियो में दिख रहा कि उस तस्वीर को नीचे रखकर फोटो लिया जा रहा है।

# मेला देखकर लौट रहे नवदंपति को स्कार्पियो ने मारी ठोकर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सुपौल।** जिले के त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र में एनएच 327ई पर लक्ष्मिनिया टोल प्लाजा के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में नवविवाहित दंपति की मौत हो गई। मृतकों की पहचान अररिया जिले के भरगामा थाना क्षेत्र अंतर्गत महथावा गांव निवासी 22 वर्षीय मो. आसिफ और उनकी 20 वर्षीय पत्नी आबिदा खातून के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, दोनों त्रिवेणीगंज प्रखंड मुख्यालय में आयोजित रामनवमी मेले में शामिल होने आए थे और रात को बाइक से लौट रहे थे, तभी तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उनकी बाइक को सीधी टक्कर मार दी।

हादसे में मो. आसिफ की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी आबिदा गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय लोगों ने परिजनों को सूचना दी और घायल महिला को त्रिवेणीगंज अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया। लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि आबिदा तीन महीने की गर्भवती थीं, जिससे इस हादसे ने एक अजन्मे शिशु की भी जान ले ली।

ग्रामीणों के अनुसार, मो. आसिफ अपने पिता मो. हसामुल का इकलौता पुत्र था और उसकी शादी चार महीने पहले ही गांव की लड़की आबिदा खातून से हुई थी। हाल ही में परिवार को पता चला था कि आबिदा गर्भवती है और सभी घर में नए मेहमान के स्वागत की तैयारियों में लगे थे। इस हादसे ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। महथावा गांव में मातम पसरा हुआ है और परिजन रो-रो कर बेहाल हैं।

हादसे के बाद स्कॉर्पियो चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि आरोपी चालक को जल्द गिरफ्तार कर पीड़ित परिवार को न्याय और मुआवजा दिया जाए। त्रिवेणीगंज थानाध्यक्ष रामसेवक रावत ने बताया कि पुलिस जांच कर रही है।

# अररिया में प्रवास के दौरान उद्योग मंत्री का हुआ जोरदार स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** अररिया प्रवास के दौरान बिहार सरकार के उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा एवं बियाडा के पदाधिकारियों का आरआईटीएम फारबिसगंज में पदार्पण हुआ ।इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य अकाशराज ,भाजपा जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण झा ,सादअहमद बबलू ,राजा मिश्रा, आशिष पटेल, मुखिया आदिल हुसैन आदि उपस्थित थे।

इस अवसर पर मंत्री को आरआइटीएम फारबिसगंज में मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल के निदेशक डॉ संजय प्रधान ने बुके, किताब व स्वामी विवेकानंद के तैलचित्र भेट किया । तत्पश्चात वहा उपस्थित सभी आगत अतिथियों को भी बुके व किताब भेट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मंत्री ने आरआइटीएम के चलाए जा रहे विभिन्न रोजगार परक कोर्स की जानकारी ली तथा बनाए जा रहे भवन निर्माण का जायजा भी लिया।



इस अवसर पर आरआइटीएम निदेशक डॉ अजीताभ सिंह प्राचार्य डॉक्टर राशिद हुसैन, महाकांत, शहबाज ,अरुण सिंह राजेश गुप्ता , सुमन,श्याम देव मंडल आदि उपस्थित थे। जैसा कि बता दे की इस संस्था की स्थापना संस्था के अध्यक्ष महावीर प्रसाद रंऊगटा ने इस सोच से की है कि सीमांचल एवं कोसी के छेत्र के छात्र छात्राओं को उच्च शिक्षा और रोजगार परख शिक्षा के पठान पाठन हेतू बिहार से बाहर न जाना पड़े। गरीब मेधावी छात्रों के लिए यह संस्था आगे चलकर मील का पत्थर साबित होगा।

# पटरी में फंसी कार, ट्रेन के ड्राइवर ने लगायी ब्रेक

**जहानाबाद।** पटना गया रेलखंड पर सेवनन हाल्ट के समीप रविवार को अवैध रेलवे क्रॉसिंग पर कार फंसने के कारण पैसेंजर ट्रेन दुर्घटनाग्रस्त होने से बाल-बाल बची ।जहानाबाद स्टेशन मास्टर ने बताया कि पटना गया जाने वाली ट्रेन मेमू पैसेंजर डाउन ट्रेन नंबर 62243 के चालक ने बताया कि आठ बजकर 42 मिनट में सेवनन हाल्ट अवैध रेलवे क्रॉसिंग पर एक कार पार हो रहा था ।ट्रेन चालक को कार पर नजर पड़ी तो उन्होंने ट्रेन का इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक दिया। किसी तरह के जान माल के नुकसान नहीं हुआ। ट्रेन की टक्कर से कार गड्ढे में जा गिरी। उस पर सवार लोग भी बाल-बाल बच गए। सूचना पर आरपीएफ की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, तब तक चालक कार लेकर भाग निकला था। कुछ देर बाद डाउन लाइन को सुचारू रूप से चालू कराया गया। लाइन चालू कराने में रेल प्रशासन को करीब 13 मिनट का समय लग गया। इस बीच भीषण गर्मी में यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस को ग्रामीण द्वारा कार का फोटो उपलब्ध कराया गया है, जिसके आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है। गौर हो कि गत दिनों भी कड़ौना हाल्ट के पास बीच पटरी में एक सीमेंट लोड ट्रैक्टर फंस जाने के कारण इंटरसिटी एक्सप्रेस को इमरजेंसी ब्रेक लगाकर रोकना पड़ा था। इस घटना में भी ट्रेन दुर्घटनाग्रस्त होने से बाल-बाल बची थी। पुलिस के पहुंचने से पहले चालक ट्रैक्टर का इंजन लेकर फरार हो गया था, ट्रॉली को पुलिस ने जब्त किया था। पीजी लाइन पर प्रत्येक चार से पांच किलोमीटर पर एक अवैध रेलवे क्रासिंग है, जिस कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं। पटना-गया के बीच ट्रेन की दूरी 92 किलोमीटर है। इस रेलखंड पर अवैध क्रासिंग की संख्या करीब 25 है। अवैध क्रासिंग को रेलवे द्वारा बंद भी किया जाता रहा है, किंतु ग्रामीणों के आक्रोश बाद पुनः अवैध क्रासिंग खोल दिया जाता है।

# 11 वर्षों बाद एयर इंडिया के यात्री को मिला न्याय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** एअर इंडिया के विरुद्ध 11 वर्ष पुराने इस मामले में निर्णय अब आया है। मामला कनेक्टिंग फ्लाइट से संबंधित है, जिसमें यात्रा के दौरान व्यवधान हुआ। परेशान हुए यात्री अमलेंदु मिश्रा ने पटना जिला उपभोक्ता आयोग में शिकायत की। एअर इंडिया ने बचाव में दलीलें दीं, लेकिन आयोग ने नागरिक विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के नियमों के हवाले से अमलेंदु के पक्ष में निर्णय सुनाया है। अब एअर इंडिया को मुआवजा देना होगा।

अमलेंदु ने चंडीगढ़ से पटना के लिए एअर इंडिया से टिकट की बुकिंग कराई थी। दिल्ली में उड़ान बदलनी थी। चंडीगढ़ से जब उनका विमान दिल्ली पहुंचा तब तक पटना के लिए कनेक्टिंग विमान उड़ान भर चुका था। 14 जुलाई, 2014 को एअर इंडिया ने उन्हें दूसरा बोर्डिंग पास दिया। सीट फुल होने का हवाला देकर ट्रिप मैनेजर ने उन्हें वैकल्पिक विमान में चढ़ने नहीं दिया। दूसरे दिन के लिए दोबारा बोर्डिंग पास जारी हुआ और एअर इंडिया ने उन्हें अपने खर्च से होटल में ठहराया। इस तरह अमलेंदु दूसरे दिन पटना पहुंचे। लगभग आठ माह बाद 04 मार्च, 2005 को सेवा में कमी का आरोप लगाते हुए वे एअर इंडिया के विरुद्ध जिला उपभोक्ता आयोग पहुंचे। एअर इंडिया ने यात्रा में व्यवधान के दौरान अमलेंदु को आवास-भोजन की निःशुल्क व्यवस्था का हवाला दिया और सेवा में कमी से इनकार किया।

हालांकि, आयोग के अध्यक्ष प्रेम रंजन मिश्रा और सदस्य रजनीश कुमार ने इसे अंतिम सत्य नहीं माना। मुआवजा से संबंधित डीजीसीए नियमों के आधार पर विद्वान निर्णयकताओं ने एअर इंडिया को टिकट की मूल राशि का 200 प्रतिशत धन वापस करने का निर्देश दिया।

अगर यह राशि विमान ईंधन शुल्क (अधिकतम 10 हजार रुपये) से अधिक होती है तो फिर 10 हजार रुपये देय होंगे। इस राशि पर यात्रा की तिथि से भुगतान की तिथि तक 12 प्रतिशत की दर से ब्याज भी देना होगा। इसके अलावा बतौर मुआवजा 50 हजार और कानूनी खर्च के एवज में 10 हजार रुपये अतिरिक्त देने होंगे।

डीजीसीए के नियमानुसार, ओवरबुकिंग की अनुमति है और इस कारण बोर्डिंग से इंकार किया जा सकता है। इसके बावजूद मुआवजा का भी नियम है।

अगर एयरलाइंस निर्धारित समय के भीतर वैकल्पिक उड़ान की व्यवस्था करने में विफल रहती है। निर्धारित प्रस्थान समय से एक घंटा अधिक की देरी होने पर यात्री मुआवजे का हकदार बन जाता है।

# प्रखंड प्रमुख पर धोखाधड़ी की प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** प्रखंड प्रमुख निहारिका नूतन पर स्थानीय थाने में अमानत में ख्यानत का एक मामला दर्ज किया गया है। प्राथमिकी उनके चचेरे भाई और थाना क्षेत्र के सोनखर निवासी प्रदीप पांडेय के पुत्र गौरव कुमार पांडेय ने दर्ज कराई है।

थाने को दिए आवेदन में गौरव कुमार ने बताया कि वह शिक्षित बेरोजगार युवक है। कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र खोलने के लिए 40 कंप्यूटर सेट दिल्ली से असेंबल करवाकर लाया था। अपने घर सोनखर में सभी सेट रखा था। दो दिनों के लिए बेतिया चला गया।

इसी क्रम में मेरी चचेरी बहन व रामनगर के प्रखंड प्रमुख निहारिका नूतन जो नवगांवा निवासी है। मेरे घर पर पहुंची और मेरे पिताजी से बोली कि कंप्यूटर सेंटर के लिए रामनगर में जगह चयनित कर ली हूं ।27 कंप्यूटर सेट लगाया जाएगा। वह बोली कि गौरव से मेरी बात हुई है। वह किसी काम में व्यस्त है और 27 कंप्यूटर तीन खेप में अपने कार से घर से उठाकर अपने साथ ले गई। दूसरे दिन जब मैं वापस आया तो, इस घटना का विवरण मेरे पिताजी के द्वारा बताया गया। तब, मैंने निहारिका नूतन को फोन किया और बोला कि कंप्यूटर देने के लिए मैंने तो नहीं बोला था। मेरे नाम का इस्तेमाल कर धोखे से कंप्यूटर उठाकर आप क्यों लेकर गई है।

तो वह बोली कि कंप्यूटर के राशि का भुगतान एक सप्ताह में कर दिया जाएगा। पर, काफी दिन हो गया है। मेरी तीन लाख की राशि का भुगतान आज तक नहीं किया गया। पैसा मांगने पर अब जान से मारने की धमकी दे रही है।

जालसाजी पूर्वक मेरे घर से धोखाधड़ी कर कंप्यूटर अपने साथ लेकर गई हैं। प्रभारी थानाध्यक्ष सतीश कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

# फ्लाईओवर के उद्घाटन के पहले बढ़ा सियासी पारा

## नामकरण पर मचा सियासी घमासान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में ट्रैफिक सुगम बनाने के लिए बनाए जा रहे फ्लाईओवर न केवल यातायात की रफ्तार बढ़ा रहे हैं, बल्कि सियासी सरगर्मी का केंद्र भी बन गए हैं।

सिरमटोली फ्लाईओवर के नामकरण को लेकर कार्तिक उरांव के नाम पर फैसले ने पहले ही विवाद खड़ा किया था।

अब रातू रोड फ्लाईओवर के उद्घाटन से पहले सत्तारूढ़ गठबंधन की शिबू सोरेन के नाम पर नामकरण की मांग ने सियासी तकरार को और गर्म कर दिया है।

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के 19 जून को प्रस्तावित उद्घाटन से पहले यह मुद्दा झारखंड की राजनीति में नया रंग ला रहा है।



सिरमटोली चौक से मेकॉन गोलचक्कर तक बने 2.34 किलोमीटर लंबे चार लेन फ्लाईओवर का उद्घाटन बीते छह जून को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया। 356 करोड़ रुपये की लागत से बने इस फ्लाईओवर का नामकरण स्वतंत्रता सेनानी और पूर्व केंद्रीय मंत्री कार्तिक उरांव के नाम पर किया गया।

इसपर विवाद पैदा करने की कोशिश हुई। सिरमटोली फ्लाईओवर के रैंप का विरोध कर रहीं पूर्वमंत्री गीताश्री उरांव स्वर्गीय कार्तिक उरांव की पुत्री हैं। गीताश्री ने सिरमटोली सरना स्थल के पास रैंप निर्माण को आदिवासियों की आस्था के खिलाफ बताते हुए इसे हटाने की मांग की थी।

आदिवासी संगठनों ने भी इस रैंप को लेकर व्यापक विरोध प्रदर्शन किया, जिसमें चार जून को झारखंड बंद और पुतला दहन जैसे कदम शामिल थे। सत्तारूढ़ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व वित्तमंत्री रामेश्वर उरांव ने भी रैंप निर्माण का विरोध किया, जिससे असहज स्थिति बन गई। गीताश्री ने फ्लाईओवर का नाम उनके पिता के नाम पर रखे जाने को राजनीतिक चाल करार देते हुए कहा कि इससे आदिवासी समुदाय की पीड़ा कम नहीं होगी।

अब रातू रोड पर चार किलोमीटर लंबे एलिवेटेड फ्लाईओवर के उद्घाटन से पहले सत्तारूढ़ झामुमो-कांग्रेस गठबंधन ने नया दांव खेला है। 291 करोड़ रुपये की लागत से बने इस फ्लाईओवर का उद्घाटन 19 जून को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी करने वाले हैं।

लेकिन उद्घाटन से पहले झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद पांडेय और कांग्रेस विधायक दल के उपनेता राजेश कच्छप ने फ्लाईओवर का नाम झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक संरक्षक शिबू सोरेन के नाम पर करने की मांग उठाई है। झामुमो और कांग्रेस का तर्क है कि शिबू सोरेन ने झारखंड राज्य के निर्माण में ऐतिहासिक योगदान दिया, और उनके नाम पर फ्लाईओवर का नामकरण राज्य की जनता के लिए सम्मान की बात होगी। इस मांग को लेकर सत्तारूढ़ गठबंधन ने भाजपा को घेरने की रणनीति अपनाई है, जिसका अभी तक कोई आधिकारिक जवाब नहीं आया।

# बालू स्टाक की ड्रोन से हो रही मापी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** भोजपुर जिले में रविवार की मध्य रात्रि से चार माह के लिए सोन नदी से बालू खनन बंद हो जाएगा। ऐसा नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के आदेश पर प्रत्येक वर्ष होता है।

आगामी महीनों में वर्षा के कारण नदियों के बढ़ने वाले जलस्तर को देखते हुए किसी भी आपदा से बचने के लिए प्रत्येक वर्ष इस अवधि में 16 जून से लेकर 15 अक्टूबर तक बालू खनन बंद रहता है। इस नियम के बाद जिले में चल रहे 38 बालू घाटों से बालू निकालने का कार्य बंद हो जाएगा।

दूसरी तरफ एहतियात के तौर पर खनन विभाग बालू घाटों पर आने जाने वाले रास्तों की मिट्टी कटाई करते हुए क्लोज कर देगा, ताकि किसी भी प्रकार से अवैध खनन लोग नहीं कर सके।

बालू खनन बंद होने के कारण इस अवधि में किसी भी प्रकार की बालू संकट ना हो इसके लिए खनन विभाग ने विशेष व्यवस्था की है।

एक तरफ जहां चल रहे 38 बालू घाटों के सामने 38 बालू ठेकेदारों को बालू बेचने का लाइसेंस दिया है वहीं दूसरी तरफ 52 अन्य स्थानों पर भी बालू की बड़े पैमाने पर भंडारण की गई है। खनन विभाग ने इसके पहले जिले के संबंधित सभी विभागों से जिसके यहां बालू की खपत ज्यादा है, बालू की रिपोर्ट ले चुका है। उसके अनुसार सभी के लिए बालू की भी व्यवस्था कर दी गई है। वहीं जिले के साथ-साथ राज्य के अन्य जिलों और उत्तर प्रदेश में बालू की भारी डिमांड को देखते हुए इस बार बालू का स्टॉक ज्यादा जमा किया गया है। जिले के सभी बालू स्टाक की ड्रोन से मापी हो रही है, ताकि यह पता किया जा सके की कितने एरिया में और कितनी मात्रा में बालू का स्टाक किया गया है। पिछले वर्ष जिले में 90 लाख एमटी से ज्यादा बालू का स्टॉक किया गया था। इस बार लगभग 1.20 लाख एमटी बालू स्टाक की गई है।

CMYK

# भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था : जीतन राम मांझी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बांका में रविवार को हम (से.) के राष्ट्रीय परिषद की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर लालू प्रसाद जी द्वारा बाबा साहब के तैल चित्र के अपमान की निंदा की गई एवं माफी की मांग की गई। लालू प्रसाद सहित राजद अविलम्ब दलित समाज व देश से सार्वजनिक रूप से माफ़ी मांगें। अधिवेशन में यह भी निर्णय लिया गया कि अगर वे माफी नहीं मांगते है तो उनके खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ी जायेगी। राष्ट्रीय परिषद की बैठक में पर्यवेक्षक व सह पर्यवेक्षक की देखरेख में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सहित राष्ट्रीय कार्यकारिणी के निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी कर अधिवेशन में उनके नामों की घोषणा की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संतोष कुमार सुमन, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव राजेश पाण्डेय, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष कमता ऋकियासन के नामों को सर्वसम्मति पारित किया गया। राष्ट्रीय परिषद की बैठक में निर्णय लिया गया कि हर जिले में 5 प्रवक्ता होंगे, जिसमें एक महिला, एक दलित और एक अतिपिछड़ी जाति से अनिवार्य रूप से रहेंगे। अनुसूचित बस्तियों एवं टोलों में विशेष अभियान के तहत अलग से कैम्प लगाकर वोटर बनाने का काम किया जाएगा। राष्ट्रीय परिषद की बैठक में पार्टी के संरक्षक और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि अनुसूचित जातियों और महादलितों को आज भी उनकी जनसंख्या के अनुपात में भागीदारी नहीं मिल पा रही है। उन्होंने समाज के लोगों से अपील की कि वे बड़ी संख्या में अपने नाम मतदाता सूची में दर्ज कराएं, ताकि लोकतांत्रिक प्रणाली में उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो सके। आतंकवाद के मुद्दे पर बोलते हुए मांझी ने कहा कि हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने आतंक परस्त देश पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर उन्हें नेस्तनाबूत कर दिया, जिसकी पूरे विश्व में सराहना हो रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में भारत आज एक मजबूत और आत्मनिर्भर राष्ट्र बन रहा है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार सरकार के मंत्री डॉ. संतोष सुमन ने अधिवेशन में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए हम पार्टी के लक्ष्यों को दोहराया। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य पार्टी को हर व्यक्ति तक पहुंचाना और गरीबों के लिए लगातार लड़ाई लड़ना है। उन्होंने जोर दिया कि इसके लिए पार्टी संगठन मजबूत करना होगा और प्रत्येक प्रखंड तक पार्टी की पहुंच सुनिश्चित करनी होगी। डॉ. संतोष सुमन ने बताया कि सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों के लिए प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सह टेकारी विधायक डॉ अनिल कुमार, बाराचट्टी विधायक ज्योति मांझी, सिकंदरा विधायक प्रफुल्ल मांझी, इमामगंज विधायक दीपा मांझी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बीरेंद्र सिंह, मुख्य राष्ट्रीय प्रवक्ता श्याम सुन्दर शरण, राधेश्याम प्रसाद, रमेश सिंह, डी एन सिन्हा, कमालुद्दीन, कमाल परवेज, गीता पासवान, आर के दत्ता जी, कमलेश सिंह, सुनील चौबे, रोमित सिंह, रामजी सिंह, शंकर मांझी, मनीष सिंह, निलेश सिंह, पम्पी शर्मा,श्रवण भुइयां, अविनाश कुमार, गिरधारी सिंह, आकाश कुमार, समेत राज्य एवं देशभर के कई नेता मौजूद रहे।

# राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव की मुश्किलें बढी

## डॉ अम्बेदकर की तस्वीर का अपमान करने के आरोप में राज्य अनुसूचित जाति आयोग ने जारी किया नोटिस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के अपमान के मामले में राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। उनके खिलाफ राज्य अनुसूचित जाति आयोग ने कड़ी कार्रवाई के संकेत देते हुए बाकायदा उन्हें नोटिस जारी कर 15 दिन के भीतर स्पष्टीकरण की मांग की गई है। दरअसल लालू यादव के जन्मदिन पर 11 जून को कई तस्वीरें और वीडियो सामने आए थे, जिसमें राजद नेताओं और समर्थकों ने उन्हें बधाई दी थी। उन्हें फुल, गुलदस्ता के साथ ही बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की तस्वीर भी दी गई थी। इस दौरान लालू यादव एक कुर्सी पर बैठकर सामने टेबल पर पैर पसारे हुए थे। इसे लेकर उनकी जमकर आलोचना भी प्रतिद्वंद्वी दलों के नेताओं की ओर से की गई। अब इसी मामले में उन्हें राज्य अनुसूचित जाति आयोग ने नोटिस जारी किया है। नोटिस में कहा गया है कि आप अपने जन्म दिन के अवसर पर संविधान निर्माता, बाबा साहब डॉ. भीम राव अम्बेदकर जी का फोटो का अपमान किया है, जो सोसल मिडिया पर लगातार देखा जा रहा है। डॉ. भीम राव अम्बेदकर साहब का अपमान से किसी एक वर्ग हीं नहीं पूरे देश के सम्मान को ठेस पहुंचा है। अतः 15 दिन के अंदर स्पष्टीकरण दें और बतायें कि क्यों नहीं आप पर अनुसूचित जाति/ जनजाति अत्याचार अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया जाय। आयोग ने आरोप लगाया है कि हाल ही में अपने जन्मदिन के अवसर पर लालू प्रसाद यादव द्वारा सोशल मीडिया पर बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के एक फोटो का अपमान किया गया है, जो देशभर में व्यापक रूप से देखा और चर्चा का विषय बना हुआ है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि डॉ. भीमराव अंबेडकर केवल अनुसूचित जाति के ही नहीं, बल्कि पूरे देश के संविधान निर्माता एवं समाज के सम्मानित नेता हैं। उनके प्रति की गई अपमानजनक हरकत पूरे देश की सामाजिक भावना को ठेस पहुंचाती है और यह संवैधानिक मूल्यों के भी विरुद्ध है। राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि डॉ. अंबेडकर के अपमान को सहन नहीं किया जाएगा। यह न केवल एक व्यक्ति के खिलाफ अपमान है, बल्कि पूरे समाज के खिलाफ एक गंभीर चुनौती है। इसलिए आयोग ने लालू प्रसाद यादव से 15 दिन के भीतर विस्तृत स्पष्टीकरण मांगा है। आयोग ने कहा है कि यदि स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाया गया, तो अनुसूचित जाति/ जनजाति अत्याचार अधिनियम के तहत उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पार्टी की पूरी जिम्मेदारी तेजस्वी को सौंप सकते हैं लालू यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले राजद में भी संगठनात्मक चुनाव चल रहा है। राजद में प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो गई है। प्रदेश अध्यक्ष के लिए सिर्फ मंगनी लाल मंडल ने नामांकन किया है। ऐसे में उनका निर्विरोध चुना जाना तय है।इसकी घोषणा 19 जून को पार्टी की राज्य परिषद की बैठक में होगी। प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव के बाद राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होना है। फिलहाल लालू प्रसाद यादव राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। पार्टी सूत्रों की मानें तो राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव ही रहेंगे। 5 जुलाई को राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष का ऐलान होगा। जिसमें लालू यादव को एक बार फिर राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलेगी। हालांकि, सूत्रों की मानें तो इस बार पार्टी में कई फ़ेरबदल किए जा सकते हैं। सूत्रों के अनुसार लालू यादव बिहार विधानसभा चुनाव से पहले नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को बड़ा तोहफा दे सकते हैं। मिली जानकारी अनुसार 5 जुलाई को पटना के ज्ञान भवन में लालू यादव तेजस्वी यादव को पार्टी से जुड़े सभी बड़े फैसले लेने का अधिकार देने जा रहे हैं। पार्टी की पूरी कमान तेजस्वी के हाथों में होगा। किसको टिकट देना है, किसको नहीं देना है, किसका टिकट कटेगा ये सभी तेजस्वी तय करेंगे। तेजस्वी लगातार कहते आ रहे हैं कि इस बार पार्टी में टिकट लेने के लिए किसी की पैरवी नहीं चलेगी। वहीं ,अब माना जा रहा है कि लालू यादव अब आधिकारिक तौर पर पार्टी से जुड़े फैसले को लेने का हक तेजस्वी को दे देंगे। हालांकि, तेजस्वी यादव अभी भी राजद की कमान संभाल रहे हैं, लेकिन अब आधिकारिक तौर पर लालू तेजस्वी को सारी जिम्मेदारी देंगे। दूसरी ओर राजद में कई नेताओं पर गाज गिर सकता है। तेजस्वी कई नेताओं पर कार्रवाई कर सकते हैं। राजद के प्रधान महासचिव रणविजय साहू हैं। सूत्रों की मानें तो पार्टी उन्हें प्रधानसचिव के पद से मुक्त कर सकती है।

# मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी की वृहद मेगा हेल्थ कैम्प में पांच सौ से अधिक मरीजों ने कराई जांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**





**पटना।** मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी राजेंद्र नगर रोड नंबर 7 के द्वारा एक निशुल्क मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन सोसाइटी के अस्पताल प्रांगण में प्रातः 10 बजे से किया गया जिसमे विभिन्न रोगों से ग्रसित करीब पांच सौ से अधिक लोगो ने विशेषज्ञ चिकित्सकों से जांच कराई। सोसाइटी के अध्यक्ष राधेश्याम बंसल ने बताया कि इस स्वास्थ्य शिविर का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की निःशुल्क जांच कराना तथा दवा उपलब्ध कराना था। बंसल ने बताया कि यह जांच शिविर राजेश कुमार कमलिया एवं विकास कमलिया पटना के सौजन्य से किया गया। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान सहाय गोयल तथा विजय किशोरपुरिया ने बताया कि इस स्वास्थ्य जांच शिविर में जांच कराने हेतु सैकड़ों की संख्या में मरीज प्रातः आठ बजे से अपना नम्बर लगाने के लिए लाइन में लग गए थे। प्रातः दस बजे से डॉक्टरों ने मरीजो की जांच करना प्रारम्भ किया। सचिव दिनेश अग्रवाल ने बताया कि इस जांच शिविर में 20 विशेषज्ञ चिकित्सको द्वारा मरीजों की जांच की गई। इनमे प्रसिद्ध पेट रोग विशेषज्ञ डॉ अमित बंका, प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ अभिनव, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ उषा अग्रवाल, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर श्रवण कुमार, जनरल फिजिशियन डॉक्टर पूनम नंदन, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ विनीत कुमार, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अभिषेक कुमार एवं डॉ शिल्पी अग्रवाल सहित कुल 20 विशेषज्ञ चिकित्सको ने मरीजों को देखा। सबसे अधिक पेट, हड्डी एवं आंख के मरीजों ने अपना ईलाज कराया। पेट रोग विशेषज्ञ डॉ अमित बंका एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ अभिनव ने करीब 75- 75 से अधिक मरीजों की जांच की। इसके साथ हीं भी मौके पर 30 मरीजों को पढ़ने का चश्मा दिया गया। चिकित्सकों द्वारा लिखी गई सभी उपलब्ध दवाएँ भी मरीजों को निःशुल्क दिए गए। साथ हीं चिकित्सकों द्वारा लिखे गए मरीजों के एक्स रे भी निःशुल्क किये गए। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ उषा अग्रवाल को दिखाने के लिए मरीजों की कतार लगी थी। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ विनीत कुमार से अपनी जांच हेतु काफी मरीज लाईन में थे। शिविर में बच्चों की जांच डॉ श्रवण कुमार, सामान्य बीमारी की जांच डॉ पूनम नंदन ने किया। आज के इस कैम्प में सब मिलाकर करीब 500 से अधिक मरीजों की जांच की गई। करीब सौ से अधिक मरीजो के खून एवं अन्य जांच समिति के लैब में डॉ सलोनी एवं उनके सहयोगियों द्वारा की गई। सोसाइटी अध्यक्ष राधेश्याम बंसल ने बताया कि सभी मरीजों को खाने का पैकेट भी दिया गया। एम पी जैन ने बताया कि शिविर को सफल बनाने में निवर्तमान अध्यक्ष रमेश गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान गोयल एवं विजय किशोरपुरिया, सोसायटी के सचिव दिनेश अग्रवाल, सुबोध गोयल, प्रशांत बंका, संयुक्त सचिव बिनोद अग्रवाल सहित गोपाल मोदी, अनिल गुप्ता, अनिल रिटोलिया, गोपाल झुनझुनवाला, शंकर अग्रवाल, गोपाल मित्तल, प्रकाश अग्रवाल, सहित दर्जनों सदस्य लगे हुए थे।

# लालू यादव जान बूझकर करते हैं दलितों का अपमान : मंगल पाण्डेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा है कि बिहार की राजनीति के नव सामंत लालू यादव जानबूझ कर दलितों व बाबा साहब अम्बेदकर का अपमान करते हैं। राजद कार्यालय में कूड़े की ढेर में फ़ेकी गई बाबा साहब की तस्वीर हो या फिर लालू यादव को भेंट की गई तस्वीर का निरादर, बिहार का दलित समाज इसे कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। श्री पाण्डेय ने कहा कि लालू-राबड़ी के राज में बिहार के दलितों का नरसंहार हुआ। सैकड़ों दलित गाजर-मूली की तरह काटे गए, मगर तत्कालीन सरकार उन्हें भयभीत कर वोट साधती रही। सत्ता के इशारे में लचर पुलिस कार्रवाई का ही नतीजा रहा कि एक-एक कर दलित नरसंहार बिहार में होते रहे। श्री पांडेय ने कहा कि 'गरीब का बेटा' कह कर सत्ता में आये लालू यादव का गरीबों से कभी कोई लगाव नहीं रहा। समाज के दलितों व गरीबों को केवल वोट बैंक के तौर पर उपयोग किया और जब भी मौका मिला उन्हें अपमानित किया। सम्मानीय कर्पूरी ठाकुर से लेकर रमई राम तक का लालू यादव ने उपहास उड़ाया है।

# भर ले उड़ान ने आयोजित किया सांस्कृतिक कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** भर ले उड़ान ने पटना के एन कॉलेज में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजित किया। इस कार्यक्रम में पटना नगर निगम की महापौर श्रीमती सीता साहू , मिसेज इंडिया मोनिका मणि,सौरभ भारती पासवान, बिहार के गोल्डन मैन प्रेम सिंह, और मिस्टर इंडिया चक्रपाणि पांडेय, यूनाईटेड न्यूज ऑफ इंडिया के प्रेम कुमार जैसी प्रतिष्ठित अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित किया। कार्यक्रम में रैंप शो और नृत्य प्रदर्शन जैसी कई रोमांचक गतिविधियाँ शामिल थीं। आदित्य ने रैंप शो का खिताब जीता, जबकि सृष्टि को पहला रनर-अप घोषित किया गया। आयुष ने भी रैंप वॉक प्रतियोगिता में जीत हासिल की, जिसमें उन्होंने अपनी आत्मविश्वास और शैली का प्रदर्शन किया।नृत्य प्रदर्शन में अनुप्रिया, ऋद्धि प्रिया, आराध्या, आयुष, निषि, देवीका, और दृष्टि ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी ऊर्जावान और सुंदर प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भर ले उड़ान की सचिव, स्वीटी पंडित, और अध्यक्ष, कोमल पांडेय ने कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम को अपना होम्स प्राइवेट लिमिटेड, अपनाज्वैलरी, और सृष्टि ज्वैलर्स द्वारा प्रायोजित किया गया था, जिनका समर्थन कार्यक्रम की सफलता के लिए महत्वपूर्ण था।टीम के सदस्यों, जिनमें आशीष यादव, अमित यादव, गुड़िया, अमृता, वैष्णवी, अंशु, हर्षिता, और प्रिया शामिल थे, ने कार्यक्रम के सुचारु संचालन को सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास किए। उनकी मेहनत और समर्पण का हर पहलू में प्रदर्शन किया गया।कार्यक्रम का समापन उच्च स्तर पर हुआ, जिसमें प्रतिभागियों और अतिथियों ने भर ले उड़ान के प्रयासों की सराहना की और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और प्रतिभाशाली व्यक्तियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए संगठन की प्रशंसा की।कार्यक्रम कला, संस्कृति और प्रतिभा का एक भव्य उत्सव था, और भर ले उड़ान इस आयोजन का हिस्सा बनने पर गर्व महसूस करता है। इस तरह के आयोजनों के साथ, संगठन व्यक्तियों को प्रेरित और सशक्त करना जारी रखता है, समुदाय और रचनात्मकता की भावना को बढ़ावा देता है।

# जयप्रभा मेदांता हॉस्पिटल में हुआ भावनात्मक व प्रेरणादायक आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटना में आज ह्लफिर से उड़ान ट्रॉमा सर्वाइवर्स प्रोग्राम का आयोजन किया गया, जिसमें 45 ट्रॉमा से उबर चुके मरीजों ने अपने-अपने अनुभव साझा किए। ये वे मरीज थे जो कभी गंभीर सड़क दुर्घटना, ब्रेन इंजरी, हड्डी टूटने या आंतरिक रक्तस्राव जैसी गंभीर परिस्थितियों से जूझे थे और अब स्वस्थ जीवन जी रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जयप्रभा मेदांता के इमरजेंसी एंड ट्रॉमा विभाग के प्रमुख डॉ. अभिषेक कुमार ने की। इस अवसर पर मेडिकल डायरेक्टर डॉ. रवि शंकर सिंह, ऑर्थोपेडिक विभाग के निदेशक डॉ. राजीव रंजन सिन्हा, क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ डॉ. शुभलेश कुमार और रेडियोलॉजी विभाग के डॉ. साकेत बल्लभ भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में सभी विशेषज्ञों ने ट्रॉमा के गोल्डन ऑवर की महत्ता पर प्रकाश डाला और यह बताया कि कैसे समय पर सही उपचार जीवन बचा सकता है। डॉक्टर्स ने यह भी बताया कि मेदांता में उपलब्ध आधुनिक तकनीक, मल्टीडिसिप्लिनरी टीम और तेज निर्णय प्रणाली की बदौलत कई मरीजों की जान बचाई जा सकी है। मेडिकल डायरेक्टर डॉ. रवि शंकर सिंह ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम न सिर्फ मरीजों के आत्मबल को बढ़ाते हैं, बल्कि मेडिकल टीम को भी यह अहसास कराते हैं कि उनके प्रयासों से कितनी जिंदगियां संवर रही हैं।

# विश्वकर्मा समाज की महारैली 30 जुलाई को

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** रविवार को भारतीय विश्वकर्मा महासंघ के सानिध्य में पटना में एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लोहार संघर्ष मोर्चा, बढ़ई कल्याण महासंघ, भारतीय व्यावसायिक महासंघ, कसेरा महासभा, स्वर्णकार महासंघ सहित कई संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकुल आनंद ने कहा कि भारत की कुल जनसंख्या में विश्वकर्मा समाज की भागीदारी लगभग 9 प्रतिशत है, लेकिन इसके बावजूद समाज को राजनीतिक रूप से उपेक्षित किया गया है। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकारों से मांग की कि विश्वकर्मा समाज के अंतर्गत आने वाले प्रमुख वर्गों-सोनार/ पोद्दार, कसेरा / ठठेरा, बढ़ई, लोहार, शिल्पकार/ कुम्हार को एक एकीकृत कोड के तहत वर्गीकृत किया जाए। लोहार समाज से छीना गया आरक्षण वापस किया जाए। उन्होंने घोषणा की कि इन मांगों को लेकर 30 जुलाई 2025 को पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में विश्वकर्मा राजनीतिक अधिकार महारैली का आयोजन किया जा रहा है। प्रेस वार्ता में भीम विश्वकर्मा, दयानंद विश्वकर्मा, रीगन विश्वकर्मा, नंदकिशोर पोद्दार, डॉ. संजीव कुमार पोद्दार, विद्या भूषण शर्मा आदि उपस्थित थे। भारतीय विश्वकर्मा महासंघ ने सभी समाज बंधुओं से आह्वान किया है कि वे 30 जुलाई को गांधी मैदान, पटना पहुंचकर इस रैली को सफल बनाएं और समाज के अधिकारों की इस लड़ाई को मजबूती प्रदान करें।

# फैशन के छात्रों ने जाना बिहार की पारंपरिक कला का महत्व

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी पटना के तृतीय वर्ष के छात्रों को उपेंद्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को पारंपरिक भारतीय शिल्पकला की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और डिजाइन संबंधी गहराइयों से परिचय कराना था। छात्रों ने संस्थान के संग्रहालय में क्यूरेटर के मार्गदर्शन में सुजनी कला शिल्प की सामाजिक-सांस्कृतिक पृष्ठभूमि को नजदीक से समझा। पुस्तकालय का लाभ लेते हुए छात्रों ने पारंपरिक और समकालीन शिल्प साहित्य का अध्ययन किया। इसमें उन्होंने डिजाइन प्रक्रिया, रंग संयोजन, रूप रचना और बुनावट की बारीकियों पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के दौरान छात्रों ने सुजनी कला शाखा के प्रशिक्षकों से शिल्प निर्माण की वास्तविक प्रक्रिया को देखा और समझा। यह शैक्षणिक भ्रमण न केवल छात्रों के लिए एक उत्कृष्ट अनुभव बना, बल्कि उन्हें बिहार की समृद्ध हस्तशिल्प परंपरा से भी गहरे स्तर पर जोड़ गया।

# निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 115 लोगों की हुई जांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** अग्रसेन सेवा न्यास द्वारा आज शक्तिधाम, बैंक रोड, पटना में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। मौके पर न्यास के अध्यक्ष अमर अग्रवाल ने बताया कि अग्रसेन सेवा न्यास द्वारा प्रत्येक माह के तीसरे रविवार को यह चिकित्सा शिविर आयोजित होता है। अग्रवाल ने बताया कि आज के इस चिकित्सा शिविर में कुल 115 मरीजों ने अपनी जांच करवाई। शिविर में डॉ बी के अग्रवाल द्वारा हेपेटाइटिस की जांच की गई। शिविर में इसके अतिरिक्त हेपेटाइटिस 'बी' की जांच के लिए 22 मरीजों का खून लिया गया। मौके पर शिविर में 65 मरीजों के आँखों की जांच प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ शशि मोहनका द्वारा किया गया। इनमे 14 मरीजों का मोतियाबिंद काफी बढ़ा हुआ था। आज 18 मरीजों को निःशुल्क चश्मा भी उपलब्ध कराया गया। मौके पर डॉ सुनील अग्रवाल ने चेस्ट एवं सामान्य बीमारी के करीब 28 मरीजों की जांच की वहीं डॉ रचना जैन ने 10 महिला मरीजों की जांच की। आँखों के अतिरिक्त मधुमेह की जांच डॉ सुभाष कुमार के द्वारा की गयी जिसमे 25 लोगों में मधुमेह पाया गया। मौके पर शिविर में 22 लोगों के दांतों की जांच डॉ नितिन मैतिन द्वारा की गयी जिसमे 11 लोगों के दांत में बीमारी पाई गयी। मौके पर ब्लड प्रेशर की जांच जितेंद्र के द्वारा की गई। एम पी जैन ने बताया कि शिविर को सफल बनाने में मुख्य भूमिका अमर कुमार अग्रवाल, अक्षय अग्रवाल, निर्मल अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, राजकुमार खेमका, रितेश तुलस्यान, रमेश अग्रवाल, ललन लाठ, राहुल अग्रवाल, संतोष केडिया, शशांक अग्रवाल एवं अन्य पदाधिकारियों की रही।

# डोमिसाइल की डुगडुगी बजाकर लोगों को ठगना चाह रहे तेजस्वी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के 100 फीसदी डोमिसाइल वाले बयान पर जोरदार प्रहार किया और कहा कि ककहरा का ज्ञान नहीं और कविता पाठ करने का स्वांग रच रहे हैं तेजस्वी। अज्ञानता छुपाने सा सबसे तरीका है कि तेजस्वी कम बोलें। ज्यादा बोलेंगे, तो उनकी अज्ञानता का प्रसार ज्यादा होगा। श्री मिश्र ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि तेजस्वी यादव ठगों के उस्ताद बन गये हैं। डोमिसाइल की डुगडुगी बजाकर लोगों को ठगना चाह रहे हैं। लेकिन, बिहार के लोग इनके झांसे में नहीं आनेवाले। श्री मिश्र ने कि तेजस्वी यादव को संविधान का कोई ज्ञान नहीं है। जन्म स्थान के आधार पर किसी को नौकरी से वंचित नहीं किया जा सकता। भारत में संघीय व्यवस्था है। अगर सभी राज्य सिर्फ अपने ही राज्य के लोगों को नौकरी देंगे, तो संघीय व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाएगी।

# पटना को मिलेगी एक और एलिवेटेड सड़क की सौगात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** राजधानी पटना को जाम मुक्त बनाने और शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए राजधानी वासियों को एक और नए एलिवेटेड सड़क की सौगात सोमवार को मिलने वाली है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कल नव निर्मित मीठापुर-महुली एलिवेटेड सड़क का उद्घाटन करेंगे। इस एलिवेटेड सड़क के चालू होने से राजधानी के दक्षिणी इलाकों में रहने वाले लाखों लोगों को यातायात में काफी सहूलियत मिलने वाली है। साथ ही दक्षिण बिहार के विभिन्न जिलों में आना-जाना भी अब बेहद आसान हो जाएगा। रोज घंटों लगने वाले जाम से लोगों को मुक्ति मिलेगी और समय की बचत होगी। कुल 1400 करोड़ रुपये की लागत निर्मित मीठापुर-महुली-पुनपुन परियोजना अंतर्गत भूपतिपुर से पुनपुन (एनएच-22) तक एलिवेटेड-सह-एटग्रेड सड़क का लोकार्पण मुख्यमंत्री नीतीश कुमार करेंगे। इस मौके पर राज्य के दोनों उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहेंगे। समारोह की अध्यक्षता पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन करेंगे। मीठापुर-महुली एलिवेटेड सड़क के लोकार्पण समारोह में पटना साहिब से लोकसभा सदस्य रविशंकर प्रसाद और पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र से सांसद श्रीमती मीसा भारती, विधायक गोपाल रविदास, विधायक अरुण कुमार सिन्हा, विधान पार्षद रविंद्र प्रसाद सिंह, नीरज कुमार, नवल किशोर यादव और कार्तिक कुमार को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। मीठापुर-महुली एलिवेटेड रोड के चालू होने से पटना के दक्षिणी इलाकों में रहने वाले लाखों लोगों को यातायात में काफी सहूलियत मिलने वाली है। जहानाबाद, अरवल, बिहारशरीफ और गया के लिए सफर अब आसान हो जाएगा।

# पीजीडीएम एक्स सुपर 30 बैच की शानदार शुरुआत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार अब केवल आईएएस और इंजीनियरिंग के लिए नहीं, बल्कि अब फाइनांस लीडरशिप की नई राजधानी बनने जा रहा है। एक ऐतिहासिक पहल के तहत अकमेन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट द्वारा पीजीडीएम एक्स सुपर 30 फाइनेंस बैच की शानदार शुरुआत हो रही है, जिसका उद्देश्य देश के फाइनांस क्षेत्र को नई दिशा देना है। इस क्रांतिकारी कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे हैं बिहार की मिट्टी में जन्मे और वैश्विक फाइनांस जगत में नाम कमा चुके दो दिग्गज सीए राजीव सिंह और सीए डॉ. सुशील कुमार लाल। इन्होंने देश-विदेश में फाइनांस, वैल्यूएशन और नीति-निर्माण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है और अब बिहार के होनहार युवाओं को विश्वस्तरीय शिक्षा एवं करियर गारंटी के साथ एक नई राह दिखाने लौटे हैं। पीजीडीएम एक्स सुपर 30 बैच एक विशिष्ट प्रोग्राम है जो सिर्फ पढ़ाई नहीं बल्कि एक समग्र करियर परिवर्तन की यात्रा है।

## संपादकीय

# शिक्षा के नाम पर लूट बंद होगी

दिल्ली के निजी विद्यालयों में मनमाने तरीके से शुल्क बढ़ाए जाने पर सवाल उठते रहे हैं। अभी हाल ही में द्वारका में कई अभिभावकों ने सरकार की अनुमति के बिना एक विद्यालय पर शुल्क बढ़ोतरी का आरोप लगाया था। साथ ही दावा किया था कि बच्चों और उनके माता-पिता पर दबाव बनाने के लिए कुछ स्कूलों में अतिरिक्त कर्मी तैनात किए जाते हैं। निजी विद्यालयों की निरंकुशता का मुद्दा अदालतों में भी उठता रहा है। ऐसा भी नहीं कि शिक्षा निदेशालय को वस्तुस्थिति मालूम न हो। सवाल यह है कि निजी विद्यालयों को मनमानी करने की छूट किसने दी? कौन लोग हैं जो इन्हें अब तक शह देते रहे हैं? लगातार शिकायतें मिलने पर दिल्ली सरकार ने हाल ही में विधानसभा में दिल्ली स्कूल शिक्षा (पारदर्शिता निर्धारण और शुल्क विनियमन-2025) विधेयक पारित करने का निर्णय किया था, मगर किन्हीं कारणों से यह पेश नहीं किया जा सका था। अब इस विधेयक को अध्यादेश के जरिए लागू करने का दिल्ली मंत्रिमंडल का फैसला एक महत्त्वपूर्ण कदम है। इससे शुल्क प्रणाली में पारदर्शिता आएगी और अभिभावकों को भी बड़ी राहत मिलेगी। निजी विद्यालयों को अब जवाबदेह बनना होगा। वे अभिभावकों पर मनमाने तरीके से आर्थिक बोझ नहीं डाल सकेंगे। अब दिल्ली के निजी स्कूल नहीं वसूल पाएंगे मनमानी फीस, पेरेंट्स को मिलेगा लाभ; रेखा गुप्ता सरकार ने लिया बड़ा फैसला हैरत की बात तो यह है कि निजी विद्यालयों में शिक्षा शुल्क के अतिरिक्त अन्य मदों में राशि जोड़कर कई वर्षों से वसूली की जाती रही है।

विकास शुल्क के नाम पर अभिभावकों पर दबाव बनाया जाता है। मगर, अब इस पर रोक लग सकेगी। गौरतलब है कि इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने मनमाना शुल्क बढ़ाने पर निजी विद्यालयों और दिल्ली शिक्षा निदेशालय को नोटिस जारी किए थे। इसमें दोराय नहीं कि बार-बार शुल्क बढ़ाए जाने से गरीब और मध्यवर्गीय परिवारों पर नाहक ही आर्थिक बोझ पड़ता है। नया अध्यादेश लागू होने के बाद निजी विद्यालय निर्धारित सीमा से अधिक शुल्क नहीं वसूल सकेंगे। इस अध्यादेश में ऐसे कई प्रावधान हैं, जिनसे अभिभावकों को चिंता से मुक्ति मिलेगी। शुल्क के नाम पर विद्यार्थियों को परेशान किए जाने पर पचास हजार के जुर्माने का प्रावधान निस्संदेह सरकार का सख्त कदम है।

**वाकई, पहले विधानसभा चुनाव में अलग अलग राज्य इकाइयां व्यस्त थी और फिर 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद सारा फोकस वहां शिफ्ट हो गया था। वहीं, अभी यूपी, गुजरात, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना जैसे बड़े राज्यों में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष के नाम तय नहीं हो पाए हैं। इस प्रकार कुल 28 राज्य और 9 यूटी में से अभी तक दो दर्जन में ही पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त हो पाए हैं। इसके अलावा, संघ प्रमुख की सहमति भी एक बड़ी वजह बनकर सामने आई है, क्योंकि लोकसभा चुनाव 2024 में भले ही बीजेपी ने 370 सीटें जीतने का टारगेट रखा था, लेकिन संघ के कथित असहयोग की वजह से मैजिक नंबर 272 तक के करीब भी नहीं पहुंच पाई थी। जिसके बाद से ही यह तय माना जा रहा है कि अब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी संगठन पर ज्यादा ध्यान देगा।**

# आखिर कौन होगा भाजपा का अगला राष्ट्रीय अध्यक्ष, अब इसके लिए लॉबिंग करवा रही हैं विदेशी खुफिया एजेंसियां?

**(कमलेश पांडे )**

देखा जाए तो बीजेपी को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष कब मिलेगा, इसकी चर्चा तकरीबन एक-डेढ़ साल से चल रही है। जबकि अब यह तय माना जा रहा है कि अगले एक से डेढ़ महीनों के भीतर बीजेपी अपना नया राष्ट्रीय अध्यक्ष तय कर लेगी।

देश-दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी का अगला नया राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन बनेगा, इसको लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा के वरिष्ठ रणनीतिकारों के बीच माथापच्ची जारी है। कहने को तो यहां तक बताया जा रहा है कि अगले एक से डेढ़ महीनों में यह प्रक्रिया पूरी हो सकती है, क्योंकि राज्यों में संगठन चुनाव अंतिम चरण में हैं। लेकिन बात सिर्फ इतनी नहीं है! इसलिए सावधान! आखिर कौन होगा भाजपा का अगला राष्ट्रीय अध्यक्ष, अब इसके लिए लॉबिंग करवा रही हैं विदेशी खुफिया एजेंसियां? जी हां, सीआईए की पूरी दिलचस्पी है इसमें! कुछ और छिपे रुस्तम होने की चर्चा है। तभी तो ब्रेक के बाद फैसला टल जाता है, पर कबतक?

दरअसल, अंतरराष्ट्रीय मामलों के एक जानकार ने नाम नहीं छापे जाने की शर्त पर बताया कि विगत कुछेक वर्षों से अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए, पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के साथ मिलकर किसी भी तरह से भाजपा/आरएसएस के रिश्तों को कमजोर करने में जुटी हुई है। इसके लिए वो नए भाजपा अध्यक्ष के नाम पर भी अंतर्विरोध पैदा करवा रही हैं। वहीं चीनी की खुफिया एजेंसी भारतीय विपक्ष को मजबूत करने के लिए हर दांव चल रही है। लेकिन मोदी मैजिक और योगी के हठयोग के आगे सबको पानी भरना पड़ रहा है। वाकई, जिस तरह से इस महत्वपूर्ण पद के लिए एक अनार, सौ बीमार वाली स्थिति पैदा की जा रही है, वह किसी अन्य आशंका को भी जन्म दे रहे हैं। इसलिए भारत में कोई दूसरा 'मोरारजी देसाई' जैसा 'गद्दार पीएम' नहीं बन सके, यह भी देखना भाजपा-संघ की ही जिम्मेदारी है। क्योंकि जनता को उससे बहुत उम्मीदें हैं। इसलिए सोच समझकर फैसला करें और जल्दी करें। यही श्रेयस्कर होगा।

देखा जाए तो बीजेपी को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष कब मिलेगा, इसकी चर्चा तकरीबन एक-डेढ़ साल से चल रही है। जबकि अब यह तय माना जा रहा है कि अगले एक से डेढ़ महीनों के भीतर बीजेपी अपना नया राष्ट्रीय अध्यक्ष तय कर लेगी। पार्टी मामलों के जानकारों के मुताबिक, अगले कुछ हफ्तों में सभी राज्यों में संगठन की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी, जिसके बाद तकरीबन 20 दिन में राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनने की प्रक्रिया भी पूरी हो जाएगी। इस तरह से जुलाई आखिर या अगस्त के पहले हफ्ते में यह हो सकता है। वहीं कुछ लोग बता रहे हैं कि संसद के मानसून सत्र से पहले पार्टी को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल जाएगा। इसके लिए राष्ट्रीय सहमति बनाई जा रही है, क्योंकि अभी तक किसी एक नाम पर सहमति नहीं बन पाई है।

पार्टी मामलों के जानकारों के मुताबिक, राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर अभी तलक किसी एक नाम पर सहमति नहीं बनी है। जबकि पार्टी के सीनियर नेताओं और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सीनियर पदाधिकारियों के बीच भी किसी एक नाम पर चर्चा नहीं हुई है। चूंकि अलग-



अलग वजहों जैसे- आम चुनाव 2024, विधानसभा चुनाव महाराष्ट्र, हरियाणा, जम्मूकश्मीर आदि के चलते सांगठनिक चुनाव की प्रक्रिया में देरी होती रही। वाकई, पहले विधानसभा चुनाव में अलग अलग राज्य इकाइयां व्यस्त थी और फिर 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद सारा फोकस वहां शिफ्ट हो गया था।

वहीं, अभी यूपी, गुजरात, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना जैसे बड़े राज्यों में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष के नाम तय नहीं हो पाए हैं। इस प्रकार कुल 28 राज्य और 9 यूटी में से अभी तक दो दर्जन में ही पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त हो पाए हैं। इसके अलावा, संघ प्रमुख की सहमति भी एक बड़ी वजह बनकर सामने आई है, क्योंकि लोकसभा चुनाव 2024 में भले ही बीजेपी ने 370 सीटें जीतने का टारगेट रखा था, लेकिन संघ के कथित असहयोग की वजह से मैजिक नंबर 272 तक के करीब भी नहीं पहुंच पाई थी। जिसके बाद से ही यह तय माना जा रहा है कि अब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी संगठन पर ज्यादा ध्यान देगा। यही वजह है कि अब जो भी नया अध्यक्ष बनेगा, वह संघ की पूरी सहमति से ही बनेगा। अन्यथा भाजपा की नाव बीच मझधार में डूब सकती है। चूंकि अटल-आडवाणी की जोड़ी के बाद मोदी-शाह की जोड़ी तो हिट रही है, लेकिन विभिन्न कारणों से इन्हें अब पूरी छूट नहीं दी जा सकती है। क्योंकि पहले सिंधी-पंजाबी लॉबी और अब गुजराती लॉबी के मजबूत होने का जो संदेश जनमानस में गया है, उससे हिंदी पट्टी के जागरूक लोगों में गहरी निराशा है। यह इलाका समाजवादियों/कांग्रेसियों/वामपंथियों का गढ़ रहा है। इसलिए यहां पर भाजपा-संघ की पकड़ मजबूत बनाये जाने के संघ किसी जमीनी नेता को भाजपा की कमान सौंपना चाहता है।

वहीं, संघ ने यह भी साफ कर दिया है कि चूंकि केंद्र सरकार में या राज्य सरकारों में मंत्री रह चुके कई लोगों को इस बार सरकार में जगह नहीं मिली है, इसलिए यह माना जा रहा है कि उन्हें संगठन की जिम्मेदारी दी जा सकती है, ऐसा बिल्कुल नहीं होगा। यही वजह है कि किसी केंद्रीय मंत्री के भी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने की संभावना से भी पार्टी नेताओं ने इनकार किया हैं, जबकि मोदी-शाह लॉबी ऐसा ही करना चाहती है। वहीं बिहार विधानसभा चुनाव से पहले केंद्रीय कैबिनेट फेरबदल होने की चर्चाएं भी तेज हैं, इसलिए कुछ करिश्माई फैसले की उम्मीद सबको है।

समझा जाता है कि इस बार जो भी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनेगा, वही अगले प्रधानमंत्री के चयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। अगली कैबिनेट और राज्यों के मुख्यमंत्री, राज्यपाल, विभिन्न मंत्रियों आदि के चयन में उसकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी, इसलिए संघ अपने मजबूत आदमी को इस पद पर बैठाना चाहता है, ताकि आडवाणी और शाह जैसी जलालत आगे झेलने की नौबत नहीं आए। यही वजह है कि औद्योगिक घरानों को भी संघ के सिपाहियों ने सतर्क कर दिया है कि व्यक्तिविशेष के प्रति निष्ठा रखेंगे तो मुश्किल बढ़ेगी।

भाजपा के संविधान के मुताबिक, जब कम से कम 50 प्रतिशत प्रदेशों में सांगठनिक चुनाव पूरे हो जाते हैं, उसके बाद ही राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनने की प्रक्रिया शुरू हो सकती है। ऐसे में जब राष्ट्रीय परिषद बन जाएगा तो राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए नामांकन और मतदान और मतगणना की तारीख तय करते हैं। ऐसे में अगर नामांकन एक से ज्यादा उम्मीदवारों का हुआ तो फिर मतदान होता है। हालांकि बीजेपी के अब तक के इतिहास में कभी भी राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए मतदान की स्थिति नहीं आई है। अबतक तो निर्विरोध ही राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव हुआ है।

बीजेपी के संविधान के मुताबिक, पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष वही व्यक्ति बन सकता है, जो कम से कम 15 वर्षों तक पार्टी का सदस्य रहा हो। राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव निर्वाचक मंडल करता है, जिसमें राष्ट्रीय परिषद के सदस्य और प्रदेशों के सदस्य शामिल हैं। निर्वाचक मंडल में से कोई बीस सदस्य राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनाव लड़ने वाले व्यक्ति के नाम का संयुक्त रूप से प्रस्ताव पेश कर सकते हैं। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव से पहले जिला संगठनों के चुनाव, प्रदेश संगठन और राष्ट्रीय परिषद के चुनाव होते हैं।

बता दें कि भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष पद की रेस में संजय जोशी, योगी आदित्यनाथ, मनोहर लाल खट्टर, मनोज सिन्हा, शिवराज सिंह चौहान, भूपेन्द्र यादव, धर्मेंद्र प्रधान, सुनील बंसल, जी किशन रेड्डी आदि का नाम आगे है। इसमें से संजय जोशी व जी किशन रेड्डी के अलावा तमाम नाम संघ की कसौटी पर अनफिट बैठते हैं। इसलिए किसी अन्य तुरूप के पत्ते की भी पूरी गुंजाइश है जिसके लिए संघ-भाजपा मशहूर रहे हैं।

इनके तीनों के अलावे तमिलनाडु से आने वाली वानति श्रीनिवासन, तमिलिसाई सौंदर्यराजन और आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम व टीडीपी संस्थापक एन.टी. रामाराव की बेटी डी. पुरंदेश्वरी का नाम भी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए चल रहा है। चूंकि तीनों महिलाएं दक्षिण से आती हैं। इसलिए पार्टी इन्हें मौका देकर दक्षिण में अपनी पैठ बनाने में जुटना चाहती है।

गौरतलब है कि संसद का मानसून सत्र आगामी 21 जुलाई से शुरू होने वाला है। इसलिए सत्र की शुरुआत से पहले नए भाजपा अध्यक्ष के नाम का ऐलान हो सकता है।

# एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग सर्वे संतु निरामया यानें सभी रोग मुक्त हों

**किशन सनमुखदास भावनानीं**

भारत की अत्यंत प्राचीन विरासत में से एक योग भी है,आदि अनादि काल से ही योग एक जीवन जीने की कला और आज के आधुनिक डिजिटल युग में एक विज्ञान और औषधी रहित चिकित्सा पद्धति के रूप में वैश्विक स्तरपर लोकप्रिय हो चुका है, जिससे भारत की प्रतिष्ठा में चार चांद लग गए हैं इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है,योग दिवस पर भारत का रिकॉर्ड-संयुक्त राष्ट्र महासभा में पीएम के प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद 21 जून को 2015 को पहला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।आयुष मंत्रालय के केंद्रीय राज्य मंत्री ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 21 जून 2025 को राष्ट्रीय कार्यक्रम आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में आयोजित होगा,जहां पीएम 5 लाख से अधिक प्रतिभागियों के साथ कॉमन योग प्रोटोकॉल (सीवाईपी) सत्र का नेतृत्व करेंगे। इसके साथ ही, देश भर में एक लाख से अधिक स्थानों पर च्योग संगमज सत्र आयोजित किए जाएंगे, जो इसे इतिहास में सबसे बड़े समन्वित योग प्रदर्शनों में से एक बनाएगा। उन्होंने योग आंध्र अभियान - जो राज्य भर में 10 लाख नियमित योग अभ्यासियों का समुदाय तैयार करने की एक महत्वाकांक्षी पहल है। चूँकि एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग सर्वे संतु निरामया यानें सभी रोग मुक्त हों तथा 11वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2025 को ऐतिहासिक बनाने के लिए तैयारियां जोरों पर है, विशाखापट्टनम में 5 लाख प्रतिभागियों के साथ पीएम बड़ा कॉमन योग प्रोटोकॉल का नेतृत्व करेंगे इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,पूरे भारत में एक लाख से अधिक स्थानों पर योग संगम सत्र आयोजन की तैयारीयाँ,जो इसे इतिहास में सबसे बड़े समन्वित योग प्रदर्शनों में से एक बना सकता है।

साथियों बात अगर हम 21 जून 2025 को होने वाले 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 क़ी ऐतिहासिक तैयारीयों की करें तो, वैश्विक भागीदारी पर अद्यतन जानकारी साझा करते हुए आयुष मंत्रालय के सचिव ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के लिए 60 से अधिक देशों ने पहले ही संबंधित कार्यकलाप आरंभ कर दिये हैं। उन्होंने कहा कि विश्व भर में योग के प्रति उत्साही लोग सक्रिय रूप से च्एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योगज थीम और दस प्रमुख कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे हैं,जो इस आंदोलन के वास्तविक अंतर्राष्ट्रीय चरित्र को दर्शाते हैं।आयुष मंत्रालय के अधिकारी ने संवाददाता सम्मेलन में आईडीवाई 2025 के परिमाण, विज़न और कार्यनीति का विवरण देते हुए एक व्यापक प्रस्तुति दी। उन्होंने आईडीवाई आंदोलन की एक दशक की यात्रा के बारे में विस्तार से बताया,10 प्रमुख कार्यक्रमों की जानकारी दी और व्यापक तथा समावेशी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकारों, नागरिक समाज और अंतर्राष्ट्रीय हितधारकों के साथ सहयोगा त्मक साझेदारी पर प्रकाश डाला।

साथियों बात अगर हम 100 दिनों से चल रही योग श्रृंखला की करें तो, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 में 100 दिनों तक चलने वाले दस सिग्नेचर इवेंट यानी प्रमुख कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिन्हें समाज के विभिन्न वर्गों के साथ तालमेल बिठाने और योग को जीवन के समग्र तरीके के रूप में बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। - समावेशिता के लिए योग समावेश से लेकर अंतर्राष्ट्रीय भागीदारी के लिए योग बंधन तक ये कार्यक्रम योग को मैट(चटाई) से लेकर आम जनता तक ले जाने के सरकार के रणनीतिक विज़न को दर्शाते हैं। दिल्ली, भुवनेश्वर, नासिक और पुदुचेरी में क्रमशः 100 दिवसीय, 75 दिवसीय, 50 दिवसीय और 25 दिवसीय आयोजनों की श्रृंखला के प्रति जनता की उत्साहपूर्ण प्रतिक्रिया ने मुख्य कार्यक्रम की ओर अग्रसर होने में अहम योगदान दिया है।योग केवल आसन करने और सांस लेने का अभ्यास भर नहीं है - यह जीवन जीने का एक तरीका है, मीडिया क़े सहयोग से लक्ष्य अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 को एक ऐसा ऐतिहासिक आयोजन बनाना है, जो लाखों लोगों को योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित करे और एक स्वस्थ, खुशहाल और अधिक सामंजस्यपूर्ण समाज के निर्माण में सहायता करे।

साथियों अगर हम योग दिवस 2025 को एतिहासिक बनाने की बात करें तो, अधिकारी ने कहा वर्ष 2015 से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को विश्वभर में असाधारण उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा, नई दिल्ली में पहले रिकॉर्ड आयोजन से लेकर मैसूर, न्यूयॉर्क और श्रीनगर में ऐतिहासिक समारोहों तक, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रत्येक आयोजन ने स्वास्थ्य, सद्भाव और शांति की साझा खोज में विविध संस्कृतियों के लोगों को एकजुट किया है। उन्होंने इस वर्ष की उपलब्धि के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, जब हम 11वें वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 केवल एक स्मरणोत्सव भर नहीं है, बल्कि यह हमारे प्रयासों को बढ़ाने और समाज के सभी वर्गों तक योग की पहुंच को बढ़ाने का एक सामूहिक आह्वान है। उन्होंने कहा कि एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान प्रस्तुत वैश्विक स्वास्थ्य विजन के अनुरूप है और सर्वे सन्तु निरामया के भारतीय सभ्यतागत लोकाचार को दर्शाता है, जिसका अर्थ है - सभी रोग मुक्त हों। आयुष मंत्रालय ने नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) के लिए पूर्वावलोकन कार्यक्रम आयोजित किया।

# मन्दिरों में पैसे लेकर एवं वीआईपी दर्शन बन्द हो

**(ललित गर्ग )**

श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में तो सुगम दर्शन का शुल्क भी जमा कराया जाता है पर ठगों की जमात ने शीघ्र दर्शन के नाम पर कमाई का नया रास्ता तलाश लिया। मंदिर प्रबंधन को चाहिए कि वह सुगम दर्शन व्यवस्था के नाम पर हो रही धांधली को गंभीरता से ले।

ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में पैसे लेकर दर्शन कराने वाले बाउंसरों की गिरफ्तारी के बाद श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में सुगम दर्शन के नाम पर एक साथ इक्कीस लोगों की गिरफ्तारी जहां मंदिर प्रशासन की व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह है, वही ईश्वर के दरबार में पांव फैला रहा भ्रष्टाचार गहन चिन्ताजनक एवं शर्मनाक हैं। कुछ ही दिनों पहले ओंकारेश्वर स्थित ममलेश्वर मंदिर में भक्तों से वीआइपी दर्शन के नाम पर अवैध वसूली करने पर प्रशासन ने एक होमगार्ड जवान और दो पंडितों पर कार्रवाई की है। देश-विदेश के भक्त अगाध श्रद्धा से अपने आराध्य का दर्शन करने आते हैं, लेकिन देश के प्रमुख मन्दिरों में सीधे दर्शन कराने के नाम पर पैसों की लूट मची है या वीआईपी संस्कृति के नाम पर त्रासद एवं भेदभावपूर्ण स्थितियां पसरी है। सवाल यह पूछा जा रहा है कि हिंदुओं के धार्मिक स्थलों और आयोजनों में क्यों भक्तों के बीच भेदभाव होता है? मन्दिरों में गरीब एवं अमीर के बीच भेदभाव की स्थितियां खुला भ्रष्टाचार ही है। पैसे लेकर एवं वीआईपी दर्शन की अवधारणा भक्ति एवं आस्था के खिलाफ है। यह एक असमानता का उदाहरण है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों पर भी आघात करती है। श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में तो त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था भी है। मंदिर का चप्पा-चप्पा सीसीटीवी कैमरे की पहुंच में है। यह मन्दिर सुरक्षा कारणों से अतिसंवेदनशील स्थल होने के बावजूद ऐसा कृत्य खेदजनक ही नहीं, आपत्तिजनक भी है। मंदिर प्रबंधन को चाहिए कि दर्शन की प्रचलित व्यवस्था को और सुगम, भ्रष्टाचार व दोषरहित बनाए ताकि व्यवस्था में कोई सेंध न लगे और जन-आस्था आहत न हो। श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में तो सुगम दर्शन का शुल्क भी जमा कराया जाता है पर ठगों की जमात ने शीघ्र दर्शन के नाम पर कमाई का नया रास्ता तलाश लिया। मंदिर प्रबंधन को चाहिए कि वह सुगम दर्शन व्यवस्था के नाम पर हो रही धांधली को गंभीरता से ले। फर्जी पंडा, गाइड बनकर लोगों को झांसे में लेने वाले लोग अचानक एक दिन में डेरा नहीं जमाए होंगे। यह सब काफी समय से चल रहा होगा। इस प्रकार की ठगी करने की संभावना कैसे बन जाती है, इसकी जांच होनी चाहिए। बात केवल ठाकुर बांके बिहारी मंदिर या श्रीकाशी विश्वनाथ धाम की ही नहीं है, बल्कि देश के प्रमुख मन्दिरों में बढ़ती जन-आस्था की भीड़ एवं लम्बी-लम्बी लाइनों के बीच पैसे लेकर या वीआईपी दर्शन कराने की



त्रासद एवं विसंगतिपूर्ण स्थितियों की हैं, जिसने न केवल देश के आम आदमी के मन को आहत किया है, बल्कि भारत के समानता के सिद्धान्त की भी धज्जियां उड़ा दी है। कुछ विशेष लोगों को मिलने वाले वीआईपी सम्मान एवं सुविधा पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है।

बांके बिहारी मंदिर में एक बार फिर वीआईपी कल्चर का खेल सामने आया है। मंदिर की भीड़ से हटकर वीआईपी दर्शन कराने के नाम पर एक निजी सुरक्षा एजेंसी ने बाउंसर उपलब्ध कराकर पैसे कमाने का गोरखधंधा शुरू कर दिया था। एजेंसी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स जैसे फेसबुक और इंस्टाग्राम पर प्रचार कर यह दावा किया कि वे श्रद्धालुओं को भीड़ से बचाकर विशेष वीआईपी दर्शन कराने में मदद कर सकते हैं। यह तो घोषित गैरकानूनी व्यवस्था है, लेकिन अन्य प्रमुख मन्दिरों में भी मन्दिर से जुड़े लोग या अन्य ठग पैसे लेकर दर्शन कराते हैं। सबसे ज्यादा दुखद एवं विडम्बनापूर्ण है वीआईपी दर्शन का प्रचलन। प्रश्न है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने पहले ही कार्यकाल के दौरान वीआईपी कल्चर को खत्म करते हुए लालबत्ती एवं ऐसी अनेक वीआईपी सुविधाओं को समाप्त कर दिया था तो मन्दिरों एवं धार्मिक आयोजनों की वीआईवी संस्कृति को क्यों नहीं समाप्त किया? क्यों मन्दिरों में वीआईपी दर्शन के लिये सरकार ने अलग से व्यवस्थाएं की। दरअसल, वीआईपी संस्कृति का दायरा बहुत व्यापक है। यह धार्मिक स्थलों तक सीमित नहीं है। लोकतंत्र से लेकर आस्था तक, कई मौकों पर कुछ खास लोगों को विशेष सुविधाएं दी जाती हैं। लोकतंत्र का मूल सिद्धांत कहता है कि सभी नागरिक समान हैं, फिर भी व्यवहार में कुछ लोग 'विशेष' बन जाते हैं, चाहे वे सड़क पर हों, सरकारी दफ्तरों में, अस्पतालों में या मंदिरों में! इसी तरह, बड़े नेताओं और अधिकारियों के लिये मन्दिरों में सीधे दर्शन कराने की व्यवस्थाएं हैं, जिससे लम्बी कतारे और लम्बे समय का इंतजार करती है। ऐसी व्यवस्था से मन्दिरों एवं धार्मिक आयोजनों में हादसें भी होते हुए देखे गये हैं। इन वीआईपी के लिए अक्सर यातायात रोक दिया जाता है, जिससे आम जनता घंटों जाम में फंसी रहती है। अस्पतालों में वीआईपी वार्ड हैं, जबकि आम मरीजों को बिस्तर भी नहीं मिल पाता। एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशनों पर वीआईपी यात्रियों को विशेष सुविधाएं मिलती हैं, जबकि आम लोग लंबी कतारों में खड़े रहते हैं। वीआईपी संस्कृति एक नासूर बन गई है। यही कारण है कि हर सरकार वीआईपी संस्कृति को खत्म करने का वादा करती है, लेकिन हकीकत में इसे बनाए रखने के नए-नए तरीके खोजे जाते हैं। वीआईपी कल्चर एवं पैसे लेकर दर्शन कराने की धांधली ने एक बार फिर से नये सिरे से बहस छेड़ दी है। सवाल उठ रहा है कि जब गुरुद्वारे में वीआईपी दर्शन नहीं, मस्जिद में वीआईपी नमाज नहीं, चर्च में वीआईपी प्रार्थना नहीं होती है तो सिर्फ हिन्दू मंदिरों में कुछ प्रमुख लोगों के लिए वीआईपी या पैसे लेकर दर्शन क्यों है? क्या इस पद्धति को खत्म नहीं किया जाना चाहिए, जो हिंदुओं में दूरिया पैदा करता है? प्रसिद्ध मन्दिरों में वीआईपी पास एवं दर्शन की व्यवस्था समाप्त क्यों नहीं होती? यह व्यवस्था समाप्त होना इसलिए भी जरूरी है क्योंकि भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने ही धार्मिक स्थलों पर होने वाली वीआईपी व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े किये हैं। निश्चित ही जब किसी को वरीयता दी जाती है और प्राथमिकता दी जाती है तो उसे वीवीआईपी या वीआईपी कहते हैं। यह समानता की अवधारणा को कमतर आंकना है। वीआईपी संस्कृति एक पथभ्रष्टता है, यह एक अतिक्रमण है, यह मानवाधिकारों का हनन है। समानता के नजरिए से देखा जाए तो समाज में इसका कोई स्थान नहीं होना चाहिए, धार्मिक स्थलों एवं मन्दिरों में तो बिल्कुल भी नहीं। न्यायालय भी देश में बढ़ती वीआईपी संस्कृति को लेकर चिन्तीत है। मद्रास उच्च न्यायालय की मुदुरै पीठ ने अपनी एक सुनवाई के दौरान कहा भी है कि लोग वीआईपी संस्कृति से 'हताश' हो गए हैं, खासतौर पर मंदिरों में। इसके साथ ही अदालत ने तमिलनाडु के प्रसिद्ध मंदिरों में विशेष दर्शन के संबंध में कई दिशा निर्देश जारी किए। राजस्थान में गहलोत सरकार ने भी मन्दिरों में वीआईपी दर्शनों की परम्परा को समाप्त करने की घोषणा की थी कि मन्दिरों में बुजुर्ग ही एकमात्र वीआईपी होंगे। इस तरह की सरकारी घोषणाएं भी समस्या का कारगर उपाय न होकर कोरा दिखावा होती रही है। अक्सर नेताओं एवं धनाढ्यों को विशेष दर्शन कराने के लिए मंदिर परिसरों को आम लोगों के लिये बंद कर दिया जाता है, जिससे श्रद्धालुओं को भारी परेशानी होती है, लोग वास्तव में इससे दुखी होते हैं और कोसते हैं। वीआईपी लोगों को तरह-तरह की सुविधाएं दी जाती है, मन्दिर के मूल परिसर-गर्भ परिसर में दर्शन कराये जाते हैं, उनके वाहन मन्दिर के दरवाजे तक जाते हैं, उनके साथ पुलिस-व्यवस्था रहती है, जबकि आम श्रद्धालुओं को कई किलोमीटर पैदल चलना होता है, भगवान के दर्शन दूर से कराये जाते हैं, उनके साथ धक्का-मुक्की की जाती है।

# जेल अदालत सह मेडिकल चेकअप कैंप

नव बिहार टाइम्स संवाददाता



**गिरिडीह।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह की ओर से केंद्रीय कारा, गिरिडीह में आयोजित किया गया जेल अदालत -सह- कानूनी जागरूकता कार्यक्रम एवं बंदियों का मेडिकल हेल्थ चेकअप माननीय झालसा, रांची के निर्देशानुसार एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह के मार्गदर्शन में दिनांक 15, जून 2025 को केंद्रीय कारा, गिरिडीह में काराधीन बंदियों के बीच जेल अदालत -सह- विधिक जागरूकता शिविर एवं बंदियों का मेडिकल हेल्थ चेकअप का आयोजन किया गया इस जेल अदालत सह विधिक जागरूकता कार्यक्रम में सचिव महोदय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह, के मार्गदर्शन में कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली, गिरिडीह, फैयाज अहमद, पुरुषोत्तम कुमार सहायक कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली, गिरिडीह उपस्थित थे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली, गिरिडीह फैयाज अहमद, पुरुषोत्तम कुमार, सहायक कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली, गिरिडीह ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह के द्वारा बंदियों को प्रदान किए जाने वाले विभिन्न विधिक सहायता के बारे में बतलाते हुए कहा कि माननीय नालसा, नई दिल्ली एवं माननीय झालसा, रांची के द्वारा काराधीन बंदियों के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम समय-समय पर चलाए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से उन बंदियों को उचित विधिक सहायता प्रदान की जाती है। इसी के तहत प्रत्येक महीने जेल अदालत का आयोजन किया जाता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से कारा में संसीमित बंदियों को निरंतर विधिक सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बंदियों के बीच से ही पारा लीगल वॉलिंटियर्स की नियुक्ति की गई है जो निरंतर बंदियों के संपर्क में रहकर उनकी समस्याओं को कारा प्रशासन के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकार तक पहुंचाते हैं जहां जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह के द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए उनकी समस्याओं का समाधान करने की दिशा में कार्य किया जाता है। वैसे बंदीगण जो स्वयं के खर्च पर अपना अधिवक्ता रख पाने में असमर्थ हैं, उनके लिए माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली के निर्देश पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के तहत अधिवक्ताओं की प्रतिनियुक्ति की गई है, जो उन बंदियों के केस में संबंधित न्यायालय में निरंतर पैरवी करते हैं।

बंदियों के मामलों की निरंतर मॉनिटरिंग भी जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह के माध्यम से की जाती है। कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली, गिरिडीह में जितने मुकदमा आये है संबंधित मुदालय को उसके मुकदमा के बारे में विस्तृत विवरण दिया गया जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह के द्वारा जेल में प्रतिनियुक्त पारा लीगल वालंटियर्स को भी इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए आम बंदियों के बीच निरंतर जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने का निर्देश दिया। साथ ही जेल पीएलबी को यह निर्देश भी दिया गया कि इस कारा में कोई भी बंदी अपने कानूनी अधिकारों से वंचित नहीं रहे, इसके लिए वे सभी निरंतर आम बंदियों से संपर्क में रहें, यदि किन्हीं को निःशुल्क अधिवक्ता की आवश्यकता हो तो उसका आवेदन तुरंत कारा प्रशासन के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह के ईमेल आईडी तथा कार्यालय में भेजें। उन बंदियों को तत्काल विधिक सहायता के तौर पर निःशुल्क अधिवक्ता प्रदान किया जाएगा एवं केंद्रीय कारागार में बंद बंदियों का मेडिकल हेल्थ चेकअप डॉ आर पी दास के द्वारा किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने मे जेल पीएलबी एवं जेल कर्मियों की भूमिका सराहनीय रही।

## जय राम महतो को मुख्यमंत्री बनाने का लिया गया संकल्प

**चौपारण में संगठन विस्तार को लेकर जुटे कार्यकर्ता**

**चौपारण (हजारीबाग) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के पंचायत पांडेयबारा स्थित कमलबार कर्बला चौक पर रविवार को एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को सशक्त बनाना और आगामी चुनावी रणनीति पर विचार-विमर्श करना रहा। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जय राम महतो की विचारधारा को आमजन तक पहुँचाया जाएगा और वर्ष 2029 में उन्हें मुख्यमंत्री पद तक पहुँचाने के लिए व्यापक जनजागरण अभियान चलाया जाएगा। संगठन के कार्यकताओं ने यह संकल्प लिया कि वे गांव-गांव जाकर स्थानीय नीति, विस्थापन, नियोजन, भाषा और शिक्षा जैसे ज्वलंत मुद्दों पर जनसमर्थन जुटाएंगे। बैठक में प्रमुख रूप से सुधीर कुमार पांडे, अनिल दास, लालधारी साहू, श्याम दांगी, केसर भुइंया, संजय कुमार, सुनील साहू, सहित अनेक सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने जय राम महतो के नेतृत्व को राज्य के लिए प्रभावशाली बताया और कहा कि यह आंदोलन जनता के अधिकार और सम्मान की लड़ाई है। इस अवसर पर जेएलकेएम के उपाध्यक्ष सूरज कुमार साहू, चौपारण प्रखंड अध्यक्ष राहुल कुमार और पूर्व विधायक प्रत्याशी कृष्ण यादव ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि संगठन की सफलता कार्यकताओं की प्रतिबद्धता और मेहनत पर निर्भर है।

## संक्षिप्त समाचार

### उपायुक्त से मिल पेयजल की समस्या के निराकरण की मांग



**मेदिनीनगर (पलामू) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रिजवान खान, राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश सचिव शाहनवाज, समाजसेवी सरमद आलम खान ने पलामू के नवनियुक्त डीसी समीरा एस का स्वागत किया। उन्हें बुके देकर सम्मानित किया गया। औपचारिक मुलाकात में नेताओं ने पलामू की पेयजल समस्या पर विचार विमर्श किया। साथी इसका समाधान के लिए प्रयास करने का आग्रह किया। उपयुक्त में नेताओं को आस्वस्त किया कि पेयजल परवेज विशेष फोकस कर लोगों की समस्याओं का समाधान कराया जाएगा।

### त्रिदिवसीय सत्संग कार्यक्रम का आयोजन

**मेदिनीनगर (पलामू) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महर्षि में हीं आश्रम शांति पुरी,शबरी कुटिया मुरहू में विशेष त्रिदिवसीय सत्संग कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 21-22-23जून को किया गया है। आयोजनकर्ता संरक्षक डॉ डीएन तिवारी, जिलाध्यक्ष डॉ संजय सत्संगी, अध्यक्ष जूरन मुंडा, जगमोहन पुर्ती व रामहरि साव ने बताया कि तीन दिवसीय सत्संग कार्यक्रम में भागलपुर कुप्पाघाट के स्वामी प्रमोद जी महाराज, स्वामी निर्मलानंद जी महाराज, स्वामी परमानन्द, स्वामी लक्ष्मण जी महाराज, स्वामी बालकृष्ण, स्वामी श्याम बाबा सहित अन्य साधु -महात्माओं और विद्वानों का प्रवचन होगा। जिसमें सुखद-शांतिमय जीवन जीने के विषय में शास्त्र सम्मत बातें और संतों के विचार बताए जायेंगे। इसमें रांची, नगड़ी, तमाड़, बंदगांव,हुटार, चक्रधरपुर सहित कई स्थानों से भक्त पहुंच रहे हैं। कार्यक्रम में सभी व्यक्ति आमंत्रित हैं। प्रतिदिन सामूहिक भंडारे की भी व्यवस्था रहेगी। उन्होंने कहा समिति अधिक से अधिक लोगों को सत्संग से लाभ प्राप्त करने की अपील करती है।

### पलामू पुलिस लाइन में शहीद आइपीएस अधिकारियों के नाम पर खेल परिसर का उद्घाटन



**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस लाइन परिसर में दो नवनिर्मित खेल मैदानों बास्केटबॉल कोर्ट और बैडमिंटन कोर्ट का भव्य उद्घाटनपलामू पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन, ने किया । विशेष बात यह रही कि इन खेल परिसरों को शहीद आईपीएस अधिकारियों की स्मृति में समर्पित किया गया है। शहीद आईपीएस अजय कुमार सिंह के नाम पर बास्केटबॉल कोर्ट का निर्माण किया गया है, जबकि शहीद आईपीएस अमरजीत बलिहार की स्मृति में बैडमिंटन कोर्ट तैयार किया गया है। इन दोनों ही अधिकारियों ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए देश सेवा में प्राणों की आहुति दी थी। इस समारोह में पलामू की एसपी रीष्मा रमेशन, हजारीबाग के एसपी अंजनी अंजन, एएसपी राकेश कुमार सिंह समेत कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर अधिकारियों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन और सुविधाएँ न केवल पुलिस बल के बीच खेल भावना को बढ़ावा देंगी, बल्कि शहीदों की स्मृति को भी जीवित रखेंगी।

### उचित रखरखाव के अभाव में सूख गए मनरेगा से लगाए गए आम बागवानी के पौधे



**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विश्व भर में पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए पौधा लगाने व पौधा को संरक्षित करने के लिए कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। लेकिन विश्रामपुर प्रखंड जहां उचित रखरखाव के अभाव में मनरेगा से लगाए गए फलदार आम बागवानी के पौधे सूख गए। लगाए गए बागवानी योजना का एक भी पौधा जीवित नहीं है। जबकि बागवानी पर आने वाली खर्च व रखरखाव में भी भुगतान किया गया है। लोगों का कहना है कि आखिर लगाए गए बागवानी की देखरेख किसके द्वारा किया जा रहा था। जिम्मेवार लोगों की लापरवाही से प्रखंड की स्थिती और भी चरमरा गई है। लोगों का कहना है कि मनरेगा बीपीओ के द्वारा योजना स्वीकृति को ले खुलेआम पैसों की वसूली की जा रही है। इतना ही नहीं प्रखंड में मनरेगा से स्वीकृत चार दर्जन से अधिक डोभा का चेक-स्लिप भी नहीं बना है। फिर भी योजनाओं की स्वीकृति देते हुए कार्य कराया जा रहा है। यह प्रखंड की एक बड़ी लापरवाही से कम नहीं ।

### अभ्यास वर्ग का आयोजन



**चतरा/नव बिहार टाइम्स संवाददाता।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश अभ्यास वर्ग इंदुमती टिबरेवाल सरस्वती विद्या मंदिर चतरा मैं आयोजित दिनांक 12 से 15 जून 2025 चार दिवसीय प्रांतीय अभ्यास वर्ग का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष , झारखंड बिहार के क्षेत्रीय संगठन मंत्री यागवालक्य शुल्क, प्रांत संगठन मंत्री, प्रांत अध्यक्ष के साथ साथ पूरे राज्य भर से कार्यकर्ता शामिल हुए थे। कार्यक्रम के अंतिम दिन कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें प्रदेश शोध प्रमुख कृष्णा त्रिवेदी, मंटू मुर्मू को गिरिडीह जिला संयोजक, उज्जवल तिवारी को हजारीबाग नगर विद्यार्थी विस्तारक प्रोफेसर राजकुमार वर्मा गिरिडीह जिला प्रमुख को मनोनित किया गया एवं विजय ओझा को विभाग संयोजक बनाया गया। इस दौरान सभी ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् एक राष्ट्रवादी छात्र संगठन है । संगठन ने जो भी हमलोगों को दायित्व दिया है उसे निष्ठा पूर्वक निर्वहन करूंगा। और परिषद् के कार्यो को आगे बढ़ाऊंगा।

### गिरिडीह में नई कमिटी के पुनर्गठन पर विचार विमर्श



**गिरिडीह/नव बिहार टाइम्स संवाददाता।** ऐआईएसएम के प्रदेश कानूनी सलाहकार सुभाष कटरियार की अगुवाई में बोकारो जिला के सहायक संरक्षक रतन कुमार सिन्हा गिरिडीह के ऐआईएसएम के सदस्यों के साथ अरगाघाट स्थित सामुदायिक भवन में रविवार 15 जून को एक बैठक की। बैठक को संबोधित करने हुए श्री कटरियार ने गिरिडीह में नई कमिटी के पुनर्गठन पर विचार विमर्श किया। साथ ही कमिटी के विस्तार पर भी चर्चा हुई। उपस्थित गिरिडीह के वरिष्ठ पत्रकार तजेंद्र सिंह डिम्पल, अभिषेक कुमार सहाय, संजय लाल ने भी अपने अपने विचार रखे और कहा कि बहुत ही जल्द गिरिडीह कमिटी का पुनर्गठन किया जाएगा। आगे उन्होंने बताया कि कमिटी पुनर्गठन के समय ऐआईएसएम के राष्ट्रीय सचिव प्रीतम सिंह भाटिया, सुभाष कटरियार, राजेश सिंह सहित अन्य कई लोगों की आने की संभावना है। इसके साथ ही अन्य कई मुद्दों पर चर्चा हुई।

## राशन कम नहीं लेगी जनता : राजेश सिन्हा

नव बिहार टाइम्स संवाददाता



**गिरिडीह।** डीएसओ सामदानी ने कहा जांच होगी,सच साबित होगा तो कार्रवाई भी करेंगे,जांच का चिट्ठी बन गई है,बीडीओ करेंगे जांच सदर प्रखंड टिकोडीह के राशन डीलर की शिकायत माले के प्रखंड ऑफिस में आवेदन के साथ आया,टीकोडीह के डीलर ने सभी लाभुकों को कहा था कि मेरी शिकायत सभी से करिए,इस बात को सुनकर माले के प्रखंड कमिटी के सदस्य और मेंबर ने यह निर्णय लिया कि ग्रामीणों के लिखित आवेदन लेकर डीएसओ गुलाम सामदानी से शिकायत करेंगे,उसके बाद भी बात नहीं बनी तो आंदोलन करेंगे जिला कमिटी सदस्य राजेश सिन्हा और कन्हाई पांडे ने माले के प्रतिनिधि और ग्रामीण के साथ मिलकर डीएसओ गिरिडीह को आवेदन दिया, डीएसओ सामदानी ने तुरंत फोन से डीलर से बात की है,साथ साथ जांच का आदेश की भी बात कही है डीएसओ ने कहा कि ऐसी शिकायतें किसी भी डीलर की आयेगी हम जांच के बाद कार्रवाई करेंगे,बीडीओ के नाम पर चिट्ठी निकाल कर जांच की बात कही गई है। सिन्हा और पांडेय ने कहा कि लाभुक को कम अनाज देने वाले को माले,आंदोलन से ठीक करेगा,लेकिन जनता को भी माले के साथ जुड़कर रहने की बात कही है,जनता चुनाव में भटकने का काम करते है,जो गलत बात है,जो साल भर आपके हक की लड़ाई लड़ता है उसका मेंबर भी बनने की जरूरत है,सिर्फ मुसीबत में याद कर के भूल जाना यह भी न्यायोचित नहीं है,साथ में माले के प्रखंड के नेता राजकुमार राय और रेहान के साथ दर्जनों ग्रामीण शामिल थे।

## लोहरदगा में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान शुरू

**लोहरदगा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला मे धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 15 से 30 जून तक सभी जनजातीय बहुल ग्रामों में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं का यहां के लोगों को लाभ देने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

लोहरदगा जिलि के 66 पंचायतो में से 63 पंचायत जनजातीय बहुल हैं। इस अभियान के तहत कुल 17 मंत्रालयों के समन्वित प्रयासों से 25 योजनाओं पर ध्यान केन्द्रित किया जायेगा। जिसमें; बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा, आजिविका आदि में महत्वपूर्ण कमियों को समाप्त करना और जनजातीय क्षेत्रों और समूहों के समग्र और सतत विकास को सुनिश्चित करना है। उक्त अभियान के तहत लोहरदगा जिले में कुल 205 ग्रामों को पंचायतवार चिन्हित किया गया है। इस योजना के अंतर्गत पचास प्रतिशत या उससे अधिक अनुसूचित जनजाति जनसंख्या वाले ग्रामों को लिया गया है। इसका लक्ष्य जनजातिय समुदायों के जीवन स्तर में सुधार लाना और उन्हें सरकारी योजनाओं को लाभ पहुंचाना है। इस अभियान के तहत इन गांवों में इस दौरान प्रखंडवार विभिन्न शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में नए आधार कार्ड एवं आधार कार्ड अपडेट, ई-केवाईसी, आयुष्मान भारत (पीएमजेएवाई) कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, पोषण अभियान, टी०बी०मुक्त भारत मुद्रा योजना, वन धन योजना, पी०एम किसान, किसान क्रेडिट कार्ड मनरेगा इत्यादि के लाभ से लाभान्वित किया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य सभी विकास योजनाओं से जनजातीय समुदाय को जोड़ते हुए उनको इसके प्रति जागरूक करना है,साथ ही इस अभियान के तहत लाभुकों को विकास से संबंधित योजनाओं से प्राथमिकता देकर आच्छादित करना है।लोहरदगा मे धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के प्रचार-प्रसार हेतु दो जागरूकता रथों को सभी प्रखंडों के लिए रवाना किया गया है।

## तीन दिवसीय निः शुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रोटरी क्लब ऑफ गिरिडीह ग्रेटर एवं भगवान महावीर सेवा सदन कोलकाता के संयुक्त तत्वाधान में बजरंग चौक मकतपुर स्थित ईश्वर स्मृति भवन गिरिडीह में आज १५ जून से १७ जून तक तीन दिवसीय निः शुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया है जिसका नाम उम्मीद की किरण है इस कार्यक्रम के अंतर्गत विकलांग लोगो को कटे हुए हाँथ एवं पैर तथा वैशाखी, कैलिपर, व्हील चेयर ट्राइसिकिल इत्यादि का वितरण निः शुल्क किया जा रहा है अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए रोटरी क्लब ऑफ गिरिडीह ग्रेटर के द्वारा पीछे वर्ष वि इस तरह का सफल आयोजन किया गया था और इस बार वि किया जा रहा है क्लब के द्वारा विकलांग जनों के चेहरो पे एक मुस्कान लाने का प्रयास किया गया है अभी तक कुल 50 लोगो का रजिस्ट्रेशन हो चुका है और रजिस्ट्रेशन अभी भी जारी है लाभुक दूर दूर से आ रहे है। कार्यक्रम को सफल बनाए जाने में क्लब के प्रेसिडेंट सीए ब्रह्मदेव प्रसाद संयोजक सीए दीपक सोंथालिया विकाश शर्मा सुजय राज गुप्ता अभिषेख छपरिया सुबोध मोदी, राजन कुमार एवं महावीर सेवा सदन के डॉक्टर शशि सुमन प्रभाकर एवं उनकी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा

## जमुआ पुलिस ने मोटर साइकिल चोर को चेकिंग के दौरान पकड़ा

नव बिहार टाइम्स संवाददाता



**गिरिडीह।** संध्या 07:00 बजे पुलिस अधीक्षक,गिरिडीह के निदेर्शानुसार वाहन चोरी के रोकथाम हेतु अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी ,खोरीमहुआ के नेतृत्व में एक टीम गठन कर-के जमुआ रेलवे स्टेशन के पास गिरिडीह-जमुआ मुख्य सडक पर एंटी क्राईम चेकिंग के तहत वाहन जांच किया जा रहा था। उसी दौरान जमुआ से गिरिडीह की तरफ जा रही मोटरसाई कील को जांच हेतु रूकने का ईशारा किया। पुलिस को देखते हीं उक्त मोटरसाईकील का चालक वाहन घुमा कर भागने का प्रयास किया जिसे खदेड कर पकड लिया गया। जांच के दौरान पता चला कि मोटरसाईकील चालक कुलदीप सोनार उम्र करीब 21 वर्ष पिता चन्द्रिका सोनार ग्राम सोनबाद थाना बेंगाबाद जिला गिरिडीह के रहने वाले है एव लाल रंग का होंडा एसपी 125 मोटरसाईकील जिसका पीछे का नम्बर प्लेट नहीं है, एवं आगे नम्बर प्लेट टुटा हुआ जिसमें 11एम लिखा हुआ, जिसका ईजन नम्बर- जसी 94इजी 0252296, चेचिस नम्बर- एमइ 4जसी 941एचपीजी 067274 है जो करीब 15 दिन पूर्व न्यु गिरिडीह रेलवे स्टेशन के बगल जमुनियाटांड से चुराया था तथा इधर उसे बेचने आया था। इस संबंध में जमुआ थाना काण्ड संख्या 118/2025 दिनांक-14. 06.25 धारा 303(2)/ 317(2) बीएनएस 2023 दर्ज किया गया है। पुछताछ के दौरान अभि0 के स्वीकारोक्ति ब्यान के आधार पर एक अन्य चोरी का हिरो स्प्लेंडर मोटरसाईकील नं0 जेएच 11एफ 4350, ईजन नं0 एचए 10ईर्घल 00819 बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को आज दिनांक-15.06.2025 को न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

## बिजली की आंख-मिचौली से बड़कागांववासी बेहाल

**बड़कागांव (हजारीबाग)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में भीषण गर्मी और अनियमित बिजली आपूर्ति ने आमजनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। घंटों तक बिजली गुल रहने के कारण लोग राहत की आस में पेड़ों की छांव में समय बिताने को मजबूर हो गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिजली कभी आती है, तो कभी बिना सूचना के घंटों गायब हो जाती है, जिससे पंखा, कूलर, फ्रिज और एसी जैसे उपकरण बेकार हो गए हैं। गर्मी से बचने का एकमात्र विकल्प अब पेड़ों की छाया और पुराने तरीके रह गए हैं। लोगों का यह भी मानना है कि आज से 20-25 साल पहले जब मिट्टी के घर और मचान आम थे, तो गर्मी उतनी महसूस नहीं होती थी। मिट्टी के घर प्राकृतिक रूप से ठंडे रहते थे और बिजली की निर्भरता नहीं थी। लेकिन अब पक्के मकानों और बिजली पर निर्भर आधुनिक जीवनशैली में, बिजली कटते ही गर्मी असहनीय हो जाती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि वनों की अंधाधुंध कटाई और कल-कारखानों के बढ़ते प्रभाव के कारण तापमान में तेजी से वृद्धि हो रही है, और पर्यावरण संतुलन बिगड़ता जा रहा है।

## सेवा, सुशासन और समर्पण के 11 वर्ष : चौपारण में गूंजा मोदी सरकार का विकास मंत्र




**चौपारण प्रतिनिधि//नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भाजपा कार्यालय चौपारण में शनिवार को "विकसित भारत का अमृतकाल - सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष" विषय पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बरही विधायक मनोज कुमार यादव उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम प्रभारी रमेश ठाकुर, पूर्वी प्रभारी अर्जुन साव सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। मंच संचालन मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी ने किया। विधायक मनोज यादव ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत ने हर क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति की है, जिसमें गरीब कल्याण, बुनियादी ढांचा, तकनीक, आत्मनिर्भर भारत और राष्ट्रवाद प्रमुख हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि यह दौर विकास और समर्पण का अमृतकाल है। कार्यक्रम प्रभारी रमेश ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को जमीनी स्तर पर उतारा है। अर्जुन साव ने भी केंद्र सरकार की विदेश नीति, सुरक्षा और अर्थव्यवस्था में उपलब्धियों को रेखांकित किया। इस अवसर पर भाजपा के प्रमुख कार्यकर्ता उदय राणा, आशीष सिंह, रंजन सिंह, रेवाशंकर साव, मंटु सिंह, सहित कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में चौपारण मंडल से सैकड़ों कार्यकताओं ने भाग लेकर केंद्र सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों को याद किया और आगे की रणनीति पर चर्चा की।

## नहाने के क्रम में डूबने से युवक बेहोश

नव बिहार टाइम्स संवाददाता



**गिरिडीह।** गिरिडीह के बराकर स्थित नदी में शनिवार की देर शाम नहाने के क्रम में डूबने से एक युवक बेहोश हो गया। घटना के बाद उसके साथ नहाने गए अन्य दोस्तों द्वारा उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया घटना के बाबत मिली जानकारी के अनुसार शीतलपुर निवासी सुनील कुमार स्वर्णकार का एकलौता पुत्र 24 वर्षीय सूरज स्वर्णकार अपने चचेरे भाई रोहन स्वर्णकार एवं एक अन्य मित्र रवि के साथ मिलकर नहाने के लिए बराकर नदी गया। इसी दौरान तीनों युवक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे इस दौरान तीनों युवकों ने पास में नहा रहे अन्य लोगों को आवाज लगाया, लेकिन किसी ने उनकी एक नहीं सुनी और ना ही उन्हें कोई बचाने आया। बताया गया कि इस दौरान रोहन समेत उसके दोस्त रवि किसी तरह खुद को बचा लिया किंतु सूरज पानी के अंदर ही रह गया। बाद में दोनों युवकों ने मिलकर सूरज को कपड़े से रस्सी बनाकर बचाने का प्रयास भी किया किंतु वे बचा नहीं पाए युवकों ने बताया कि उन्होंने सूरज को बचाने के लिए वहां नहा रहे लोगों की काफी मिन्नते किए, लेकिन कोई आगे नहीं आया। अंत में वे किसी तरह सूरज को बेहोशी की हालत में नदी से निकाले और इलाज के लिए सदर अस्पताल ले आए, जहां सूरज को मृत घोषित कर दिया गया। बता दें घटना की जानकारी मिलने के मृतक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।वहीं घटना की सूचना पा कर नगर थाना पुलिस सदर अस्पताल पहुँची और मृतक के परिजन से पूछ ताछ किया उसके बाद मृतक के परिजन ने घटना की सारी बात बताई वहीं शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिऐ भेजे दियो गया।

# स्वस्थ शरीर, स्वस्थ समाज की बुनियाद : प्रमोद कुमार मल्ल

**हरदोपट्टी में क्रिकेट टूनार्मेंट का भव्य आयोजन, खेल के माध्यम से युवाओं में जोश और जागरूकता भरने की अपील**



**जीरादेई, सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गडार पंचायत अंतर्गत हरदोपट्टी गांव में आयोजित क्रिकेट टूनार्मेंट का उद्घाटन समारोह न केवल एक खेल आयोजन था, बल्कि स्वास्थ्य, युवा सशक्तिकरण और सामाजिक एकता का भी संदेश लेकर आया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित इंजीनियर प्रमोद कुमार मल्ल ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा- अच्छा स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन है। अगर शरीर स्वस्थ है तो विचार भी सकारात्मक होंगे और यही सकारात्मकता समाज और देश के निर्माण में सहायक होती है।

**खेल के प्रति युवाओं को प्रोत्साहित करने की जरूरत**

इंजीनियर मल्ल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अपार खेल प्रतिभा छिपी हुई है, जिसे सही दिशा देने की जरूरत है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को केवल पढ़ाई तक सीमित न रखें, बल्कि उन्हें खेलों के लिए भी प्रेरित करें। खेल न केवल शरीर को फिट रखता है, बल्कि बच्चों में अनुशासन, नेतृत्व और सहयोग की भावना को भी मजबूत करता है। अगर हम अपने गांव और समाज का समुचित विकास चाहते हैं, तो खेलों को केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि जीवन का हिस्सा बनाना होगा, उन्होंने कहा।

**टूनार्मेंट का हुआ शानदार उद्घाटन**

टूनार्मेंट की शुरूआत इंजीनियर प्रमोद मल्ल द्वारा फीता काटकर और खिलाड़ियों से व्यक्तिगत परिचय प्राप्त करके की गई। उद्घाटन के दौरान स्थानीय ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला। मैदान के चारों ओर ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी, जो मैच के हर क्षण पर तालियां बजा रही थी। मैच के मुख्य आकर्षण रहे जमालपुर और गजियापुर की टीमें, जिन्होंने दमदार प्रदर्शन किया। रोमांचक मुकाबले के बाद जमालपुर की टीम ने जीत दर्ज की और ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। गजियापुर की टीम उपविजेता बनी।

**विजेताओं को मिला सम्मान**

मुख्य अतिथि प्रमोद मल्ल ने विजेता और उपविजेता टीम को शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ऐसे टूनार्मेंटों से युवाओं को प्रोत्साहन मिलता है और उनके अंदर छिपी प्रतिभा को मंच मिलता है।

**क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की रही उपस्थिति**

कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुखिया रामेश्वर राय, पूर्व मुखिया मनोज सिंह, सरपंच अशोक दूबे, मृत्यंजय सिंह, रघुनाथ साह, मैनेजर बैठा, विनय पांडेय, तुलसी प्रजापति, उमेश मल्ल, सुमित कुमार बैठा, पवन कुमार, आदित्य सिंह, सुग्रीव प्रसाद, रमन सिंह, युवराज सिंह, बिट्टू सिंह समेत बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और स्थानीय ग्रामीणों की मौजूदगी ने आयोजन को और भव्यता प्रदान की। पूरे कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों में एक उत्सव जैसा माहौल रहा।

## 1,900 रुपए बढ़ गया पीली धातु का रेट, निवेशकों को मिल रहा जबरदस्त रिटर्न

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इस हफ्ते सोना-चांदी निवेशकों को शानदार रिटर्न दे रहे हैं। कीमतों में लगातार तेजी देखी जा रही है और दोनों धातुएं



रिकॉर्ड स्तर के करीब पहुंच गई हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के ताजा आंकड़ों के अनुसार, सोना और चांदी दोनों की कीमतों में इस सप्ताह अच्छी-खासी बढ़त दर्ज की गई है। पिछले शनिवार यानी 7 जून को सोना 97,145 रुपए पर था, जो अब (14 जून) को 99,058 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 1,913 रुपए बढ़ी है। 13 जून को सोने ने 99170 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। वहीं, चांदी पिछले शनिवार को 1,05,285 रुपए पर थी, जो अब 1,06,167 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। इस तरह इस हफ्ते इसकी कीमत 882 रुपए बढ़ी है। वहीं 10 जून को चांदी ने 1,07,000 का ऑल टाइम हाई बनाया था।

**4 महानगरों में सोने की कीमत-** दिल्ली : 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,830 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,350

**मुंबई :** 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,680 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,200

कोलकाता : 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,680 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,200

**चेन्नई :**24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,680 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,200

## पेन कार्ड यूजर्स के लिए बड़ी खबर, देना पड़ सकता है 10,000 का जुर्माना

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अगर आपका पेन कार्ड इनएक्टिव हो गया है और आप अब भी इसका इस्तेमाल कर रहे हैं, तो सतर्क हो जाइए। आयकर विभाग ने ऐसे पेन कार्ड धारकों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि इनएक्टिव पेन कार्ड का उपयोग करने पर आयकर अधिनियम की धारा 272क्ष के तहत 10,000 तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। कई करदाता इस बात से अनजान हैं कि उनका पेन कार्ड वैध नहीं रहा है और वे पहले की तरह उसका इस्तेमाल बैंकिंग, वित्तीय या आयकर संबंधी कामों में कर रहे हैं। ऐसे मामलों में यह लापरवाही अब महंगी साबित हो सकती है। विशेषज्ञों का कहना है कि जिन लोगों ने अब तक अपने पेन को आधार से लिंक नहीं कराया है, उनका पेन इनएक्टिव हो चुका है। ऐसे लोगों को तुरंत अपना पेन आधार से लिंक कराना चाहिए ताकि कानूनी कार्रवाई और जुर्माने से बचा जा सके।

### इन काम में आता है पेन कार्ड



पेन कार्ड का इस्तेमाल सिर्फ आयकर रिटर्न भरने के लिए ही नहीं बल्कि बैंकिंग, निवेश, प्रॉपर्टी की खरीद-फरोख्त, लोन लेने और अन्य वित्तीय लेन-देन के लिए भी जरूरी होता है। यदि किसी का पेन इनएक्टिव हो गया है और वह व्यक्ति इसे जानबूझकर या अनजाने में इस्तेमाल करता है, तो आयकर विभाग की धारा 272क्षके तहत उस पर 10,000 रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। अगर आप जानना चाहते हैं कि आपका पेन कार्ड एक्टिव है या नहीं, तो आप घर बैठे यह जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए आपको आयकर विभाग की ई-फाइलिंग वेबसाइट पर जाकर विकल्प पर क्लिक करना होगा।

# तेल, टिकट और टमाटर सब महंगे! भारत को लगेगा सबसे बड़ा झटका

**नई दिल्ली/तेहरान।** मध्य-पूर्व में तनाव एक बार फिर विस्फोटक स्थिति में पहुंच गया है। अमेरिका की ओर से ईरान को परमाणु संधि के लिए मनाने के तमाम प्रयास विफल होने के बाद, इजरायल ने बीते गुरुवार देर रात 'ऑपरेशन राइजिंग लॉयन' के नाम से बड़ा हवाई हमला किया। इसके जवाब में ईरान ने भी कड़ा रुख अपनाते हुए ड्रोन और मिसाइल हमलों की झड़ी लगा दी। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि अब इसे एक खुला युद्ध माना जा रहा है, और इसका असर सिर्फ इन दो देशों तक सीमित नहीं है – इसका सीधा असर भारत और दुनिया की अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है।



### क्या हुआ अब तक युद्ध का पहला अध्याय

- **इजरायल के हमले:** इजरायल ने ईरान की सैन्य और परमाणु ठिकानों को निशाना बनाकर हमला किया। इसका मकसद था ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकना।
- **ईरान का जवाब:** ।ुक्रवार देर रात ईरान ने इजरायल पर पलटवार करते हुए 200 से ज्यादा मिसाइलें दाग दीं। ड्रोन हमले पहले ही किए जा चुके थे।
- **ईरान का बयान:** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने कहा किइजरायल ने अपनी तबाही खुद तय कर ली है।
- **अमेरिकी चेतावनी:** पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी है कि अगर हालात नहीं सुधरे, तो यह युद्ध बड़े पैमाने पर वैश्विक संघर्ष में बदल सकता है।
- **हवाई यात्रा होगी महंगी:** ईरान और इराक के एयरस्पेस बंद हो चुके हैं, और पाकिस्तान का रास्ता पहले से ही बंद है। अब भारत से यूरोप, अमेरिका और कनाडा की उड़ानों को लंबा रास्ता लेना पड़ेगा। इससे यात्रा का समय और खर्च दोनों बढ़ेंगे, और हवाई टिकट महंगे हो जाएंगे।
- **तेल के दामों में आग:** युद्ध शुरू होते ही कच्चे तेल की कीमतें 9 प्रतिशत तक बढ़ गईं। कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया है कि अगर हालात और बिगड़े, तो क्रूड की कीमतें और 8-9 प्रतिशत बढ़ सकती हैं। भारत अपनी जरूरत का 85 प्रतिशत तेल आयात करता है, इसलिए दाम बढ़ने का सीधा असर मंहगाई और आम जनता की जेब पर पड़ेगा।
- **आयात बिल बढ़ेगा:** कमोडिटी विशेषज्ञों का मानना है कि दो दिनों में क्रूड की कीमतों में 15 प्रतिशत उछाल आया है। अगर यह रफ्तार जारी रही, तो भारत का आयात बिल कई अरब डॉलर तक बढ़ सकता है। इससे सरकार पर आर्थिक दबाव बढ़ेगा।
- **महंगाई का खतरा:** तेल महंगा होने से परिवहन, माल ढुलाई, निर्माण सामग्री, टायर, पेंट्स और ल्यूब्रिकेंट जैसे उत्पाद भी महंगे हो जाएंगे। इसका असर रोजमर्रा की चीज़ों पर पड़ेगा, और खुदरा महंगाई में 0.5 प्रतिशत तक इजाफा हो सकता है।
- **रुपये पर दबाव:** जैसे ही संकट बढ़ता है, निवेशक 'डॉलर' जैसे सुरक्षित विकल्पों की तरफ भागते हैं।
इससे रुपया कमजोर होता है, जिससे आयात और महंगा हो जाता है और ट्रेड और करंट अकाउंट डेफिसिट पर दबाव आता है।
- **खाड़ी में काम कर रहे भारतीयों पर संकट:**लगभग 1 करोड़ भारतीय खाड़ी देशों में काम करते हैं। अगर यह युद्ध और फैला, तो उनकी सुरक्षा और नौकरी दोनों पर संकट आ सकता है।

### कर्मचारियों को बड़ा झटका

## 8वां वेतन आयोग जनवरी 2026 में नहीं होगा लागू

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देशभर में केंद्र सरकार के करीब 1 करोड़ कर्मचारी और पेंशनभोगी इस वक्त एक सवाल को लेकर सबसे ज्यादा उत्सुक हैं ङ्क क्या आठवां वेतन आयोग समय पर लागू होगा इस आयोग से ना सिर्फ सैलरी में बढ़ोतरी की उम्मीद जुड़ी है, बल्कि पेंशन और अन्य भत्तों में भी बड़े बदलाव की संभावना है। लेकिन मौजूदा हालात को देखते हुए यह सपना फिलहाल टलता हुआ नजर आ रहा है।

**जनवरी 2026 की डेडलाइन खतरे में-** एक रिपोर्ट के अनुसार, 8वें वेतन आयोग की शुरुआत तय समय से टल सकती है। याद दिला दें कि 7वां वेतन आयोग फरवरी 2014 में गठित हुआ था और उसकी सिफारिशें जनवरी 2016 में लागू की गई थीं। अब अगर सरकार जून 2025 तक नए आयोग के टीओआर यानी दिशा-निर्देश और अधिकार तय नहीं करती, तो जनवरी 2026 से लागू कर पाना लगभग असंभव माना जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर प्रक्रिया जल्द शुरू नहीं हुई, तो इसका अमल 2026 के आखिर या 2027 की शुरुआत तक खिसक सकता है।

### सरकार से क्या कर रही है कर्मचारी वर्ग की उम्मीद

कर्मचारी यूनियन और पेंशनर्स संगठन लगातार सरकार से 8वें वेतन आयोग की जल्द घोषणा की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि मुद्रास्फीति और जीवनयापन की लागत तेजी से बढ़ रही है, ऐसे में मौजूदा वेतन ढांचा वास्तविक खर्चों को कवर करने में नाकाम हो रहा है। अब तक सरकार की ओर से ना कोई आधिकारिक घोषणा हुई है और ना ही कोई स्पष्ट संकेत। ऐसे में ये कहना मुश्किल है कि आयोग कब तक गठित होगा और उसकी सिफारिशें कब लागू होंगी। पर इतना जरूर है कि देश के करोड़ों कर्मचारियों और पेंशनभोगियों की निगाहें सरकार के अगले कदम पर टिकी हैं।

# ईरान-इजरायल संघर्ष का असर रहेगा जारी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** स्थानीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह ईरान-इजरायल संघर्ष, ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों, मुद्रास्फीति के आंकड़ों और अमेरिकी केंद्रीय बैंक के ब्याज दर पर निर्णय से तय होगी। एक्सपर्ट्स ने यह राय जताते हुए कहा है कि शुल्क से जुड़ी खबरें भी बाजार की दिशा को प्रभावित करेंगी।

**इन कंपनियों के शेयरों में 3-5 प्रतिशत टूटा-** निफ्टी50 कल 1.14 प्रतिशत और सेंसेक्स 1.30 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है। बीएसई मिडकैप इंडेक्स में 0.90 प्रतिशत, बीएसई स्मॉलकैप में 0.13 प्रतिशत, निफ्टी बैंक इंडेक्स में 1.9 प्रतिशत की गिरावट बीते हफ्ते देखने को मिली थी। निफ्टी इंडेक्स में इटरनल, अडानी पोर्ट्स, टाइटन कंपनी, पावर ग्रिड, टाटा स्टील, टाटा कंज्यूमर, महिंद्रा एंड महिंद्रा, ट्रेंट, एचडीएफसी बैंक, श्रीराम फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयरों में 3 से 5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुआ है।

**इजारयल-ईरान तनाव का दिखा असर-** पिछले सप्ताह शेयर बाजारों में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला और भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने के बीच बाजार नुकसान के साथ बंद हुआ। बाजार में जोखिम से बचने की भावना दिखाई दी। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और आपूर्ति में अड़चन की आशंका से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। फाइनेंशियल सर्विसेज कंपनी अल्मंड्ज़ इंस्टिट्यूशनल इक्विटीज के बिक्री प्रमुख केतन विकम ने कहा,इजरायल-ईरान संघर्ष के बीच पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बाद भारतीय शेयर बाजारों का रुख वैश्विक बाजारों से तय होने की संभावना है। बाजार में निराशा देखने को मिल सकती है, जिससे निवेशक जोखिम वाली संपत्तियों से दूरी बना सकते हैं। इसके अलावा कारोबारी बुधवार को फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर निर्णय से पहले सतर्कता बरतेंगे। जापान और ब्रिटेन के केंद्रीय बैंक भी अपनी ब्याज दरों की अलग-अलग घोषणा करेंगे। पिछले सप्ताह शुक्रवार को सेंसेक्स और निफ्टी में करीब एक प्रतिशत की गिरावट आई। कमजोर वैश्विक बाजारों और ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों में उछाल ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया।

**फेडरल रिजर्व की बैठक पर भी रहेगी निगाह-** जियोजीत इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के रिसर्च हेड विनोद नायर ने कहा,आगे की ओर देखें, तो ऊंचे मूल्यांकन और भू-राजनीतिक जोखिमों के बीच निवेशक सतर्कता बरतेंगे। अब सभी की निगाहें आगामी फेडरल रिजर्व की बैठक पर है। भविष्य के नीतिगत संकेतों के लिए फेडरल रिजर्व की टिप्पणी और आर्थिक अनुमान पर सभी की नजर रहेगी। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के सीनियर वाइसप्रेसीडेंट (रिसर्च) अजित मिश्रा ने कहा,आगामी दिनों में भू-राजनीतिक अनिश्चितता और केंद्रीय बैंक की महत्वपूर्ण बैठकों के बीच बाजार में उतार-चढ़ाव रहने की आशंका है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के आगामी नीतिगत निर्णय पर कड़ी नजर रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि घरेलू मोर्चे पर मानसून की प्रगति, कच्चे तेल की कीमतों के रुझान, थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़ों और एफआईआई (विदेशी संस्थागत निवेशकों) की गतिविधियों पर सभी का ध्यान रहेगा। एक्सपर्ट्स ने कहा कि वैश्विक बाजार का रुख और डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल पर भी निवेशक नजर रखेंगे। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के रिसर्च हेड सिद्धार्थ खेमका ने कहा,कुल मिलाकर, हम उम्मीद करते हैं कि कमजोर वैश्विक संकेतों के कारण बाजार में सुस्ती बनी रहेगी, जबकि उद्योग आधारित खबरों से विभिन्न क्षेत्रों की गतिविधियां प्रभावित होंगी।

## इस्राइल-ईरान तनाव से होर्मुज जलडमरूमध्य पर संकट, भारत को क्यों करनी चाहिए चिंता

नईदिल्ली, एजेंसी। इस्राइल ने शुक्रवार तड़के ईरान की राजधानी तेहरान पर हमला किया। इस्राइली सेना ने ईरान के परमाणु ठिकानों को निशाना बनाया। जवाबी कार्रवाई करते हुए शनिवार को ईरान ने भी इस्राइल पर हमला शुरू कर दिया। ईरान-इस्राइल के बीच बढ़ते तनाव की स्थिति पश्चिम एशिया के अलावा भारत जैसे देशों पर भी असर डाल सकती है।

वैश्विक चिंता का मुख्य कारण होर्मुज जलडमरूमध्य है।होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक है क्योंकि यह फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी को जोड़ता है। दुनिया के तेल परिवहन का एक बड़ा हिस्सा इसी रास्ते से गुजरता है। यह ईरान और ओमान के बीच स्थित है। अगर यहां तनाव और बढ़ता है तो तेल की आपूर्ति पर असर पड़ेगा और कीमतें बढ़ जाएंगी। इससे भारत सहित दुनिया भर में ईरान और इस इलाके से आने वाले ईंधन पर निर्भर रहने वाली कई देशों की अर्थव्यवस्थाएं प्रभावित हो सकती हैं। वेल्थ मैनेजमेंट फर्म जूलियस बेयर के अर्थशास्त्री नॉबर्ट रकर ने कहा कि भू-राजनीति वापस आ गई है। ईरान पर इस्राइल के हमले से क्षेत्रीय तनाव बढ़ने की आशंका बढ़ गई है।

ऐसी स्थिति में तेल को हथियार की तरह इस्तेमाल किया जा सकता है और कीमतें बढ़ सकती हैं। स्थिति अब भी अस्थिर हैं। आने वाले दिनों और हफ्तों में पता चलेगा की तनाव कितना बढ़ा है। इसका विशेष रूप से भारत पर असर पड़ रहा है। भारत के दो-तिहाई से अधिक तेल आयात और लगभग आधे तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) आयात होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर ही गुजरते हैं।

## 24 कंपनियां इस हफ्ते ट्रेड करेंगी एक्स-डिविडेंड



**मुंबई।** शेयर बाजार में इस हफ्ते 24 कंपनियां एक्स-डिविडेंड स्टॉक के तौर पर ट्रेड करेंगी। इन 24 कंपनियों में बजाज ऑटो लिमिटेड, रिलायंस इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, टाटा कम्युनिकेशन्स लिमिटेड भी एक है। आइए डीटेल्स में जानते हैं इन कंपनियों के विषय में -

**16 जून 2025 को एक्स-डिविडेंड ट्रेड करने वाली कंपनियां**-टाटा टेक्नोलॉजीज की तरफ से एक शेयर पर 8.35 रुपये का डिविडेंड, एलकेपी सिक्योरिटीज लिमिटेड की तरफ से एक शेयर पर 30 पैसे, टाटा टेक्नोलॉजीज लिमिटेड की तरफ से हर एक शेयर पर 3.35 रुपये और हनीवेन ऑटोमेशन इंडिया लिमिटेड की तरफ से एक शेयर पर 105 रुपये का डिविडेंड दिया जाएगा।

**17 जून को 3 कंपनियां ट्रेड करेंगी एक्स-डिविडेंड-** हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड ने एक शेयर पर 10 रुपये, शंकर बिल्डिंग प्रोडक्ट्स लिमिटेड की तरफ से एक शेयर पर 3 रुपये का डिविडेंड दिया जाएगा।

**18 जून को कौन सी कंपनियां ट्रेड करेंगी एक्स-डिविडेंड-** द्रस्क्वस्रद्धह्ह्ड रस्क्स्र ने 6 मई को बताया था कि एक शयेर पर निवेशकों को 1.25 रुपये का डिविडेंड दिया जाएगा। इस डिविडेंड के लिए कंपनी ने 18 जून को रिकॉर्ड डेट तय किया है।

**19 जून को एक्स-डिविडेंड ट्रेड करने वाली कंपनियां-** रिलायंस इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने एक शेयर पर 3.5 रुपये और पैनासॉनिक कॉर्बन इंडिया कंपनी लिमिटेड ने एक शेयर पर 12 रुपये का डिविडेंड देने का फैसला किया है।

**20 जून को एक्स-डिविडेंड ट्रेड करने वाली कंपनियां-** बजाज ऑटो लिमिटेड की तरफ से एक शेयर पर 210 रुपये, एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड की तरफ से एक शेयर पर 2.1 रुपये, टाटा पावर कंपनी लिमिटेड की तरफ से एक शेयर पर 2.25 रुपये, टॉरेंट फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड की तरफ से एक शेयर पर 6 रुपये, सुप्रीम इंडस्ट्रीज लिमिटेड की तरफ से एक शेयर पर 24 रुपये, ट्रांसकॉर्प इंटरनेशनल लिमिटेड 0.30 रुपये, रॉजरी बॉयोटेक लिमिटेड ने एक शेयर पर 50 पैसे का डिविडेंड देने का फैसला किया है।

## ....और महंगा हो सकता है ड्राई फ्रूट्स, ईरान-इजरायल तनाव और पाक रूट बंद होने से सप्लाई पर दोहरी मार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत में ड्राई फरूट्स और नट्स की कीमतें और बढ़ सकती हैं। व्यापारियों ने



आशंका जताई है कि ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते तनाव के कारण अफगानिस्तान और ईरान से होने वाली आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। भारत में अधिकांश बादाम, अंजीर, पिस्ता और किशमिश जैसे सूखे मेवे इन्हीं देशों से आते हैं। पहले से ही इन उत्पादों की कीमतों में 15 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हो चुकी है, जिसकी एक वजह पाकिस्तान के रास्ते ट्रांसपोर्ट पर रोक लगना है। यह रोक 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद लगी थी। उद्योग से जुड़े लोगों ने सरकार से ईरान के जरिए आने वाले माल पर टैक्स की स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। जानकारों के मुताबिक, ईरान-इजरायल संघर्ष लंबा खिंच सकता है और अगर ऐसा हुआ तो सूखे मेवों की कीमतें और चढ़ सकती हैं। इसका असर आम उपभोक्ताओं पर पड़ेगा, जिन्हें त्योहारों या नियमित उपयोग के लिए इन उत्पादों को अधिक दामों पर खरीदना पड़ेगा।

# दुर्लभ खनिज ऑक्साइड निर्यात पर पुनर्विचार

### भारत-जापान समझौते की नई शर्तों पर मंथन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत सरकार जापान के साथ 2012 में हुए दुर्लभ खनिज ऑक्साइड निर्यात समझौते की शर्तों पर नए सिरे से विचार कर रही है। यह कदम ऐसे समय उठाया जा रहा है जब घरेलू उद्योगों को चीन से मैग्नेट की आपूर्ति में रुकावट के चलते कच्चे माल की कमी का सामना करना पड़ रहा है। समझौते के तहत, भारत की सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई आईआरइएल इंडिया लिमिटेड जापान की टोयोटा त्सुशो को दुर्लभ खनिज ऑक्साइड निर्यात करती है, जिसे बाद में परिष्कृत कर मैग्नेट के रूप में जापान को आपूर्ति किया जाता है। इन मैग्नेट का उपयोग इलेक्ट्रिक वाहनों, पवन टर्बाइनों, एयरोस्पेस और रक्षा उपकरणों में होता है। सूत्रों के मुताबिक, अब भारत इस समझौते को अधिक संतुलित और पारस्परिक लाभकारी बनाना चाहता है। सरकार से जुड़े एक अधिकारी ने कहा,हमने सालों से निर्यात किया है, लेकिन बदले में



कुछ खास नहीं मिला। अब हमारी मांग है कि अगर जापान हमारे दुर्लभ खनिज ले रहा है, तो वह बदले में हमें मैग्नेट की आपूर्ति करे या तकनीक साझा करे।

**घरेलू उद्योगों की मांग और रणनीतिक दबाव-** वाहन उद्योग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा,भारत मैग्नेट उत्पादन में आत्मनिर्भर नहीं है और हमारी लगभग 30-40 प्रतिशत जरूरतें आयात से पूरी होती हैं। जापान इस मामले में हम पर निर्भर है, इसलिए हमें एक ऐसी साझेदारी चाहिए जिसमें तकनीकी सहयोग और स्थानीय उत्पादन दोनों शामिल हों। भारत सरकार की योजना है कि जापान के साथ मिलकर मैग्नेट निर्माण का संयुक्त ढांचा तैयार किया जाए। प्रस्ताव यह भी है कि जापान कुछ मैग्नेट खुद बनाए और शेष का उत्पादन भारत में किया जाए।

### भविष्य की संभावनाएं और उत्पादन क्षमता

भारत में दुर्लभ खनिजों का मुख्य स्रोत मोनाजाइट रेत है, जो आंध्र प्रदेश, केरल, ओडिशा और तमिलनाडु में पाई जाती है। विशेष रूप से केरल की रेत अत्यधिक समृद्ध मानी जाती है। मोनाजाइट में नियोडिमियम और प्रेजोडिमियम जैसे खनिज मौजूद होते हैं, जो उच्च गुणवत्ता के मैग्नेट के लिए जरूरी हैं।
फिलहाल भारत का वार्षिक मोनाजाइट उत्पादन लगभग 5,000 टन है, जबकि आईआरइएल की परिष्कृत करने की क्षमता 10,000 टन तक है। सरकार ने 2032 तक इस क्षमता को 5 करोड़ टन तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा है।

New page 9_page 12 29.05.2025.qxd 15-06-2025 21:30 Page 1



# माओवादी ने जेल में फांसी लगाकर की आत्महत्या

- दुमका में किया था आत्मसमर्पण
- मृतक पर आठ मामले थे दर्ज



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा के ओपन जेल में हार्डकोर माओवादी श्यामलाल देहरी (30 वर्ष) ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। उसका शव वार्ड डी से बरामद किया गया है। श्यामलाल पर आठ मामले दर्ज हैं, उसने दुमका में आत्मसमर्पण किया था। श्यामलाल देहरी को 09 फरवरी 2021 को हजारीबाग ओपन जेल लाया गया था। सुबह गिनती के दौरान एक कैदी कम मिला। इसके बाद जांच शुरू की गई। कैदी व सुरक्षा कर्मियों ने पाया कि अपने ही वार्ड में श्यामलाल देहरी उर्फ संतु देहरी उर्फ सोमालाल देहरी फांसी पर लटका हुआ था। जेल प्रशासन ने उसकी आत्महत्या की पुष्टि की है।

छोटा श्यामलाल दुमका के काठीकुंड थाना क्षेत्र का रहने वाला था। इसे दुमका केंद्रीय कारा से हस्तांतरित कर नौ फरवरी 2021 को हजारीबाग लोकनायक केंद्रीय कारा लाया गया था। जेपी कारा द्वारा इसकी सूचना राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और संबंधित विभाग को उपलब्ध भी कराई गई है।

इससे पूर्व जेपी कारा में भी एक कैदी ने आत्महत्या कर ली थी। लगातार आत्महत्या की घटनाओं ने जेपी कारा में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पूरा परिसर सीसीटीवी से लैस है। इसके बाद भी एक कैदी आत्महत्या कर लेता है और इसकी जानकारी किसी को नहीं मिल पाती है। यह कई सवालों का जन्म देता है।

जेल प्रशासन ने बताया कि चिकित्सक द्वारा जांच करने के बाद कैदी को मृत घोषित कर दिया गया। शव पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया है। घटना के बाद पुलिस महकमा से लेकर पूरे शहर में चर्चा का विषय रहा कि आखिर कड़ी निगरानी और सुरक्षा के दावों के बावजूद कैदी ने किस तरह फांसी लगाने जैसे कदम उठा पा रहे हैं।

## बिजली चोरी में 1344 लोग धराये

**रांची।** राज्य में बिजली की चोरी बदस्तूर जारी है। स्थिति यह है कि झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अविनाश कुमार के निर्देश पर चलाए जा रहे छापेमारी अभियान में तीन दिनों में ही 1,344 लोग बिजली चोरी पकड़े गए।

11 से 13 जून तक चलाए गए अभियान में कुल 109 टीम द्वारा 10,770 परिसर में छापेमारी की गई। इसमें 1,344 लोग बिजली चोरी करते पकड़े गए।

इनके विरुद्ध 2.33 करोड़ का जुमार्ना कर संबंधित थानों में प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई है। सबसे अधिक डालटनगंज में चोरी के मामले सामने आए हैं।

डालटनगंज सर्किल में 136, हजारीबाग में 135 तथा रांची सर्किल में 134 घरों में लोग बिजली चोरी करते पकड़े गए हैं।

वहीं, गुमला में 63, जमशेदपुर में 105, चाईबासा में 102, धनबाद में 80, चास में 89, गढ़वा में 41, दुमका में 54, साहिबगंज में 93, गिरिडीह में 82, देवघर में 90, रामगढ़ में 83 तथा कोडरमा में 57 परिसर में बिजली चोरी के मामले पकड़े गए हैं।

# कोयल नदी में डूबने से बीटेक छात्र की मौत

### दोस्तों के साथ नहाने निकला था मृतक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**लोहरदगा।** सदर थाना क्षेत्र के मन्हो पुल के समीप कोयल नदी में रविवार को डूबने से बीटेक के छात्र की मौत हो गई।

घटना को लेकर स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। लोहरदगा शहरी क्षेत्र के रिहायशी मुहल्ला संजय गांधी पथ निवासी राजेश साहू के पुत्र उत्कर्ष कुमार उर्फ आर्यन (21 वर्ष) के रूप में छात्र की पहचान हुई है।

बताया जाता है कि उत्कर्ष चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में एआई से बीटेक कर रहा था। वह छुट्टियों में अपने घर आया हुआ था।

इसी दौरान उत्कर्ष कुमार उर्फ आर्यन अपने कुछ दोस्तों के साथ रविवार को कोयल नदी में नहाने के लिए गया।

इसी बीच उत्कर्ष अचानक से नदी के पानी में डूब गया। जिसके बाद साथ गए उसके दोस्तों ने उसे नदी से बाहर निकाला। जिसके बाद इसकी सूचना सदर थाना पुलिस को दी गई।

सूचना मिलने के साथ ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर उत्कर्ष को तुरंत इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां पर जांचोंपरांत चिकित्सकों ने उत्कर्ष को मृत घोषित कर दिया।

# हजारों युवतियां काट रही कार्यालयों का चक्कर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी मंईयां सम्मान योजना की अर्हता रखने के बावजूद बीते छह महीने से 18 साल पूरा कर चुकी युवतियां इस योजना का लाभ नहीं ले पा रही हैं। योजना का लाभ लेने के लिए उनका ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन ही नहीं हो पा रहा है। पलामू जिले की 10 हजार से अधिक युवतियां एक जनवरी को 18 वर्ष की उम्र पूरी कर मतदान करने योग्य हो गई हैं। जनवरी से अब तक इनकी संख्या में और इजाफा हुआ है। ऐसी हजारों युवतियां अपने-अपने अंचल कार्यालयों का पिछले छह महीने से चक्कर लगा रही हैं।

अंचल कार्यालय से एक ही जवाब मिलता है कि पोर्टल में इंट्री का विकल्प नहीं होने के कारण आनलाइन रजिस्ट्रेशन नहीं हो रहा है। इसमें वैसी महिलाएं भी हैं, जो किसी कारणवश उस समय रजिस्ट्रेशन नहीं करवा सकी थीं। महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग से जुलाई 2024 में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की शुरूआत हुई थी। उस समय राज्य सरकार का प्रज्ञा केंद्र के साथ करार हुआ था।

प्रज्ञा केंद्र के माध्यम से लाभार्थियों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हो रहा था। आनलाइन रजिस्ट्रेशन में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी पाए जाने के बाद झारखंड सरकार ने दिसंबर 2024 में प्रज्ञा केंद्र के साथ करार समाप्त कर अपना पोर्टल लांच कर दिया।

जिसमें ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की जिम्मेवारी सीओ सह बीडीओ कार्यालय को दी गई। लेकिन,लांच के बाद से ही पोर्टल में तकनीकी गड़बड़ी आने से आनलाइन रजिस्ट्रेशन ठप हो गया। बरहाल, पोर्टल में नया आवेदन इंट्री का विकल्प उपलब्ध नहीं है।

फिलहाल पलामू जिला में 18 से 50 वर्ष तक की 3,49,080 लाख महिला लाभुकों को सीएम मंईयां सम्मान योजना का लाभ मिल रहा है। इनके खाते में डीबीटी के माध्यम से बैंक एकाउंट में हर महीने 2500 रुपए दी जा रही है।

## वन रक्षियों की बहाली प्रक्रिया जल्द

**रांची।** वन एवं पर्यावरण विभाग जल्द ही वन रक्षियों की नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ करेगा। इसके लिए राज्य सरकार से अनुमति मांगी गई है। वन क्षेत्र पदाधिकारी समेत दूसरे पदों पर नियुक्ति के लिए झारखंड लोकसेवा आयोग की प्रक्रिया चल रही है। नई नियुक्तियों के बाद राज्य के वनों की सुरक्षा में और सुधार होगा।

वन एवं पर्यावरण विभाग अभी 1100 वनरक्षियों की नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ करने की योजना बना रहा है। इसमें वन क्षेत्र के आसपास के ग्रामीण युवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। नियुक्ति का काम विधानसभा चुनाव के पहले ही इसे प्रारंभ किया जाना था। अब राज्य सरकार से अनुमति मिलने के बाद इससे संबंधित विज्ञापन जारी किया जाएगा। बता दें कि राज्य में वन रक्षियों के 3883 पद स्वीकृत हैं। इसमें से राज्य में 1625 वनकर्मी ही कार्यरत हैं। राज्य में अभी भी 2500 वन रक्षियों के पद खाली पड़े हैं। वन प्रबंधन में सबसे निचले पायदान पर रहने वाले वन रक्षियों के पास नए लगे पौधों की सुरक्षा समेत कई महत्वपूर्ण कार्य होते हैं।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने किया जेल अदालत सह मेडिकल चेकअप कैंप आयोजित

**नव बिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह की ओर से केंद्रीय कारा, गिरिडीह में आयोजित किया गया जेल अदालत -सह- कानूनी जागरूकता कार्यक्रम एवं बंदियों का मेडिकल हेल्थ चेकअप माननीय झालसा, रांची के निदेर्शानुसार एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह के मार्गदर्शन में आज केंद्रीय कारा, गिरिडीह में काराधीन बंदियों के बीच जेल अदालत -सह- विधिक जागरूकता शिविर एवं बंदियों का मेडिकल हेल्थ चेकअप का आयोजन किया गया इस जेल अदालत सह विधिक जागरूकता कार्यक्रम में सचिव महोदय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह, के मार्गदर्शन में कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली, गिरिडीह, फैयाज अहमद, पुरुषोत्तम कुमार सहायक कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली, गिरिडीह उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली, गिरिडीह श्री फैयाज अहमद , पुरुषोत्तम कुमार, सहायक कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली, गिरिडीह ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह के द्वारा बंदियों को प्रदान किए जाने वाले विभिन्न विधिक सहायता के बारे में बतलाते हुए कहा कि नालसा, नई दिल्ली एवं झालसा, रांची के द्वारा काराधीन बंदियों के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम समय-समय पर चलाए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से उन बंदियों को उचित विधिक सहायता प्रदान की जाती है। इसी के तहत प्रत्येक महीने जेल अदालत का आयोजन किया जाता है।




जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से कारा में संसीमित बंदियों को निरंतर विधिक सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बंदियों के बीच से ही पारा लीगल वॉलिंटियर्स की नियुक्ति की गई है जो निरंतर बंदियों के संपर्क में रहकर उनकी समस्याओं को कारा प्रशासन के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकार तक पहुंचाते हैं जहां जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह के द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए उनकी समस्याओं का समाधान करने की दिशा में कार्य किया जाता है। वैसे बंदीगण जो स्वयं के खर्च पर अपना अधिवक्ता रख पाने में असमर्थ हैं, उनके लिए माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली के निर्देश पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के तहत अधिवक्ताओं की प्रतिनियुक्ति की गई है, जो उन बंदियों के केस में संबंधित न्यायालय में निरंतर पैरवी करते हैं। बंदियों के मामलों की निरंतर मॉनिटरिंग भी जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह के माध्यम से की जाती है।

कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली, गिरिडीह में जितने मुकदमा आये है संबंधित मुदालय को उसके मुकदमा के बारे में विस्तृत विवरण दिया गया जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह के द्वारा जेल में प्रतिनियुक्त पारा लीगल वालंटियर्स को भी इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए आम बंदियों के बीच निरंतर जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने का निर्देश दिया। साथ ही जेल पीएलबी को यह निर्देश भी दिया गया कि इस कारा में कोई भी बंदी अपने कानूनी अधिकारों से वंचित नहीं रहे, इसके लिए वे सभी निरंतर आम बंदियों से संपर्क में रहें, यदि किन्हीं को निःशुल्क अधिवक्ता की आवश्यकता हो तो उसका आवेदन तुरंत कारा प्रशासन के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह के ईमेल आईडी तथा कार्यालय में भेजें। उन बंदियों को तत्काल विधिक सहायता के तौर पर निःशुल्क अधिवक्ता प्रदान किया जाएगा एवं केंद्रीय कारागार में बंद बंदियों का मेडिकल हेल्थ चेकअप डॉ आरपी दास के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे जेल पीएलबी एवं जेल कर्मियों की भूमिका सराहनीय रही।

# फर्जी दस्तावेज लगा कर बैंक से निकाले रुपये




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर।** एक रेल कर्मचारी जिसकी मौत हो चुकी हो चुकी है उसके खाते से फर्जी हस्ताक्षर कर पूरे पैसे निकाल लिए गए हैं। यह मामला है दक्षिण पूर्व, दक्षिण पूर्व मध्य व ईस्ट कोस्ट रेलवे को-आपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी का।

अर्बन बैंक में चुनाव के बाद से ही घोटालों के नए-नए मामले सामने आ रहे हैं। सोसाइटी में अभी 28 फर्जी नियुक्ति का मामला ठंडा भी नहीं हुआ है कि एक और मामला उजागर हुआ है।

जिसमें दो मृत कर्मचारियों के खाते से फर्जी हस्ताक्षर व दस्तावेज जमा कर पैसों की निकासी कर ली गई है। अब इस पूरे मामले में निदेशक मंडल से विभागीय जांच की अनुमति चेयरमैन ने मांग है।

मालूम हो कि अर्बन बैंक में तीनों जोन के लगभग 1.40 लाख कर्मचारी हैं जो अपनी सदस्यता के लिए यहां मासिक अंशदान देते हैं।

रेलकर्मी खादू मुर्मू जिसकी मौत 24 मई 2010 को हो चुकी है लेकिन पांच नवंबर 2015 को उनका फर्जी हस्ताक्षर कर उनके खाते से पूरा पैसा निकाल लिया गया है।

खड़गपुर वर्कशाप में टेक्निशियन के पद पर कार्यरत भरत के खाते से 13 फरवरी 2017 में फर्जी हस्ताक्षर कर 21,917 रुपये निकाल लिए गए हैं। खड़गपुर की रेलकर्मी शकला देवी का भी फर्जी हस्ताक्षर कर 26,575 रुपये उनके खाते से निकाल लिए गए हैं।

सोसइटी में इस पूरे मामले में पूर्व निदेशक श्यामल घोष, खड़गपुर के वरिष्ठ लिपिक सरनेंदु जेना (अक्टूबर 2024 से निलंबित) और कैशियर विवेकानंद बख्शी, खड़गपुर (इन्हें चार्जशीट दिया गया है) के खिलाफ जांच की जा रही है।

इसके अलावा खड़गपुर अर्बन बैंक के पूर्व शाखा प्रबंधक विश्वनाथ पाल के खिलाफ भी विभागीय जांच की अनुमति मांगी गई है जिनके कार्यकाल में इस तरह के घोटाले सामने आए हैं।

# लोगों को जल्द मिलेगी सेल्फी प्वाइंट की सुविधा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़।** उपायुक्त मनीष कुमार की पहल पर रेलवे स्टेशन परिसर में शनिवार को सेल्फी प्वाइंट एवं यात्रियों तथा आमजनों को सुविधा के लिए एटीएम के लिए स्थल का निरीक्षण किया गया।

स्टेशन प्रबंधक लखीराम हेम्ब्रम, वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (कार्य) परितोष रंजन, वरिष्ठ विद्युत अनुभाग अभियंता (सा) राजू कुमार, कनीय दूरभाष अभियंता संजय कुमार ओझा, नगर परिषद के कनीय अभियंता संजीत मालतो, शाहिद सिद्दीकी, ईस्टर्न जोनल रेलवे पैसेंजर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हिसाबी राय, सचिव राणा शुक्ला ने रेलवे स्टेशन परिसर स्थित कार्य स्थल का निरीक्षण किया।

जिला प्रशासन की ओर से नगर सौन्दर्यीकरण के दृष्टिकोण से नगर को सजाने संवारने का कार्य किया जा रहा है, उसी क्रम में रेलवे स्टेशन भी सुंदर एवं स्वच्छ दिखे, इसके लिए उपायुक्त ने पहल की है। जिसका असर भी अब दिखने लगा है।

अपराह्न में जिला प्रशासन की ओर से नगर परिषद के कनीय अभियंता तथा रेल प्रशासन की ओर से के वरिष्ठ पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से स्थल निरीक्षण किया। इसके बाद संयुक्त जांच प्रतिवेदन बनाकर रेलवे के वरीय पदाधिकारी को समर्पित किया गया।

जांचोपरांत स्टेशन प्रबंधक लखीराम हेम्ब्रम ने बताया कि वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे हावड़ा के पत्र के आलोक में सेल्फी प्वाइंट तथा एटीएम कक्ष निर्माण के लिए संयुक्त रूप से स्थल का निरीक्षण किया गया।

इसका संयुक्त जांच प्रतिवेदन बनाकर संबंधित रेल पदाधिकारी को भेजा जा रहा है। इस मौके पर पैसेंजर्स एसोशिएशन के सह सचिव सुशील साहा, अनिकेत गोस्वामी आदि मौजूद थे।

## जैविक खेती को मिलेगा बढ़ावा

**रांची।** राज्य में जैविक उत्पाद को बढ़ावा देने और बाजार उपलब्ध कराने के लिए कृषि विभाग की ओर से खरीदार और विक्रेता (सेलर एंड वायर) सम्मेलन का आयोजन किया गया। शनिवार को ओफाज के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम में अफ्रीकी देश केन्या के साथ देश के कई राज्यों की कंपनियों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।सम्मेलन का का उद्घाटन करते हुए राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि देश में जैविक उत्पाद का बहुत बड़ा बाजार है। राज्य के किसानों को जैविक कृषि वाले मॉडल राज्यों का भ्रमण कराया जाएगा। इससे उनमें जैविक कृषि के लिए जागरूकता आएगी। उन्होंने अगले 10 सालों में इस क्षेत्र में 20 प्रतिशत ग्रोथ की संभावना जताई।

राज्य के किसानों को सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि जैविक कृषि की बारीकियों को नजदीक से देखेंगे और समझेंगे तो राज्य में इसके लिए माहौल तैयार होगा। मौके पर विभाग के सचिव ने कहा कि पर्यावरण और मिट्टी की उर्वरक क्षमता को बचाए रखने के लिए जैविक खेती जरूरी है।

# खासमहल में बनेगा नया मेडिकल कॉलेज




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के खासमहल स्थित सदर अस्पताल के पास स्वास्थ्य विभाग द्वारा नया मेडिकल कॉलेज खोला जायेगा।

खासमहल में 25 एकड़ में बनने वाले इस मेडिकल कालेज का स्थल निरीक्षण करने के लिए शनिवार को स्वास्थ्य विभाग के ज्वाइंट सेक्रेटरी ललित मोहन शुक्ला पहुंचे।

उन्होंने सदर अस्पताल के पीछे मौजूद स्थान को देखा। इसके साथ ही अस्पताल परिसर में बन रहे 100 बेड का प्रीफैब्रिकेडेड अस्पताल को देखा। उन्होंने अस्पताल को जल्द से जल्द शुरू कराने का निर्देश दिया ताकि मरीजों को उसका लाभ मिल सके। इसके साथ ही सदर अस्पताल के उपर 100 बेड का वार्ड बनाना है। उन्होंने बताया कि कुल मिलाकर सदर अस्पताल को 350 बेड का करना है, ताकि मेडिकल कॉलेज खोला जा सके। इसके अलावा ब्लड बैंक, आईसीयू, डायलिसिस सेंटर, ऑक्सीजन प्लांट की सुविधा मानक के अनुसार है।

ज्वाइंट सेक्रेटरी ने सदर अस्पताल में मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी लेने के साथ अस्पताल का निरीक्षण किया।

उन्होंने सिविल सर्जन डॉ. साहिर पाल को कई दिशा निर्देश दिए ताकि मरीजों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके।

# बैठक में जिला कमेटी के गठन का निर्णय



**नव बिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरीडीह।** ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम जर्नलिस्ट वैलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश कानूनी सलाहकार सह गिरीडीह जिला प्रभारी सुभाष कटरियार आज अचानक गिरीडीह पहुंचे जहां प्रदेश सलाहकार तेजिंदर सिंह डिंपल ने उनका स्वागत किया। श्री कटरियार की अगुवाई में ऐसोसिएशन से जुड़े सदस्यों के साथ अरगाघाट स्थित एक सामुदायिक भवन में बैठक संपन्न हुई। सदस्यों को संबोधित करते हुए श्री कटरियार ने गिरिडीह में नई कमिटी के पुनर्गठन पर विचार-विमर्श सह कमिटी विस्तार पर चर्चा की। मौके पर उपस्थित गिरिडीह के वरिष्ठ पत्रकार तजेंद्र सिंह डिम्पल,अभिषेक कुमार सहाय,संजय लाल और बोकारो जिला के संरक्षक रतन सिन्हा ने भी अपने-अपने विचार रखे।

बैठक में निर्णय लिया गया कि जिला कमिटी के गठन को लेकर सारी तैयारी कर ली गई है। उम्मीद की जा रही है कि ऐसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव प्रीतम सिंह भाटिया, झारखंड प्रभारी शैलेंद्र जयसवाल बंटी,प्रदेश प्रवक्ता दशरथ महतो,प्रदेश कानूनी सलाहकार सुभाष कटरियार, बोकारो प्रमंडल प्रभारी राजेश सिंह, कोल्हान प्रभारी अजय महतो सहित अन्य कई पदाधिकारी जिला कमेटी के गठन के दौरान गिरीडीह आएंगे। इसके साथ ही पत्रकार हित के अन्य कई मुद्दों पर भी चर्चा हुई। इस बैठक में अमरदीप सिंह,जीतेंद्र कुमार महतो,संजय सिंह,राज दीप आर्यन सहित अन्य कई पत्रकार मौजूद थे।

# पुलिस अधीक्षक बनीं लायंस क्लब ऑफ मेदिनी नगर की मानद सदस्य

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू) ।** लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर ने जिले की तेजतर्रार व संवेदनशील पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन को मानद सदस्यता प्रदान कर एक ऐतिहासिक पहल की। शनिवार को क्लब की उपाध्यक्ष लायनेस लिली मिश्रा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल एसपी आवास पर पहुंचकर उन्हें क्लब की सदस्यता प्रमाण पत्र, पुष्पगुच्छ व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।



पुलिस अधीक्षक ने लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर की सदस्यता ग्रहण कर प्रसन्नता जाहिर की। साथ ही क्लब द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्य हेतु उज्जवल भविष्य की कामना की। पुलिस विभाग का सहयोग क्लब द्वारा किए जा रहे नेक कार्यों में हमेशा साथ रहने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही एडवोकेट लायनेस लिली मिश्रा ने कहा कि सदस्यता का उद्देश्य केवल एक औपचारिक सदस्यता ही नहीं बल्कि यह पुलिस-जन संवाद, विश्वास व सामाजिक उत्तरदायित्व के नए आयाम स्थापित करने की दिशा में एक प्रयास है। साथ ही सामाजिक परिवर्तन की भूमिका में एक मजबूत नीव है। पुलिस अधीक्षक रिशष्मा रमेशन ने अपने कार्यकाल एक ओर अपराध, उग्रवाद व तस्करी के विरुद्ध कठोर रुख अपनाने के लिए जानी जाती हैं, वहीं दूसरी ओर गरीब, पीड़ित व वंचित वर्गों के लिए एक भरोसेमंद प्रशासक के रूप में सामने आई हैं।

क्लब के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ ने कहा कि हमने पुलिस अधीक्षक को क्लब की सदस्यता देकर केवल एक सामाजिक प्रतीक नहीं जोड़ा बल्कि हमें अब एक मातृत्व शक्ति, मार्गदर्शक, एक अभिभावक व एक प्रेरणा स्त्रोत भी प्राप्त हुआ है। महज दो वर्षों के अल्प कार्यकाल में ही लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर ने समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। गत माह क्लब द्वारा पुलिस अधीक्षक के सहयोग से पुलिस लाइन स्टेडियम में आयोजित मेगा हेल्थ चेकअप कैंप को जबरदस्त सफलता मिली। इस शिविर में पुलिस कर्मियों व उनके परिवारजनों सहित आम नागरिकों ने भी भाग लिया। डॉ. अभय कुमार ने कहा भविष्य में क्लब पुलिस विभाग, प्रशासनिक अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए नियमित रूप से स्वास्थ्य संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराता रहेगा। इससे क्लब को समाज में नई दिशा, नई प्रेरणा व प्रशासन से सीधा संवाद स्थापित करने का अवसर मिलेगा। डॉक्टर निशांत कुमार ने कहा कि कोशिश रहेगी कि एसपी के मार्गदर्शन में क्लब न केवल अपनी गतिविधियों को विस्तृत करेगा बल्कि समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक अपनी सेवाएं पहुंचाएगा। मौके पर मुकेश कुमार अग्रवाल, आनंद वर्धन, सचिव निलेश चंद्र, रणजीत मिश्रा शामिल थे।

# एटीएस की रिपोर्ट से पुलिस अलर्ट मोड में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़।** पड़ोसी देश बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल का फायदा आतंकवादी संगठन उठा रहे हैं। चर्चा है कि वहां के आतंकी संगठन भारत विरोधी साजिश रच रहे हैं।

झारखंड एटीएस की सतर्कता से इस आशंका को और बल मिला है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पिछले दिनों राज्य के पाकुड़ जिला में कथित तौर पर संदिग्धों को आतंकी प्रशिक्षण दिया था। एटीएस की इससे जुड़ी रिपोर्ट आने के बाद पुलिस अलर्ट मोड में है।

दरअसल, एटीएस को कथित तौर पर सूचना मिली है कि प्रतिबंधित आतंकी संगठन जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश का आतंकवादी अब्दुल मम्मुन छह जनवरी को पाकुड़ मुफस्सिल क्षेत्र में आया था।

यहां आकर इस्लामी दवा सेंटर दुबराजपुर में जेएएचए के संदिग्धों के साथ बैठक की और 15 से भी अधिक संदिग्धों को प्रशिक्षण दिया। हालांकि पाकुड़ मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दुबराजपुर या इसके आसपास के ग्रामीण कुछ भी नहीं बता रहे हैं।

वहीं क्षेत्र की पुलिस ने भी इस मामले में अनभिज्ञता जाहिर की है। बहरहाल, एटीएस मामले की जांच में जुटी है। मुफस्सिल थाना क्षेत्र की ओर से क्षेत्र में विशेष निगरानी की जा रही है।

बता दें कि वर्ष 2015 में यहां से आतंकी संगठन जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश के प्रमुख आतंकी इब्राहिम उर्फ लाल मोहम्मद पकड़ा गया था। उस समय पाकुड़ मुफस्सिल थाना क्षेत्र में युवाओं को कथित तौर पर आतंकी संगठन से जोड़ने की साजिश रची गई थी। वर्ष 2015 में पाकुड़ मुफस्सिल थाना पुलिस ने एनआईए के साथ मिलकर बांग्लादेश के आतंकी संगठन जमात-उल-मुजाहिदीन के आतंकी इब्राहिम शेख उर्फ लाल मोहम्मद को हथियार के साथ पकड़ा था। उसे तिलभीट्टा रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया गया था।

आतंकी इब्राहिम ने पुलिस के समक्ष यह स्वीकार किया था कि वह जेएमबी के प्रमुख आतंकी है।

CMYK

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराकर यूरोप में अपना अपराजेय अभियान जारी रखा



**कोटिंच, एजेंसी।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने यूरोप दौरे में अपना अपराजेय अभियान जारी रखते हुए चौथे मैच में ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हरा दिया। मेजबान बेल्जियम को लगातार तीन मैच हराने के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय टीम का मैच मुश्किल माना जा रहा था। लेकिन ऑस्ट्रेलिया पर जीत दर्ज कर भारतीय टीम ने अपनी मजबूती का एहसास कराया और बताया कि बेल्जियम के खिलाफ जीत कोई तुक्का नहीं थी। भारतीय महिला जूनियर टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उस दिन जीत हासिल की है, जिस दिन पुरुष और महिला सीनियर टीम को इसी टीम के खिलाफ 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया की जोसी लॉटन ने पांचवें मिनट में गोल कर बढ़त बनाई। यह गोल पेनल्टी कॉर्नर के जरिए हुआ। भारतीय टीम ने सिर्फ तीन मिनट बाद इसका जवाब दिया। नंदिनी ने आठवें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के जरिए ही गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। पहले क्वार्टर के अंत में भारत की उप कप्तान हिना बानो ने 14वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर का फायदा उठाकर गोल किया और टीम को 2-1 से आगे कर दिया। शेष तीन क्वार्टर में दोनों टीमों ने कई मौके बनाए, लेकिन कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। भारतीय टीम ने अपनी रक्षात्मक क्षमता को मजबूत बनाए रखी और निर्धारित समय सीमा में ऑस्ट्रेलिया को गोल का मौका न देते हुए एक शानदार जीत हासिल की। यह दौरे पर भारत की लगातार चौथी जीत है। इससे पहले भारत ने लगातार तीन मैच बेल्जियम के खिलाफ जीते थे। भारतीय टीम 17 जून को इस दौरे का अपना आखिरी मैच नीदरलैंड के खिलाफ खेलेगी। इस मैच में जीत के साथ भारतीय टीम अपने दौरे का समापन यादगार तरीके से करना चाहेगी।

## सनराइजर्स हैदराबाद की मालकिन काव्या मारन की होने जा रही है शादी?



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सनराइजर्स हैदराबाद की मालकिन काव्या मारन को लेकर एक खबर सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि काव्या जल्द ही शादी करने जा रही हैं. उनके होने वाले पति अनिरुद्ध रविचंदर हैं, जो फेमस म्यूजिक कंपोजर हैं. अब इस पर किसी और की नहीं बल्कि खुद अनिरुद्ध की प्रतिक्रिया आई है. उन्होंने इसकी सच्चाई सबको बता दी है. काव्या मारन सनराइजर्स हैदराबाद के मालिक की बेटी हैं, जो आईपीएल के ऑक्शन से लेकर टीम के हर मैच में नजर आती हैं. 2024 की रनर-अप हैदराबाद इस बार लीग स्टेज से ही बाहर हो गई थी. काव्या की बात करें तो इंस्टाग्राम या किसी अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उनका कोई आधिकारिक अकाउंट नहीं है. वह सिर्फ आईपीएल मैचों के दौरान ही नजर आती हैं. सोशल मीडिया पर दावा किया गया कि दोनों को एक डिनर डेट पर देखा गया. कहा गया कि पिछले 1 साल से काव्या और अनिरुद्ध डेट कर रहे हैं और जल्द ही शादी करने जा रहे हैं.

## भारत-न्यूजीलैंड वनडे और टी-20 सीरीज के शेड्यूल का ऐलान

● **15 साल बाद इस शहर को मिली मेजबानी**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने शनिवार (14 मई) को न्यूजीलैंड के खिलाफ जनवरी 2026 में होने वाली वनडे और टी20 सीरीज के लिए शेड्यूल का ऐलान कर दिया। वडोदरा 15 वर्षों से अधिक समय के बाद पहले पुरुष अंतरराष्ट्रीय मैच की मेजबानी करेगा। न्यूजीलैंड के भारत दौरे की शुरुआत 11 जनवरी को होने वाला पहला वनडे नवनिर्मित कोटम्बी स्टेडियम में होगा, जिसने पहले ही दिसंबर 2024 में भारत और वेस्टइंडीज के बीच तीन महिला वनडे मैचों की मेजबानी की। साथ ही वुमेंस प्रीमियर लीग 2025 के दौरान छह मैचों की मेजबानी की है। वडोदरा ने दिसंबर 2010 में रिलायंस स्टेडियम में अपना आखिरी पुरुष अंतरराष्ट्रीय मैच की मेजबानी की थी, भारत-न्यूजीलैंड एकदिवसीय मैच की मेजबानी की थी। वर्तमान भारतीय मुख्य कोच गौतम गंभीर उस मैच में प्लेयर ऑफ द मैच रहे थे। उन्होंने शतक बनाया था और विराट कोहली ने नाबाद 63 रन बनाए थे।

## दिल्ली जीएम ओपन

# अभिजीत गुप्ता ने चौथा खिताब जीतकर रचा इतिहास



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अभिजीत गुप्ता 21वें दिल्ली इंटरनेशनल ओपन ग्रैंडमास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट (दिल्ली जीएम ओपन) 2025 के निर्विवाद चैंपियन बनकर उभरे। उन्होंने 10 में से 8.5 अंक हासिल कर एशिया के सबसे प्रतिष्ठित ओपन शतरंज इवेंट में रिकॉर्ड चौथा खिताब जीता। 36 वर्षीय गुप्ता ने 10 राउंड में अजेय रहते हुए शानदार प्रदर्शन किया। बेलारूसी जीएम मिहेल निकितेंको पर राउंड 9 में उनकी निर्णायक जीत ने उन्हें बढ़त दिलाई और आईएम अरोण्यक घोष के खिलाफ अंतिम राउंड में ड्रॉ ने उन्हें सीधे खिताब पर पहुंचा दिया। निकितेंको (2520, बेलारूस) 8 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे, उन्होंने भारतीय जीएम दिप्तयान घोष (2573) को टाईब्रेक में पछाड़ दिया। घोष ने तीसरे स्थान पर कब्जा किया, उन्होंने अपने शानदार खेल और जीएम कार्तिक वेंकटरमन पर अंतिम राउंड में महत्वपूर्ण जीत से प्रभावित किया। 8 अंक पर समाप्त होने के बावजूद, आईएम अरोण्यक घोष और जीएम आदित्य एस सामंत टाईब्रेक पर क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहे। शीर्ष 10 में अनुभवी पेशेवरों और उभरते सितारों का सम्मोहक मिश्रण था। वियतनाम के जीएम गुयेन डुक होआ ने 7.5 अंकों के साथ छठा स्थान हासिल किया, उसके बाद भारत के शीर्ष वरीयता प्राप्त जीएम एसएल नारायणन 7वें स्थान पर रहे। अर्मेनियाई जीएम मैमिकोन घारिब्यान और मैनुअल पेट्रोसियन क्रमशः 8वें और 9वें स्थान पर रहे, दोनों ने 7.5 अंक हासिल किए। शीर्ष 10 में किर्गिस्तान के आईएम टोलोगोन टेगिन सेमेटेई भी शामिल रहे, जिन्होंने भी 7.5 अंक हासिल किए - जो टूर्नामेंट के विविधतापूर्ण और प्रतिस्पर्धी क्षेत्र को दर्शाता है।

दिल्ली शतरंज संघ द्वारा आयोजित, इस वर्ष के संस्करण में 20 से अधिक देशों के 2,500 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें 24 ग्रैंडमास्टर शामिल थे, और इसमें 1.21 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड पुरस्कार पूल था। नई दिल्ली में आयोजित इस टूर्नामेंट ने एक बार फिर शीर्ष और उभरते शतरंज खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में अपनी प्रतिष्ठा को मजबूत किया।

इस बीच, छतरपुर के टिवोली गार्डन में आयोजित श्रेणी सी में 1,250 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और कुल पुरस्कार राशि 35 लाख रुपये थी। इस खंड के विजेता तमिलनाडु के दिनेश कुमार एच थे, जिन्होंने 4,00,000 रुपये का शीर्ष पुरस्कार जीता। उनके बाद नैतिक सेठी (3,00,000 रुपये) और सिबी एम (2,00,000 रुपये) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। अन्य उल्लेखनीय पुरस्कार विजेताओं में गीतेश फोगट, साई कृष्णा एस. और एजीएम योगेश कुमार गुप्ता शामिल थे, जो भारतीय शतरंज सर्किट की उल्लेखनीय जमीनी ताकत को दर्शाते हैं। इस ऐतिहासिक संस्करण के समापन के साथ, अभिजीत गुप्ता का चौथा खिताब न केवल एक व्यक्तिगत मील का पत्थर है, बल्कि वैश्विक शतरंज पारिस्थितिकी तंत्र में भारत के बढ़ते प्रभुत्व का प्रमाण भी है - शीर्ष और जमीनी स्तर दोनों पर।

## चार गुणा 100 मीटर रिले स्पर्धा एशिया खेलों के लिए अहम खेलों में शामिल, भारतीय एथलेटिक्स महासंघ का फैसला







**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने 2018 और 2022 एशियाई खेलों में चार गुणा 100 मीटर के रिले स्पर्धा के लिए टीमें नहीं भेजी थी। एएफआई के शीर्ष अधिकारियों को 19 सितंबर से चार अक्तूबर 2026 तक ऐची-नागोया में आयोजित होने वाले एशियाई खेलों में इन दोनों स्पर्धाओं में पदक की उम्मीद है। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए जापान में 2026 एशियाई खेलों के लिए पुरुषों और महिलाओं की चार गुणा 100 मीटर रिले को प्राथमिकता वाली स्पर्धाओं में शामिल किया है। एएफआई के शीर्ष अधिकारियों को 19 सितंबर से चार अक्तूबर 2026 तक ऐची-नागोया में आयोजित होने वाले एशियाई खेलों में इन दोनों स्पर्धाओं में पदक की उम्मीद है। भारत ने 2018 और 2022 एशियाई खेलों में चार गुणा 100 मीटर के रिले स्पर्धा के लिए टीमें नहीं भेजी थी। एएफआई के पूर्व अध्यक्ष आदिल सुमरिवाला ने कहा, एएफआई ने 2026 एशियाई खेलों के लिए पुरुष और महिला चार गुणा 100 मीटर रिले टीमों को प्राथमिकता वाली स्पर्धा में शामिल किया है। रिले टीमों द्वारा लगातार शानदार प्रदर्शन भविष्य के लिए शुभ संकेत है। इस वर्ष अप्रैल में गुरिंदरवीर सिंह, अनिमेष कुजूर, मणिकांत होबलीधर और अमलान बोरगोहेन की चार गुणा 100 मीटर रिले टीम ने 38.69 सेकेंड का समय लेकर 2010 दिल्ली राष्ट्रमंडल खेलों में बनाए गए 38.89 सेकेंड के एक दशक पुराने राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ दिया था। पिछले एशियाई खेलों में चीन (38.29 सेकेंड), जापान (38.44 सेकेंड), दक्षिण कोरिया (38.74 सेकेंड) ने शीर्ष तीन में जगह बनाई थी। महिलाओं की चार गुणा 100 मीटर रिले में अभिनय राजराजन, श्राबनी नंदा, स्नेहा एसएस और नित्या गंधे की टीम ने हाल ही में दक्षिण कोरिया के गुमी में आयोजित एशियाई चैंपियनशिप में 43.86 सेकेंड का समय लेकर रजत पदक जीता।

## बेटी का सपना, पिता का त्याग, अंडे की रेहड़ी लगा बनाया क्रिकेटर, बनी पंजाब टीम की कप्तान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मजबूत इरादे, कड़ी मेहतन और अपनो का साथ यह कुछ ऐसा मिश्रण है जो सफलता की नई कहानी लिख सकता है। फाजिल्का की प्रियंका रानी जो पंजाब अंडर-23 क्रिकेट टीम की कप्तान बन चुकी है, की कहानी भी कुछ ऐसी है जो उनके मजबूत इरादे, कड़ी मेहतन और पिता टेक चंद की तपस्या ने कर दिखाया है। अंडे की रेहड़ी लगाकर बेटी के क्रिकेट के सपने के लिए उसने अपनी ख्वाहिशों को भुला दी। ताकि बेटी के लिए क्रिकेट किट, जूते या कोचिंग की फीस जुटाई जा सके। फाजिल्का के जटियां मोहल्ले की गलियों से निकलकर राष्ट्रीय क्रिकेट के मंच तक पहुंची प्रियंका की कहानी प्रेरणादायक है। उनके पिता टेक चंद ने एक समाचार पत्र को बताया कि जब उन्होंने बेटी की आंखों में क्रिकेट के लिए वही चमक देखी, जो कभी खुद के भीतर थी तो उन्होंने ठान लिया कि बेटी को पीछे नहीं हटने देंगे। उन्होंने बताया जब प्रियंका को पहली बार 18,000 रुपए की महंगी क्रिकेट किट की जरूरत पड़ी तो घर में हालात अच्छे नहीं थे। ऐसे में उन्होंने तीन घंटे अतिरिक्त रेहड़ी लगाई, ताकि बेटी की जरूरत पूरी हो सके। कभी जूतों के लिए तो कभी आने-जाने के खर्च के लिए उन्हें ओवरटाइम करना पड़ा।

टेक चंद ने कहा कि लोगों ने कहा कि बेटा है, उसी पर ध्यान दो, लेकिन मैंने प्रियंका को ही अपना बेटा मान लिया था। दो साल पहले सड़क हादसे में पैर फ्रैक्चर हुआ तो डाक्टरों ने आराम की सलाह दी। लेकिन बेटी की ट्रेनिंग ना रूके इसलिए रेहड़ी लगाना बंद नहीं किया। यह त्याग ही था, जिसने प्रियंका को पंजाब क्रिकेट का चेहरा बना दिया।

● **महिला प्रीमियर लीग अगला लक्ष्य** - बरनाला क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से खेल रही प्रियंका चार साल से वहां का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। उनके खेल को पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन का भी समर्थन मिला है। जनवरी 2025 में बीसीसीआइ की अंडर-23 इंटर स्टेट टी-20 प्रतियोगिता में उन्होंने कप्तानी करते हुए सबका ध्यान खींचा। अब वह वूमेन प्रीमियर लीग में जगह बनाकर देश के लिए खेलने का सपना देख रही है।

● **मेरे पापा मेरे हीरो : प्रियंका** - प्रियंका अपने पिता को अपना हीरो मानती हैं। उन्होंने कहा पापा ने कभी मुझे बेटे से कम नहीं समझा। बचपन से लेकर आज तक उन्होंने मेरी हर जरूरत पूरी की। जब-जब मैं टूटी, उन्होंने संभाला। मेरी पहली किट हो या पहला टूर्नामेंट, सब पापा की वजह से ही संभव हो सका। मेरी कोशिश है कि एक दिन विश्व में अपने पापा का नाम रोशन करू।

## स्टीव स्मिथ ने उंगली की चोट पर दिया अपडेट, वापसी की योजना का किया खुलासा



**लंदन, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने अपनी चोट और क्रिकेट में वापसी पर अपडेट दिया है। आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान उन्हें उंगली में चोट लग गई थी। स्मिथ को उम्मीद है कि वे वेस्टइंडीज के खिलाफ कैरेबियाई दौरे पर होने वाली तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में खेलेंगे। स्टीव स्मिथ के कैच लेने के प्रयास में अपनी उंगली में चोट लग गई और बाद में तीसरे दिन के खेल के दौरान अपनी दाहिनी छोटी उंगली में कम्पाउंड डिस्लोकेशन के बाद उन्हें पास के अस्पताल में एक्स-रे के लिए भेजा गया। स्मिथ के लिए प्रारंभिक रिकवरी काफी अच्छी रही है और 36 वर्षीय खिलाड़ी सर्जरी से बच गए। उनके वेस्टइंडीज के खिलाफ 25 जून से शुरू होने वाली आगामी तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में खेलने का मौका है।

स्मिथ ने कहा, मैं अब आठ सप्ताह तक स्प्लिंट में रहूंगा और शायद कुछ सप्ताह में मैं इसके साथ खेल सकूं। यह मेरी कार्यक्षमता और मैं क्या कर सकता हूं, इस पर निर्भर करेगा, इसलिए यह शायद सबसे अच्छा परिणाम था जिसकी मैं उम्मीद कर सकता था। जब दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा ने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क की गेंद पर गेंद को घेरे में ले लिया, तब स्मिथ हेलमेट पहने हुए पहली स्लिप में खड़े थे और ऑस्ट्रेलिया के इस अनुभवी खिलाड़ी ने उस समय बावुमा के केवल दो रन पर होने के बावजूद मौका गंवा दिया।

## बोरसे-बाबूता की जोड़ी ने वर्ल्डकप में गोल्ड जीता

● **10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड इवेंट में पहले स्थान पर रहे; भारत तीसरे स्थान पर**




**नई दिल्ली, एजेंसी।** बोरसे और अर्जुन बाबूता की भारतीय जोड़ी ने वर्ल्ड कप में 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड इवेंट में चीनी जोड़ी को 17-7 से हरा कर गोल्ड मेडल जीता। आर्य बोरसे और अर्जुन बाबूता की भारतीय जोड़ी ने शनिवार को बर्लिन में खेले जा रहे ढ्ढस्स्न(इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन) वर्ल्ड कप में भारत को दूसरा गोल्ड दिलाया। उन्होंने 10 मीटर एयर राइफल के मिक्स्ड इवेंट में चीन के जिफेई वांग और लिहाओ शेंग को 17-7 से हराकर गोल्ड मेडल जीता। नॉर्वे के जीनेट हेग ड्यूस्टैड और जॉन-हरमन हेग ने के सेगेन मैडालेना और पीटर मैथ्यू फियोरी को 16-14 से हरा कर ब्रॉन्ज मेडल जीता। बोरसे और बाबूता क्वालिफिकेशन में 635.2 के साथ फाइनल में अपना स्थान पक्का किया बोरसे और बाबूता ने पहले 635.2 के क्वालिफिकेशन स्कोर के साथ फाइनल के लिए स्थान पक्का किया। वह दूसरे स्थान पर रहे। बबूता ने क्वालिफिकेशन में 317.7 का स्कोर बनाया जबकि बोरसे ने 317.5 का स्कोर कर। अन्य भारतीय जोड़ी, एलावेनिल वलारिवन और अंकुश जाधव, 631.8 के स्कोर के साथ क्वालिफिकेशन में छठे स्थान पर रहे। इस साल की शुरुआत में, बोरसे ने पेरू के लीमा में वर्ल्ड कप में 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम इवेंट में रुद्राक्ष पाटिल के साथ मिलकर सिल्वर मेडल हासिल किया था। भारत पॉइंट टेबल में तीसरे स्थान पर बर्लिन में खेले जा रहे वर्ल्ड कप में भारत ने चार मेडल के साथ पॉइंट टेबल में तीसरे स्थान पर है। भारत के लिए आर्य बोरसे और अर्जुन बाबूता की जोड़ी ने जहां 10 मीटर राइफल मिक्स्ड इवेंट में गोल्ड जीता, वहीं सुरुचि ने 10 मीटर एयर पिस्टल में गोल्ड जीता। जबकि सिफ्ट कौर समरा और एलावेनिल वलारिवन ने अपने-अपने व्यक्तिगत इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीते थे।

## 17 जून से क्रिकेट में होंगे बड़े बदलाव, आईसीसी ने कर दी घोषणा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने पुरुषों के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के लिए खेल की परिस्थितियों में बड़े बदलावों की घोषणा की है। टेस्ट मैचों के लिए 17 जून, वन-डे इंटरनेशनल के लिए 2 जुलाई और टी20 इंटरनेशनल के लिए 10 जुलाई को नियम परिवर्तन लागू किए जाएंगे। इन बदलावों की सिफारिश आईसीसी पुरुष क्रिकेट समिति ने की थी और रिपोर्ट के अनुसार मुख्य कार्यकारी समिति ने इन्हें मंजूरी दी थी। मुख्य अपडेट में ओडीआई में गेंदों के इस्तेमाल के बारे में एक नया नियम और कन्कशन सब्सटीट्यूट के लिए एक अपडेटेड प्रोटोकॉल शामिल है।

**वनडे मैचों में 34 ओवर के बाद सिर्फ एक गेंद का इस्तेमाल** - अब तक वनडे में दोनों छोर से दो नई गेंदों का इस्तेमाल किया जाता रहा है। लेकिन नए नियम के तहत 34वें ओवर के बाद बदलाव होगा। पारी की शुरुआत से लेकर 34वें ओवर के अंत तक दो गेंदों का इस्तेमाल किया जाएगा, दोनों छोर से एक-एक। हालांकि 35वें ओवर से लेकर पारी के अंत तक, गेंदबाजी टीम द्वारा दो में से केवल एक गेंद का चयन किया जाएगा और दोनों छोर से उसका इस्तेमाल किया जाएगा। अगर मैच शुरू होने से पहले 25 ओवर या उससे कम का हो जाता है, तो शुरू से केवल एक नई गेंद का इस्तेमाल किया जाएगा। बल्लेबाजी और गेंदबाजी के बीच बेहतर संतुलन लाने के लिए आईसीसी ने यह बदलाव किया है।

**सभी प्रारूपों में कन्कशन रिप्लेसमेंट के लिए नए नियम** - आईसीसी ने कन्कशन सब्सटीट्यूट नियम को भी संशोधित किया है ताकि इसे और अधिक संरचित बनाया जा सके और मैचों के दौरान किसी भी तरह की उलझन से बचा जा सके। अब से टीमों को खेल शुरू होने से पहले मैच रेफरी को पांच संभावित सब्सटीट्यूट खिलाड़ियों की सूची सौंपनी होगी। इस सूची में प्रत्येक विशिष्ट भूमिका के लिए एक खिलाड़ी, एक बल्लेबाज, एक विकेटकीपर, एक तेज गेंदबाज, एक स्पिनर और एक ऑलराउंडर शामिल होना चाहिए। यह बदलाव हाल के मैचों में कुछ विवादास्पद क्षणों के बाद आया है। उदाहरण के लिए इस साल जनवरी में भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ एक टी20आई मैच के दौरान बल्लेबाजी ऑलराउंडर शिवम दुबे की जगह गेंदबाजी ऑलराउंडर हर्षित राणा को शामिल किया था। राणा ने तीन विकेट लिए जिससे इस तरह के प्रतिस्थापन की निष्पक्षता के बारे में बहस छिड़ गई। नया नियम ऐसी स्थितियों को रोकेगा क्योंकि यह सुनिश्चित किया जाएगा कि केवल समान विकल्प की अनुमति दी जाए। यदि नामित कन्कशन विकल्प भी घायल हो जाता है, तो मैच रेफरी मूल पांच में से किसी एक प्रतिस्थापन को मंजूरी दे सकता है, लेकिन केवल तभी जब वह उसी खेल भूमिका से मेल खाता हो।

## संक्षिप्त समाचार

### आप के इकलौते विधायक ने छोड़ दी अब्दुल्ला सरकार



**नईदिल्ली, एजेंसी।** जम्मू कश्मीर की राजनीति में बड़ी घटना हुई। यहां के डोडा विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी के इकलौते विधायक मेहराज मलिक ने उमर अब्दुल्ला सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया। समर्थन वापस लेते हुए मलिक ने अपने नेता अरविंद केजरीवाल की भी याद दिलाई। मेहराज के सरकार से समर्थन वापस लेने की सबसे बड़ी वजह भी सामने आई है। मलिक ने शनिवार को उमर अब्दुल्ला सरकार से अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए समर्थन वापस लिया। इससे पहले शुक्रवार को मलिक यह फैसला लिया था, हालांकि, इसकी घोषणा उन्होंने शनिवार को की है। आइए जानते हैं मेहराज मलिक के समर्थन वापस लेने की सबसे बड़ी वजह। मेहराज ने अब्दुल्ला सरकार से समर्थन वापस लेने का ऐलान कर दिया है। इस ऐलान के साथ ही अब गठबंधन वाली उमर अब्दुल्ला की सरकार में एक विधायक की संख्या कम हो गई है। सरकार से समर्थन वापस लेने वजह भी सामने आई है। खुद मलिक ने बताया कि उनके समर्थन वापस लेने की सबसे बड़ी वजह उमर अब्दुल्ला खुद हैं। क्योंकि इस सरकार ने आज से 9 महीने पहले जम्मू-कश्मीर के लोगों से जो वादा किया था, वो निभा नहीं पा रही है। मलिक ने कहा कि उमर अब्दुल्ला सरकार प्रदेश की जनता के लिए कुछ कर नहीं सकती ऐसा नहीं है, बल्कि वो कुछ करना ही नहीं चाहती है। शनिवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए मेहराज मलिक ने समर्थन वापस लेने का ऐलान किया और अपने नेता की भी याद दिलाई। अरविंद केजरीवाल की पहली सरकार की याद दिलाते हुए मेहराज ने कहा कि उनके नेता ने अपने हिसाब से सरकार ना चला पाने के कारण 49 दिन में इस्तीफा दे दिया था, लेकिन उमर अब्दुल्ला सरकार पिछले 9 महीने से सत्ता में है, लेकिन लोगों के लिए कुछ नहीं। मेहराज ने कहा- ऐसा नहीं है कि उमर अब्दुल्ला जनता के लिए कुछ कर नहीं सकते, बल्कि वो कुछ करना ही नहीं चाहते। मेहराज ने कहा कि सेवा के लिए बहाने नहीं, चाह की जरूरत होती है।

### दिल्ली एनसीआर में वीकेंड पर मौसम बदला, तेज तूफानी हवाओं संग बारिश, कुछ जगह गिरे ओले



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-एनसीआर में वीकेंड पर मौसम बदलने से भीषण गर्मी से बेहाल लोगों को आज से थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। रविवार तड़के से ही तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से तापमान में कमी आई है। इस बीच, मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटों के लिए दिल्ली और आसपास के इलाकों में तूफान और तेज हवाओं की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग (आईएमडी) ने कहा, दिल्ली-एनसीआर में गरज और बिजली के साथ मध्यम से तीव्र बारिश, 80-100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। घर के अंदर रहें और जब तक आवश्यक न हो यात्रा करने से बचें। आईएमडी के मुताबिक, सफदरजंग में ओलावृष्टि और गरज और बारिश के साथ दो बार तूफानी हवाएं चलने की भी सूचना मिली है। इस दौरान पहली बार हवा की रफ्तार 82 किमी प्रति घंटे दर्ज की गई, जबकि दूसरी बार यह बढ़कर 104 किमी प्रति घंटा तक पहुंच गई। इस दौरान सफदरजंग में 33.5 मिलीमीटर, लोदी रोड में 32 मिलीमीटर, पूसा 27.5 मिलीमीटर बारिश भी दर्ज की गई है।

# नई दिल्ली स्टेशन से चलने वाली आधा दर्जन ट्रेनें दूसरे स्टेशनों से चलेंगी




**नईदिल्ली, एजेंसी।**
नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर रीडेवलपमेंट का काम शुरू होने से पहले यहां से ट्रेनों को शिफ्ट करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पहले चरण में रेलवे बोर्ड की ओर से छह ट्रेनों को आनंद विहार, पुरानी दिल्ली और हजरत निजामुद्दीन स्टेशन पर शिफ्ट किया जा रहा है। ये गाड़ियां इन स्टेशनों से चलेंगी और वहीं पर अपना सफर खत्म करेंगी। इनके आने एवं जाने का समय तय कर दिया गया है। जल्द ही शिफ्टिंग की तारीख भी घोषित कर दी जाएगी।

रीडेवलपमेंट से पूर्व नई दिल्ली से लगभग 30 गाड़ियों को शिफ्ट किया जा सकता है। बता दें कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का रीडेवलपमेंट का काम पहाड़गंज की तरफ बन रहे मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब के साथ शुरू हो चुका है। अगले वर्ष मार्च माह से पहाड़गंज दिशा में मौजूद बिल्डिंग को तोड़ने की योजना है। इसके बाद चार चरणों में प्लेटफॉर्म भी तोड़कर नए सिरे से बनाए जाएंगे।

इस रीडेवलपमेंट कार्य को शुरू करने के लिए सबसे पहले यहां आने वाली भीड़ को कम करने की आवश्यकता है। इसके लिए यह तय किया गया है कि यहां से चलने वाली कुछ गाड़ियों को आनंद विहार, निजामुद्दीन, पुरानी दिल्ली, शकूर बस्ती, सफदरजंग आदि स्टेशनों पर शिफ्ट किया जाएगा। इससे नई दिल्ली स्टेशन पर भीड़ कम होगी और काम करना आसान रहेगा।

इसे ध्यान में रखते हुए दिल्ली डिवीजन की तरफ से आधा दर्जन रेलगाड़ियों के नाम रेलवे बोर्ड को दूसरे स्टेशनों पर शिफ्ट करने के लिए भेजे गए थे। शुक्रवार को रेलवे बोर्ड के निदेशक (कोचिंग) संजय आर. नीलम ने इसे मंजूरी दे दी है। उनकी तरफ से जारी किए गए आदेश में कहा गया है कि इन गाड़ियों को दूसरे स्टेशनों पर शिफ्ट करने के लिए तारीख तय की जाए। इसके बारे में अलग-अलग माध्ययों से लोगों को अवगत कराया जाए ताकि उन्हें गाड़ी के शुरू होने एवं यात्रा समाप्त होने वाले स्टेशन की जानकारी रहे। रेलवे अधिकारियों के अनुसार नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर बिल्डिंग में उनके महत्वपूर्ण दफ्तर हैं। इसे तोड़ने से पूर्व पहाड़गंज में पार्किंग की जगह एक अस्थायी दफ्तर बनाया जाएगा। इसके लिए जून माह के अंत तक कार्य भी शुरू हो जाएगा। बिल्डिंग को तोड़ने से पहले यहां मौजूद सभी दफ्तरों को इस अस्थायी दफ्तर में भेजा जाएगा। इसके बाद ही रीडेवलपमेंट कार्य शुरू होगा। यह रीडेवलपमेंट कार्य लगभग 45 महीने में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

# दिल्ली के सफदरजंग एंक्लेव में मोबाइल टावर गिरा, बड़ा हादसा टला; तूफानी हवाओं ने मचाई तबाही



**नईदिल्ली, एजेंसी।**
राजधानी दिल्ली में रविवार तड़के भारी बारिश और तूफान के कारण सफदरजंग एंक्लेव बी2 ब्लॉक में एक टावर गिर गया। गनीमत रही कि इस घटना में किसी के हताहत होने या घायल होने की खबर नहीं है। 'आप' के पूर्व विधायक सोमनाथ भारती ने इस घटना की जांच की मांग की है। मालवीय नगर विधानसभा से आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व विधायक सोमनाथ भारती ने कहा, यहां के निवासियों ने इस टावर को यहां न लगने देने के लिए काफी प्रयास किए, लेकिन किसी अधिकारी ने उनकी बात नहीं सुनी। अगर यह टावर लोगों के घरों की तरफ या सुबह के समय गिरता, तो इससे कई लोगों की जान जा सकती थी। यह कुप्रबंधन है।

भीषण गर्मी के बीच दिल्ली के कुछ हिस्सों में रविवार तड़के चली तेज तूफानी हवाओं और भारी बारिश के कारण कल रात सफदरजंग एंक्लेव में एक मोबाइल टावर गिर गया। इससे इलाके की एक सड़क का हिस्सा बाधित हो गया। इस घटना से इलाके के लोगों में डर का माहौल है। हालांकि, बारिश और हवाओं से तापमान में गिरावट आई और हवा की गुणवत्ता में सुधार हुआ है।

मौसम विभाग (आईएमडी) ने शहर के लिए भयंकर आंधी और तेज हवा की चेतावनी जारी की थी, जिसमें निवासियों को घर के अंदर रहने की चेतावनी दी गई। आईएमडी के अनुसार, सुबह के समय राजधानी में गरज और बिजली के साथ मध्यम से तेज बारिश और 80-100 किमी प्रति घंटे की गति से तेज हवाएं चलीं।

सफदरजंग में तो तड़के ओलावृष्टि और गरज के साथ बौछारें दर्ज की गईं। आईएमडी ने कहा कि पहले तूफान में 82 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं, जबकि दूसरे में हवा की अधिकतम गति 104 किमी प्रति घंटे थी।

मौसम विभाग ने निवासियों से सावधानी बरतने का आग्रह किया। आईएमडी की सलाह में कहा गया है, घर के अंदर रहें और जब तक जरूरी न हो यात्रा करने से बचें, क्योंकि उड़ते हुए मलबे और लो विजिबिलिटी के कारण सड़कों पर खतरा है।

# सांस लेने के लिए चाहिए हर महीने 7.5 लाख रुपए, नाखुश है करोड़ों के घर का मालिक



**नईदिल्ली, एजेंसी।**
भारत के शहरों में आबादी बहुत तेजी से बढ़ रही है। इसकी दो वजहें हैं पहली है गांव से निकलकर शहर में बस रहे लोग और दूसरी है जन्मदर। बेहतर सुविधाओं और ज्यादा अवसर की तलाश में लोग शहरों की तरफ भाग तो रहे हैं, लेकिन यहां आकर भी बहुत से लोग खुश नहीं हैं। हाल ही में लिंक्डइन पर गुरुग्राम के एक शख्स ने पोस्ट साझा की है। इस पोस्ट में उसने अपना दर्द साझा करते हुए लिखा है कि उसे हर महीने सिर्फ सांस लेने के लिए 7.5 लाख रुपए खर्च करने पड़ते हैं, यानि अपनी जीवनशैली को बरकरार रखने के लिए हर महीने उस शख्स को साढ़े सात लाख रुपए खर्च करने पड़ रहे हैं।

गुरुग्राम के रहने वाले वैभव जे. नाम के शख्स ने लिंक्डइन पर पोस्ट शेयर करते हुए पूरा ब्योरा भी दिया है। शख्स ने यह भी बताया है कि उनके पास तीन करोड़ रुपए का एक घर भी है। और बाकी चीजों पर होने वाले खर्च को भी वैभव ने साझ किया है। इसमें वैभव ने अपने घर के सारे खर्चों के साथ ही ईएमआई और बच्चों की फीस का खर्चा भी बताया है। वैभव ने तीन करोड़ का घर खरीदा है, जिसकी हर महीने की ईएमआई 2.08 लाख रुपए आती है। कार की ईएमआई 60 हजार रुपए, 65 हजार रुपए महीने की बच्चों की आईबी स्कूल की फीस, 30 हजार घरेलू कर्मचारियों के लिए, 20 नाइट क्लब और डिनर के लिए। वैभव ने बताया कि उन्हें शादियों में लिफाफा भरने के लिए भी 15-20 हजार रुपए देने पड़ते हैं। इसके अलावा भी वैभव ने कई खर्च गिनवाए हैं, जिन्हें जोड़ने पर पूरा खर्च 7.5 लाख रुपए हर महीने हो जाता है। वैभव की यह पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। वायरल पोस्ट में लोगों के रिएक्शन भी सामने आ रहे हैं।

### दिल्ली विधानसभा बनी पेपरलेस, ई-विधानसभा का केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने किया शुभारंभ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विधानसभा अब पूरी तरह पेपरलेस हो गई है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शनिवार को विधानसभा भवन में ई-विधानसभा प्रणाली का औपचारिक शुभारंभ किया। इस मौके पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, उप सभापति मोहन सिंह बिष्ट और पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा भी उपस्थित रहे। आधारशिला रखना विधायी दक्षता और पारदर्शिता के लिए प्रौद्योगिकी को अपनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा, अब मैं कह सकता हूं कि दिल्ली को उस तरह की उत्तरदायी सरकार मिल गई है। नौ करोड़ रुपए की मंजूरी के साथ 108 दिनों के अंदर ई-विधान प्रणाली को लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा, यह आयोजन विधायी शासन के डिजिटलीकरण में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। जबकि कई राज्य पहले ही ई-विधान प्रणाली को सफलतापूर्वक लागू कर चुके हैं।

# दिल्ली में 50 साल पुरानी कॉलोनियों की बदलेगी सूरत, डीडीए लाएगा रीडेवलपमेंट प्लान



**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्लीवालों के लिए अच्छी खबर है। राजधानी दिल्ली की 50 साल या इससे अधिक पुरानी कॉलोनियों के पुनर्निर्माण को लेकर योजना बनाई जाएगी। इसके तहत दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की ओर से बसाई गई लगभग 30 सोसाइटियों और कॉलोनियों को फिर से विकसित किया जाएगा।

बता दें कि उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने इस संबंध में वर्ष 2024 में सरकारी-उद्योग टास्क फोर्स का गठन किया था। इस टास्क फोर्स में डीडीए, दिल्ली राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम (डीएसआईआईडीसी), एमसीडी और भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) शामिल हैं। इस टास्क फोर्स ने उपराज्यपाल और दिल्ली के उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा को इसी सप्ताह रिपोर्ट प्रस्तुत की है।

डीडीए अधिकारियों के अनुसार, टास्क फोर्स की रिपोर्ट में डीडीए की तरफ से विकसित की गई 50 साल व इससे अधिक पुरानी कॉलोनियों के पुनर्निर्माण की सिफारिशें व समाधान दिए गए हैं। रिपोर्ट में शामिल प्रस्तावों को दिल्ली सरकार से मंजूरी मिलने पर इस योजना को आगे बढ़ाया जाएगा। उम्मीद है कि जल्द ही रिपोर्ट के प्रस्तावों को स्वीकृति मिल जाएगी।

दिल्ली में विभिन्न कॉलोनियों में फ्लैटों की खराब हालत को लेकर लोग भी डीडीए को पत्र लिख चुके हैं। डीडीए अधिकारियों ने बताया कि टास्क फोर्स की रिपोर्ट में शामिल प्रस्ताव के साथ मास्टर प्लान के तहत पुरानी कॉलोनियों के पुनर्निर्माण की योजना बनाएंगे।

डीडीए की ओर से इन इलाकों में बसाई गई हैं कॉलोनी सफदरजंग, मस्जिद मोठ, साकेत, ईस्ट ऑफ कैलाश, फ्रेंड्स कॉलोनी, मुनिरका, कालकाजी, मदनगीर, सनलाइट कॉलोनी, कटवारिया सराय, पीतमपुरा, राजौरी गार्डन, शालीमार बाग, नारायणा, वजीरपुर, लॉरेंस रोड, पश्चिम पुरी (पश्चिम विहार में), जनकपुरी, शंकर रोड, विवेक विहार, देशोपुर, नजफगढ़ रोड, प्रसाद नगर, विकासपुरी, गोविंदपुरी, शेख सराय, रोहतक रोड और यमुना पुरी जैसे इलाकों में डीडीए की 50 वर्ष व इससे अधिक पुरानी कॉलोनियां हैं।

# सिख ऑफ अमेरिका के संस्थापक ने खालिस्तान समर्थकों को लताड़ा, ट्रूडो को बताया सबसे कमजोर प्रधानमंत्री



वॉशिंगटन, एजेंसी। सिख ऑफ अमेरिका के संस्थापक और अध्यक्ष जसदीप सिंह जेसी ने खालिस्तान समर्थकों को लताड़ा है। उन्होंने कनाडा के पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो को सबसे कमजोर प्रधानमंत्री करार दिया। उन्होंने कहा कि ट्रूडो के कार्यकाल के दौरान खालिस्तानी समर्थन बढ़ा। यह नए पीएम मार्क कार्नी के नेतृत्व में कम हो जाएगा। उन्होंने कहा कि मार्क कार्नी के प्रधानमंत्री बनने के बाद मुझे लगता है कि खालिस्तानी समर्थन और खालिस्तानी प्रभाव जो हमने अतीत में देखा था, अब ऐसा नहीं होता। जस्टिन ट्रूडो अपने पिता की तरह ही एक बहुत ही कमजोर प्रधानमंत्री थे और उनके पास भारत के खिलाफ एक एजेंडा था, जो खत्म हो गया है। जेसी ने कहा कि अब कनाडा में खालिस्तानी प्रभाव नहीं है। खालिस्तानी आबादी का बहुत ही छोटा हिस्सा है। भारत से बाहर रहने वाले अधिकांश सिख भारत, पंजाब से प्यार करते हैं, और चाहते हैं कि भारत और पंजाब आगे बढ़ें। मैं खालिस्तानियों को सिख भी नहीं मानता क्योंकि वे सिख सिद्धांतों पर काम नहीं करते। उन्होंने जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए पीएम मोदी को कनाडा द्वारा दिए गए निमंत्रण का स्वागत किया और इसे भारत-कनाडा संबंधों का सकारात्मक विकास बताया। उन्होंने पीएम मोदी को आमंत्रित करने के लिए कार्नी की सराहना की और कहा कि यह दोनों देशों के लिए एक नई शुरुआत है। जेसी ने कहा कि पीएम मोदी को आमंत्रित करने का कनाडा का निर्णय बहुत अच्छा है। भारत एक बहुत मजबूत राष्ट्र है। अच्छी समझ की जीत हुई और मैं पीएम मोदी को आमंत्रित करने के लिए कनाडाई पीएम मार्क कार्नी की सराहना करता हूं। यह एक बहुत अच्छे रिश्ते की शुरुआत है। कार्नी ने कहा कि खालिस्तानी आंदोलन के नाम पर दुष्ट तत्व हर तरह का अवैध व्यापार कर रहे हैं। हमने उन्हें मानव तस्करी में शामिल देखा है। जब सभी युवा जो डंकी मार्ग से इन विदेशी देशों में आ रहे थे, उन्हें गुरपतवंत सिंह पन्नू जैसे तथाकथित खालिस्तानी नेताओं द्वारा पीड़ित और हेरफेर किया जा रहा था।

# ईरान-इसराइल तनाव के बीच ओमान में परमाणु वार्ता रद्द



**ओमान, एजेंसी।** मध्य पूर्व में जारी उथल-पुथल के बीच ईरान और इसराइल के बीच बढ़ते तनाव ने अंतरराष्ट्रीय कूटनीति को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। हालिया घटनाक्रम में ओमान में प्रस्तावित अमेरिका-ईरान परमाणु वार्ता रद्द कर दी गई है। यह वार्ता संभावित रूप से ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर किसी समझौते की दिशा में एक अहम क़दम हो सकती थी, लेकिन इसराइल और ईरान के बीच सैन्य धमकियों और कार्रवाई के बीच इसकी संभावनाएं ध्वस्त हो गई हैं। क्या हुआ वार्ता के साथ? ओमान के विदेश मंत्री बद्र अल-बुसैदी ने घोषणा की कि रविवार (15 जून 2025) को मस्कट में होने वाली ईरान-अमेरिका वार्ता अब नहीं होगी। उन्होंने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर लिखाः इस रविवार को मस्कट में होने वाली ईरान-अमेरिका वार्ता अब नहीं होगी। लेकिन कूटनीति और बातचीत ही स्थायी शांति का एकमात्र रास्ता है। यह वार्ता ईरान के परमाणु कार्यक्रम को सीमित करने और प्रतिबंधों में राहत के बदले ईरान की जवाबदेही तय करने के अमेरिकी प्रयासों का हिस्सा थी। ओमान अब तक दोनों देशों के बीच एक शांतिपूर्ण पुल का कार्य करता रहा है। परंतु मौजूदा स्थिति में यह संवाद अब स्थगित हो गया है।

इसराइल के प्रधानमंत्री बिन्यामिन नेतन्याहू ने सीधे तौर पर ईरान को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा : हम बर्दाश्त नहीं कर सकते कि ईरान 20 हज़ार मिसाइलों के उत्पादन की क्षमता विकसित करे। हमने उनकी उत्पादन क्षमता को बर्बाद करने के लिए कार्रवाई की है। नेतन्याहू का यह बयान साफ इशारा करता है कि इसराइल ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल और परमाणु कार्यक्रम को क्षेत्रीय और वैश्विक खतरे के रूप में देखता है। इसके अलावा उन्होंने एक बड़ा दावा भी किया : बहुत जल्द आप तेहरान के आसमान में इसराइली विमान, इसराइली वायुसेना और हमारे पायलटों को देखेंगे। यह एक प्रत्यक्ष चेतावनी है - कि इसराइल ईरान की राजधानी तक हवाई हमले कर सकता है। ईरान के नए राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियान ने भी तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ़ से फ़ोन पर बातचीत के दौरान कहाः ज़ायनिस्ट आक्रामकता जारी रही तो ईरानी सशस्त्र बल और कठोर तथा शक्तिशाली जवाब देंगे। यह बयान ईरान की डिटरेंस पॉलिसी यानी 'आक्रामक रोकथाम' रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है।

# निर्वाचित सरकार की प्रतीक्षा में व्यापारी और निवेशक, भरोसा नहीं जीत पाई अंतरिम सरकार?



**ढाका, एजेंसी।**
बांग्लादेश का व्यापारिक समुदाय और निवेशक देश में स्थिरता और उनके हित में स्थायी नीतियों के लिए एक निर्वाचित सरकार की प्रतीक्षा कर रहे हैं। बांग्लादेश परिधान निर्माता व निर्यातक संघ (बीजीएमईए) ने कहा है कि अंतरिम सरकार के दौरान देश में कोई भी निवेशक निवेश नहीं करना चाह रहा।

संघ के अध्यक्ष महमूद हसन खान बाबू ने कहा, यूनुस की सरकार ने बैंकिंग सुधारों, लूटपाट पर नियंत्रण समेत कुछ अच्छी पहल की हैं लेकिन वह भरोसा हासिल नहीं कर पाई है। कारोबारियों के सबसे अहम संगठन बीजीएमईए ने कहा कि आम तौर पर, एक अंतरिम सरकार के दौरान, निवेशक निवेश नहीं करना चाहते हैं। महमूद बोले- उम्मीद है कि जल्द ही चुनाव होंगे। यह चुनाव एक विश्वसनीय, निष्पक्ष चुनाव होना चाहिए ताकि लोग अपना फैसला दे सकें।

महमूद हसन खान बाबू ने कहा, भारतीय और बांग्लादेशी लोगों के बीच संबंध बहुत अच्छे और बहुत सौहार्दपूर्ण हैं। खासकर पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश में, हमारे पास कुछ समान सांस्कृतिक चीजें हैं। लेकिन समस्या यह है कि जब दोनों तरफ सरकार बदलती है, तो स्थिति भी बदल जाती है। कभी बहुत सौहार्दपूर्ण, कभी एकतरफा प्यार और कभी नाराजगी की स्थिति। यह भारत में सरकार या बांग्लादेश में सरकार पर निर्भर करता है।

**अकुशलता से बंद हुए 4,000 कारखाने:** महमूद बोले, बांग्लादेश में करीब 4,000 अहम कारखाने उनकी अकुशलता, प्राकृतिक आपदाओं, राजनीतिक हालात जैसी मानव निर्मित आपदाओं या बंदरगाहों, बिजली या ऊर्जा में समस्याओं जैसे बुनियादी ढांचे के कारणों से बंद हो चुके हैं। हम ऊर्जा के मुद्दों जैसे गैस, बिजली और मुद्रास्फीति की चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।

# चीन-यूरोप एक्सप्रेस बनी बेल्ट एंड रोड पहल की रीढ़, विश्व कनेक्टिविटी को मिल रही गति




**बीजिंग, एजेंसी।**
चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन च्येन ने एक नियमित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि कनेक्टिविटी बेल्ट एंड रोड पहल (बीआरआई) का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि चीन व्यापक परामर्श, संयुक्त निर्माण और साझा लाभ वाले सिद्धांतों का पालन करता रहेगा, जिससे वह वैश्विक कनेक्टिविटी के लिए एक महत्वपूर्ण प्रेरक शक्ति बना रहेगा। चीन का लक्ष्य अपने स्वयं के विकास से दुनिया को लाभ पहुंचाना और सभी पक्षों के लिए जीत-जीत परिणाम हासिल करना है।

हाल के आंकड़ों के अनुसार, चीन-यूरोप एक्सप्रेस ने पिछले कुछ वर्षों में 1.1 लाख ट्रेनों का आंकड़ा पार कर लिया है, जिसमें 4.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक का कार्गो मूल्य है। कई टिप्पणीकारों का मानना है कि चीन-यूरोप एक्सप्रेस मार्ग से जुड़े देशों के बीच आर्थिक और व्यापारिक सहयोग के लिए यह एक एक्सलेटर बन गया है।

लिन च्येन ने बताया कि चीन-यूरोप एक्सप्रेस बेल्ट एंड रोड पहल की एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। वर्तमान में, चीन के 128 शहरों से चीन-यूरोप एक्सप्रेस सेवाएं शुरू हो चुकी हैं, जो 26 यूरोपीय देशों के 229 शहरों और 11 एशियाई देशों के 100 से अधिक शहरों तक पहुंचती हैं। औसतन हर आधे घंटे से भी कम समय में एक ट्रेन रवाना होती है, जो इस नेटवर्क की दक्षता को दर्शाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### मजदूर का शव तालाब से बरामद

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चीरा चास थाना क्षेत्र के सोलागीडीह तालाब से एस एस कॉलोनी चास के रहने वाले 47 वर्षीय मजदूर गुरुदेव प्रसाद का शव पुलिस ने बरामद किया है। मृतक गुरुदेव प्रसाद शनिवार की दोपहर 3 बजे घर से विवाद कर गमछी पहन कर निकल गए थे। इसके बाद वह नहीं लौटे। मृतक के दामाद रजनीकांत ने बताया कि वह अक्सर झगड़ा कर घर से निकल जाते थे और रात तक लौट आते थे। लेकिन कल वह नहीं लौटे। घर वाले इंतजार करते रहे। आज सुबह तालाब में उनके शव का पता चला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



### जवाहर लाल नेहरू जैविक उद्यान में तेंदुआ की मौत

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) बोकारो के जवाहरलाल नेहरू जैविक उद्यान में मादा तेंदुआ की मौत हो गई। बोकारो स्टील प्लांट के संचार प्रमुख मणिकांत धान ने तेंदुआ की मौत की पुष्टि की है। उन्होंने बताया, वह पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। बीमार तेंदुआ का 6 जून को वेटरनरी कॉलेज, रांची ने इलाज भी कराया गया था। लेकिन उसकी बोकारो जैविक उद्यान में मौत हो गई। उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तेंदुआ की मौत की सूचना वन विभाग को दी गई है। गौरतलब ही कि 6 वर्ष की मादा तेंदुआ का जन्म बोकारो जैविक उद्यान में ही हुआ था। मृत तेंदुआ की मां आज भी जीवित है। तेंदुए की मौत से उद्यानकर्मी काफी चिंतित है।



### रक्तदान शिविर में 51 यूनिट रक्त एकत्रित

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय मानवाधिकार संगठन, सूर्यदेव सिंह मेमोरियल फाउंडेशन एवं मारवाड़ी युवा मंच के संयुक्त तत्त्वावधान में एस ए जे एस ब्लड बैंक के सहयोग से लगाए गए रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में लोगो ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। 51 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। कार्यक्रम में धनबाद के विधायक राज सिन्हा एवं झरिया विधायक रागिनी सिंह भी मौजूद रही। जिला अध्यक्ष शिवम कुमार बजाज एवं युवा शाखा अध्यक्ष सौरभ खंडेलवाल ने फूलो का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। मौके पर सिद्धार्थ गौतम मिनी गौतम ने भी अपने पूरे परिवार के साथ रक्त दान किया जिला अध्यक्ष शिवम कुमार बजाज ने भी रक्त दान किया एवं कहा रक्त दान एक महा दान है जो हम सभी को करना चाहिए। जिससे कभी किसी की मौत रक्त की कमी से ना हो महानगर अध्यक्ष (युवा शाखा) सौरभ खंडेलवाल , महानगर अध्यक्ष आंनद अग्रवाल , विशाल अग्रवाल , अमित दोषी , ऋषभ मित्तल ,रितिक सराफ , दुर्गा केशरी आदि सुमित बर्मन सदस्य मौजूद थे!



### ललपनिया को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलेगा : उपायुक्त

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** श्यामली गेस्ट हाउस में उपायुक्त अजय नाथ झा ने शनिवार देर रात तेनुघाट थर्मल पावर स्टेशन (टीटीपीएस) के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। मौके पर जिला स्तरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे। उपायुक्त ने कंपनी के प्रतिनिधियों से ललपनिया में कारपोरेट सोशल रिस्पांसब्लिटी (सीएसआर) के तहत किए गए कार्य एवं आगे की



योजना के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट जिला को उपलब्ध कराएं। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आजीविका बढ़ोतरी के क्षेत्र में विशेष फोकस करते हुए कार्य करने की बात कहीं। कहा कि हम सबों को मिलकर ऐसा करना है कि अंतरराष्ट्रिय स्तर पर ललपनिया का नाम हो। उन्होंने तेनुघाट डैम के पर्यटन क्षेत्र के विकास की बात कहते हुए ललपनिया को उससे जोड़ने के संबंध में कहा। उपायुक्त ने मधुमक्खी पालन, मछली पालन के दिशा में कार्य करने को कहा। कहा कि यहां के कामगार मेरे परिवार के सदस्य हैं, उनके आजीविका बढ़ोतरी के लिए हमे सभी कार्य को करना है। लुगुबुरू घंटा बाड़ी के सांस्कृतिक झ साहित्यिक महत्व के पहचान को अंतर्राष्ट्रीय पटल पर ले जाना है, इसमें टीटीपीएस की ओर से क्या सहयोग किया जा सकता है, इस पर चर्चा कर जरूरी दिशा - निर्देश दिया।

# तिलैया में रात्रि चौपाल का हुआ आयोजन

## उपायुक्त अजय नाथ झा ने आमजनों से किया सीधा संवाद

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त अजय नाथ झा ने ललपनिया पंचायत स्थित तिलैया गांव से रात्रि चौपाल की शुरूआत की। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को शुरू किया। मौके पर जिला स्तरीय सभी पदाधिकारी झ कर्मी उपस्थित थे। अपने संबोधन में उपायुक्त ने कहा कि आपके चेहरे पर खुशी आएं... इसके लिए पूरा प्रशासनिक परिवार आपके समक्ष आया है। आपको राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं। धरातल पर क्या स्थिति है, जिस उद्देश्य को लेकर सरकार ने योजनाएं बनाई है, उन योजनाओं का आपके जीवन में क्या महत्व है या कोई सुधार की आवश्यकता है, यही जानने के लिए हम सब यहां आएं है। उन्होंने कहा कि पूरा प्रशासन आपके सहयोग के लिए हैं। आपकी समस्याओं को सुनने और उसके समाधान के लिए पूरी व्यवस्था है। इसी क्रम में मैं स्वयं प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को जनता दरबार आयोजित करता हूं एवं सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) एवं अंचलाधिकारी (सीओ) भी प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को जनता दरबार आयोजित करते हैं।





**गर्व करें कि आप आदिवासी समाज से हैं**

उपायुक्त ने कहा कि आप सभी गर्व करें कि आप आदिवासी समाज से हैं। इस क्षेत्र के प्राकृतिक सौंदर्य एवं धार्मिक महत्व के बचाव को लेकर हम सभी साथ है। इसके संरक्षण को लेकर हम मिल जुल कर काम करेंगे। प्रशासन का पूरा परिवार आप सबों के साथ है,कभी झ कभी दैनिक कार्य व्यवस्था के कारण आप सबों से संवाद नहीं हो पाता है, इसलिए ही मैंने इस पवित्र एवं ऐतिहासिक धरोहर से रात्रि चौपाल का आयोजन शुरू करने का निर्णय लिया है। यह क्रम आगे भी जारी रहेगा, मैं आप सबों के बीच का ही हूं, मैं आप सबों के साथ रहकर काम करूंगा।

**बिचौलियों के चक्कर में नहीं आएं, सीधे बात करें**

उपायुक्त ने आम जनों से किसी भी सरकारी कार्य, योजनाओं का लाभ लेने को लेकर किसी बिचौलिया के चक्कर में नहीं आने का अपील किया। कहा कि सभी पदाधिकारीझकर्मी से सीधे बात करें। अगर कोई समस्या हो तो बीडीओ - सीओ या सीधए मुझसे संपर्क करें। सभी मामलों में त्वरित संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की जाएगी। आज मैं आया हूं, आगे से अन्य पदाधिकारी भी आपके बीच आएंगे, सभी आपकी बात सुनेंगे और समाधान करेंगे, इसके लिए मैं प्रशासनिक परिवार की ओर से आश्वस्त करता हूं।

**आजीविका के लिए हर संभव कार्य करेगा प्रशासन**

पूरे जिले में आजीविका के दिशा में क्या बेहतर कार्य हो सकता है, इस पर मंथन किया जा रहा है। प्रशासन इसको लेकर गंभीर है, अजीविका के साधन बढ़ोतरी को लेकर हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस क्षेत्र में मधुमक्खी पालन, मशरूम खेती आदि का बहुत स्कोप है, इस पर आगे कार्य किया जाएगा। उन्होंने जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने को उच्च प्राथमिकता की बताई।

**लोगों ने क्रमवार किया संवाद, एक सप्ताह में होगी कार्रवाई**

रात्रि चौपाल में क्रमवार आमजनों ने संवाद किया। उन्होंने विभिन्न विभागों से संबंधित योजना के लाभ को लेकर आवेदन दिया। जिस पर उपायुक्त ने संज्ञान लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह में प्राप्त सभी आवेदनों पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी। सभी मामलों का निष्पादन किया जाएगा।

**लाभुकों के बीच बांटा गया परिसंपत्ति**

विभिन्न योजनाओं से संबंधित लाभुकों के बीच उपायुक्त अजय नाथ झा, डीपीएलआर मेनका, एसी मो. मुमताज अंसारी, जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, डीसीएलआर चास प्रभाष दत्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालखो आदि के द्वारा परिसंपत्ति का वितरण किया गया।

**पूजा आयोजन समिति के साथ किया बैठक**

उपायुक्त अजय नाथ झा ने श्यामली स्थित गेस्ट हाउस में लुगुबुरू घंटाबाड़ी धोरोमगाढ़ पूजा आयोजन समिति के अध्यक्ष बब्ली सोरेन समेत अन्य सदस्यों के साथ बैठक किया। उनकी बातों को सुना, पूजा के आयोजन में आ रही समस्याओं पर चर्चा करते हुए प्रशासनिक पदाधिकारियों की देख रेख में पूजा के लिए एक अर्गनाइजिंग कमेटी गठित करने की बात कहीं। इस पर समिति के सभी सदस्यों ने सहमति जताई।

**चल रहे विकास कार्यों का लिया जायजा**

उपायुक्त ने लुगुबुरू में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। निमार्णाधीन स्टेज, पार्किंग, चिल्ड्रेन पार्क आदि का जायजा लिया। भवन निगम के कार्यपालक अभियंता के प्राकृतिक सुंदरता को बनाएं रखते हुए निर्माण कार्य में गति लाने का निर्देश दिया। अक्टूबर माह तक लंबित कार्यों को पूरा करने को कहा। वहीं, पत्थर में ओखली के पौराणिक धरोहर को संरक्षित करने का निर्देश दिया।

**बाबा लुगु का किया पूजा अर्चना**

उपायुक्त समेत जिला स्तरीय सभी पदाधिकारियों ने आयोजन समिति के सदस्यों के साथ बाबा लुगु के मंदिर में पूजा अर्चना की। जिला व राज्य के सुख समृद्धि की कामना किया।

# पवन कुशवाहा बने एबीवीपी बोकारो जिला संयोजक

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झारखंड प्रदेश तीन दिवसीय अभ्यास वर्ग इंदुमती सरस्वती विद्या मंदिर चतरा में संपन्न हुई, जिसमें झारखंड के कोने-कोने से प्रोफेसर एवं विद्यार्थी उपस्थित हुए। हर साल की भांति इस वर्ष भी विद्यार्थी परिषद ने अपना अभ्यास वर्ग संपन्न करवाया। अभ्यास वर्ग में विद्यार्थी परिषद अपने कार्यकताओं को प्रशिक्षित करने का कार्य करती है। जिसमें वह अपने कार्यकताओं को कॉलेज कैंपस एवं सामाजिक त्रुटियां को दूर करने की प्रशिक्षण देती है। कार्यक्रम की शुरूआत 12 मई को राष्ट्रीय संगठन सह मंत्री गोविंद नायक द्वारा दीप प्रज्वलित एवं स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा में माल्यार्पण कर के किया गया। उन्होंने प्रशिक्षण का संदेश देते हुए इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। इसके निमित्त टी सत्र के आखिरी दिन 15 जून को प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर मौसमी पल के द्वारा झारखंड प्रदेश के विभाग प्रमुख विभाग संयोजक जिला प्रमुख जिला संयोजक की घोषणा की गई। जिसके निमित्त बोकारो जिला प्रमुख डॉक्टर बिना झा शर्मा को बनाया गया एवं जिला संयोजक पवन कुशवाहा को बनाया गया। कार्यक्रम के आखिरी सत्र में प्रांत संगठन मंत्री निलेश गिरिराज कटारे जी ने झारखंड के सभी कार्यकताओं को संदेश देते हुए कहा कि विद्यार्थी परिषद कॉलेज कैंपस में रहना इतना ही आवश्यक है जितना की इस पर्यावरण में वायु होता है। इस कार्यक्रम में बोकारो जिला से 20 कार्यकर्ता शामिल हुए।



# राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट साप्ताहिक हिन्दू मिलन कार्यक्रम आयोजित करेगा

## बेतहाशा जनसंख्या वृद्धि देश की एकता और अखंडता के लिए गंभीर खतरा : कौशल किशोर

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय हिन्दू फ्रंट धनबाद जिला के प्रमुख कार्यकताओं की एक बैठक रविवार को पुराना बाजार स्थित चंद्रकला होटल में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कौशल किशोर राय, विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश महासचिव विनोद सिंह, प्रदेश सचिव शेष नारायण सिंह एवं प्रदेश सह संयोजक दीपक सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे। जिला अध्यक्ष रोहित महतो द्वारा अतिथियों का स्वागत एवं परिचय कराया गया। बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कौशल किशोर राय ने देश व सनातन संस्कृति की वर्तमान स्थिति पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बढ़ती व अनियंत्रित जनसंख्या वृद्धि देश की एकता और अखंडता के लिए गंभीर खतरा है। इसके नियंत्रण के लिए सख्त कानून बनवाने को लेकर राष्ट्रीय हिन्दू फ्रंट आगामी 11 जुलाई विश्व जनसंख्या दिवस पर सम्पूर्ण देश भर में एक साथ एक समय पर प्रत्येक जिला मुख्यालयों के समक्ष धरना प्रदर्शन करेगा। धरना प्रदर्शन के बाद उपायुक्त के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपेगा। उन्होंने कार्यकताओं से सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए आगामी 11 जुलाई को वृहत आंदोलन एवं संगठन विस्तार की तैयारी में अभी से जुट जाने का आह्वान किया। प्रदेश महासचिव विनोद सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय हिन्दू फ्रंट हिंदू राष्ट्र के लिए कार्य कर रहा है। इसके लिए जरूरी है देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून बने और उसे सभी वर्गों पर सख्ती से लागू किया जाये। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड में संशोधन नहीं, बल्कि इसे पूर्ण रूप से समाप्त किया जाना चाहिए। इसके अलावा पूरे देश में यूनिफॉर्म सिविल कोड जल्द से जल्द लागू करने की आवश्यकता है। प्रदेश सचिव शेष नारायण सिंह ने "जात-पात की करो विदाई, हिन्दू हिन्दू भाई भाई" नारे के तर्ज पर हिंदू समाज को जागरूक एवं एक करने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में इस माह के अंत तक जिला कमिटी के गठन करने, आगामी 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग को लेकर रणधीर वर्मा चौक पर धरना प्रदर्शन करते हुए डीसी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। साथ ही पूरे जिले में साप्ताहिक हिंदू मिलन कार्यक्रम चलाने का निर्णय लिया गया। इसके तहत मंदिरों में प्रत्येक मंगलवार के शाम को सामुहिक हनुमान चालीसा व आरती का आयोजन करना, उसके बाद मिशन हिन्दू राष्ट्र पर चर्चा करना शामिल है। बैठक में पूरे धनबाद जिले के सभी प्रखंड व नगर से आये प्रमुख कार्यकताओं ने भाग लिया। जिसमें प्रदेश व्यवस्था प्रमुख राजेश गुप्ता, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अजय सिंह, संजीव कुमार सिंह, संजय कुमार चौधरी, प्रिंस कुमार मंडल मुख्य रूप से शामिल थे।




# मिथिला सांस्कृतिक परिषद व साहित्यलोक ने साहित्यिक समारोह का किया आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था मिथिला सांस्कृतिक परिषद व साहित्यिक संस्था साहित्यलोक के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल, सेक्टर 4 के विद्यापति सभागार में साहित्यिक समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में वरिष्ठ साहित्यकार विजय शंकर मल्लिक सुधापति की तीन मैथिली पुस्तकों कौटिल्यक अर्थशास्त्र (संक्षिप्त स्वरूप मैथिली पद्य में), आचार्य चाणक्यक अवदान (कथा नीति सूत्र) व प्रहरी पुरुष (संक्षिप्त स्वरूप मैथिली पद्य में) का लोकार्पण किया गया। समारोह का उद्घाटन रांची से पधारे मुख्य अतिथि भारतीय वन सेवा के अवकाश प्राप्त वरिष्ठ अधिकारी व साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त साहित्यकार कुमार मनीष अरविंद, विशिष्ट अतिथि हजारीबाग से आये वरिष्ठ साहित्यकार हितनाथ झा, बोकारो के वरिष्ठ साहित्यकार बुद्धिनाथ झा, विजय शंकर मल्लिक सुधापति, मिथिला सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष जे पी चौधरी, महासचिव नीरज चौधरी, परिषद के निदेशक मंडल के संयोजक राजेन्द्र कुमार, निदेशक मंडल सदस्य अविनाश कुमार झा, परिषद के सांस्कृतिक कार्यक्रम निदेशक अरुण पाठक, साहित्यलोक के संयोजक अमन कुमार झा ने महाकवि विद्यापति की प्रतिमा व माता सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन के बाद दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरूआत अक्षिता पाठक ने महाकवि विद्यापति रचित भगवती वंदना जय जय भैरवि असुर भयाउनि.. व अरुण पाठक ने महाकवि विद्यापति की रचना माधव कते तोर करब बड़ाई.. की सुमधुर प्रस्तुति से की। दूसरे सत्र में काव्य पाठ का आयोजन हुआ। मीनू मिश्रा ने हिंदी कविता संक्षिप्त मुलाकात, रीना यादव ने गीत व गजल, आशुतोष ने 'ये लोग कहां फिर जाएंगे, चंद्रकांत मिश्र ने मैथिली गीत मास बसंत बनल ऋतुराज, राजीव कंठ ने मैथिली कविता के देखत हमरा व मैथिल कोनो जाति नहि अछि पूर्ण समाज, हितनाथ झा ने फेसबुक पर अबिते देखिते व नोर कहां नेनाक सुखयलनि?, शैलजा झा ने पर्यावरण पर कविता, नीलम झा ने हमर पहचान मिथिला थिक व साहित्यलोक केर बढ़ैत कदम, कुमार मनीष अरविंद ने धर्मयुद्ध- धर्मयुद्ध हाथ में थमा दैत अछि शस्त्र व बुद्धि नाथ झा ने मिथिला मैथिल जय जय हो.. सुनाकर सबकी प्रशंसा पायी। समारोह की अध्यक्षता बुद्धि नाथ झा ने की तथा मंच संचालन व अंत में धन्यवाद ज्ञापन अमन कुमार झा ने किया। इस अवसर पर प्रकाश चन्द्र मिश्र, किरण मिश्रा, बटोही कुमार, शंभु झा, मिहिर कुमार झा राजू, प्रदीप कुमार झा, पी के झा चंदन, अविनाश अवि, प्रदीप कुमार, विश्वनाथ झा, गंगेश पाठक, संतोष, सुधा मल्लिक, पूनम मल्लिक, धर्मवीर सिंह, विनोद कुमार सहित अन्य काव्य प्रेमी श्रोता उपस्थित थे।



# समाहरणालय से की गई धरती आबा जन भागीदारी अभियान की शुरूआत

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय सभागार से एडीएम लॉ एंड आर्डर पीयूष सिन्हा द्वारा दीप प्रज्वलित कर भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय की ओर से 15 से 30 जून तक चलाए जाने वाले धरती आबा जनभागीदारी अभियान की शुरूआत की गई। इस दौरान उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिस्थितियों का वितरण कर लाभुकों को शुभकामनाएं दिए। समाहरणालय सभागार से सोलर पंप, धोती साड़ी, वन पट्टा, बीज, मूंगफली, रोजगार नियुक्ति पत्र, मछली पालन हेतु मछली जीरा एवं जाल का वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि धनबाद जिला के 196 गांव में यह कैम्प का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने अभियान के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए बताया कि जनजातीय बहुल गांवों में कैंप लगाकर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, सिकल सेल मिशन, पीएम जनधन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम विश्वकर्मा योजना एवं पीएम आवास योजना जैसी 25 से अधिक सरकारी योजनाओं सहित राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ योग्य लाभुकों को एक साथ देने का प्रयास होगा। उन्होंने आमजनों से अपील की कि वे इन शिविरों में आकर योजनाओं का लाभ उठाएं और अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी निभाएं। मौके पर जिला कल्याण पदाधिकारी नियाज अहमद, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनिता कुजूर, कार्यपालक अभियंता पेयजल, डीआईओ, एलडीएम समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहें।



# भाजपा की प्रदर्शनी का संजय सेठ व सीपी सिंह ने किया उद्घाटन

**रांची/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित मोदी सरकार 11 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष में महानगर भाजपा की ओर से आज रांची में एक प्रदर्शनी लगाई गई। 11 साल की उपलब्धियां पर लगाई गई इस प्रदर्शनी का उद्घाटन केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और रांची के विधायक सीपी सिंह ने किया। प्रदर्शनी के माध्यम से केंद्र सरकार की उपलब्धियों को बताने का प्रयास किया गया है। बाद में पत्रकारों से बातचीत में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 11 वर्षों के दौरान देश की तकदीर और तस्वीर में बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि कश्मीर से कन्याकुमारी तक गांव,टोला और पंचायत में विकास के कार्य हुए हैं।

रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि लोगों का मानना है कि मोदी का मतलब विकास है। रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि पहलगाम की घटना के बाद देशवासियों में पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ आक्रोश था लेकिन इस बात का विश्वास था कि सर्जिकल स्ट्राइक करने वाली सरकार इस घटना का बदला जरूर लेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार के नेतृत्व में तीनों सेना ने मिलकर ऑपरेशन सिंदूर चलाया। इस दौरान आतंकवादियों के 9 ठिकानों को ध्वस्त किया गया जबकि पाकिस्तान के 11 एयर बेस को तबाह कर दिया गया। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का डिफेंस सेक्टर आत्मनिर्भर हुआ है। एक दौर था जब भारत रक्षा उत्पाद का बड़ा आयातक होता था वही आज रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में भारत की पहचान निर्यातक देश के रूप में हो रही है। मौके पर रांची के विधायक सीपी सिंह ने भी 11 वर्षो के दौरान केंद्र सरकार की उपलब्धियों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में समाज के सभी वर्ग के लिए अनवरत कार्य किए गए हैं। उन्होंने कहा कि एक दौर था जब बिना बैंक गारंटी के किसी का खाता नहीं खुलता था वही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में 50 करोड़ से ज्यादा लोगों के जनधन खाते खुले हैं।

उन्होंने कहा कि मुद्रा लोन योजना का आज बड़े पैमाने पर छोटे और मंझौले वर्ग के व्यवसाई लाभ उठा रहे हैं। स्वच्छता अभियान के तहत देशभर में बड़े पैमाने पर शौचालय का निर्माण कराया गया है। शहरी और ग्रामीण इलाकों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लोगों को पक्के घर का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज देश भर में रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प किया जा रहा है।




# जीवन कौशल एवं सुरक्षा कानून पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**कसमार (बोकारो)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कसमार प्रखंड के दुगार्पुर पंचायत भवन में किशोरियों एवं युवा महिलाओं को जीवन कौशल एवं कानूनी सहायता पर सहयोगिनी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान घरेलू हिंसा, मानव तस्करी बाल विवाह, पोक्सो एक्ट, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न एवं मौलिक अधिकारों के बारे में जानकारी किया गया । इस दौरान बेरमो कोर्ट की अधिवक्ता कल्याणी ने बताया कि महिलाओं के हित में कई प्रकार के कानून है , जिसे हमें जानना बेहद जरूरी है । सबसे पहले तो हमारे संविधान में जो मौलिक अधिकार दिए गए हैं जिसमें समानता का अधिकार, स्वतंत्रता का अधिकार, शोषण के विरुद्ध अधिकार, धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार सहित 6 मूलभूत अधिकार है । हमारे मौलिक अधिकार का हनन होने पर हाई कोर्ट या सुप्रीम कोर्ट में रिट पिटिशन दे सकते हैं । प्रशिक्षक ने बताया कि पोक्सो कानून 18 साल से कम उम्र के बच्चों को शारीरिक एवं मानसिक भावनात्मक हिंसा के शिकार होने से कानूनी तौर पर संरक्षित करता है। कोई भी व्यक्ति अगर किसी नाबालिक के साथ छेड़छाड़ जबरदस्ती परेशान करता या गलत तरीके से छेड़ना, गंदे चित्र दिखाना, गलत तरीके से इशारा करना, बल पूर्वक बलात्कार का प्रयास करना कानूनी अपराध है। घरेलू हिंसा एवं बाल विवाह निषेध अधिनियम के बारे में चर्चा करते हुए बताया गया कि 18 साल से कम उम्र में लड़की एवं 21 साल से कम उम्र में लड़के के शादी कानूनन जुर्म है, अगर कोई बाल विवाह करवाता है या करवाने में सहयोग करता हे तो उन्हें जेल की सजा भी सकती है। उन्होंने बताया कि आईपीसी की धारा 498 ए विवाहित महिला को उसके पति या ससुराल पक्ष के द्वारा की गई क्रूरता से संरक्षित करता है। जो कोई भी पति या उसके रिश्तेदार विवाहित महिला के साथ क्रूरता करता है, तो उसे 3 साल की सजा (कारावास) और जुमार्ना का भागी होना पड़ेगा। सहयोगिनी संस्था के समन्वयक प्रकाश कुमार महतो ने बताया कि सहयोगिनी संस्था कसमार प्रखंड के 30 गांवों में किशोरियों एवं युवा महिलाओं के संवर्धन एवं नेतृत्व क्षमता विकसित करने को लेकर काम कर रही है। इन गांवों में किशोरियों एवं महिलाओं को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाए जैसे सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना, कन्या दान योजना, स्कॉलरशिप, साइकिल योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना एवं कौशल विकास से जोड़ कर उनके जीवन को बेहतर बनाने का काम किया जा रहा है। जीवन कौशल के प्रशिक्षण से उनके अंदर संचार कौशल, निर्णय लेने एवं समस्या का समाधान करने के गुणों को विकसित किया जा रहा है। दुगार्पुर पंचायत की एनिमेटर बिनीता देवी ने बताया कि किशोरियों के साथ समूह बना कर उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ने एवं विभिन्न प्रकार के हिंसा से रोकथाम को लेकर कार्य कर रहे है। मौके पर मालावती कुमारी, प्रीति कुमारी,नेहा कुमारी, सबनम प्रवीण, डोली कुमारी, शोभा कुमारी, प्रियंका कुमारी, ज्योति रानी, शोभा कुमारी,पिंकी देवी, श्रुति नायक, प्रमोद कुमार नायक आदि उपस्थिति थी।







स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर- 31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल फोन नंबर- 9431145665 8210783623 आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655 E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK